नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार 25 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 218 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

अच्छा जीवन देने के लिए झरिया मास्टर प्लान तैयार : केंद्रीय कोयला मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

धनबाद। केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी दो दिवसीय धनबाद दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन कोयला मंत्री बेलगड़िया टाउनशिप पहुंचे। बेलगड़िया में जिला प्रशासन द्वारा उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कोयला मंत्री शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने टाउनशिप में सोलर लाइट का उद्घाटन किया। इसके साथ ही बेलगड़िया में फ़ेज 6,7 और 8 का शिलान्यास किया। केंद्रीय कोयला मंत्री ने उद्घाटन के बाद प्रशासनिक भवन का जायजा लिया। समारोह के दौरान कोयला मंत्री ने टाउनशिप में बसे लोगों द्वारा वर्तमान में आ रही कठिनाइयों के बारे में जानकारी दी। लोगों द्वारा दिए गए सुझावों को केंद्रीय कोयला मंत्री और डीसी ने नोट किया। लोगों द्वारा विवाह भवन, अलग पंचायत, पोस्ट ऑफिस, प्ले ग्राउंड समेत अन्य मांगे रखी। वहीं लोगों ने किसी की मृत्यु हो जाने पर 10 हजार रुपए अंतिम संस्कार के लिए दिए जाने की मांग भी की। टाउनशिप में बसे कुछ लोगों ने शिकायत में कहा कि वे यहां बसे जरूर हैं लेकिन उनका नाम अब तक सर्वे में नहीं है, जिस कारण उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई के लिए कई दस्तावेज की जरूरत होती है लेकिन सर्वे में नाम नहीं होने की वजह से सारे काम अटक जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हर महीने विस्थापितों की रिपोर्ट भेजनी पड़ती है जिसके लिए हमें सभी के बीच आना पड़ता है। प्रभावित लोग जो अब भी अग्नि प्रभावित और भूधंसान क्षेत्र में रह रहे हैं, उनसे अपील है कि वे भी एक स्वच्छ वातावरण में आकर रहें। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने टाउनशिप के जन औषधि केंद्र में लोगों को स्थापित करने का आश्वासन दिया है। लोगों को 99 साल की लीज पर यहां आवास दिया जा रहा है, यह लीज नहीं बल्कि एक पट्टा है, आपके आने वाली पीढ़ी दर पीढ़ी को इस आवास का मालिकाना हक होगा। केंद्रीय कोयला मंत्री ने लोगों की समस्या सुनने के बाद कहा कि सम्मान और सुरक्षा के साथ सुविधा देना हमारा काम है। यह कोई राजनीतिक कार्य नहीं है बल्कि यह हमारा दायित्व है। लोगों को बसाने के लिए भारत सरकार पैसे की चिंता नहीं कर रही है। बल्कि बेहतर जीवन देने के लिए झरिया मास्टर प्लान को तैयार किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि लोगों के सुझाव के आधार पर अलग अलग योजना बनाई जाएगी। प्रभावित परिवारों को पूरी जिम्मेदारी के साथ बसाने का काम करेंगे। केंद्र और राज्य सरकार लोगों के बेहतर के लिए काम कर रही है। वहीं मंच से डीसी आदित्य रंजन ने वर्तमान में दी जाने

वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही निकट भविष्य में जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी है, उसके बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। समारोह के मंच पर केंद्रीय कोयला मंत्री के साथ धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह, कोल इंडिया चेयरमैन बी साईराम, बीसीसीएल सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल और धनबाद डीसी आदित्य रंजन, एसएसपी प्रभात कुमार मौजूद रहे। कोयला मंत्री के संबोधन को सुनने के लिए समारोह में टाउनशिप में बसे स्थानीय लोग भी उपस्थित हुए। इसके पूर्व केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी आईआईटी आईएसएम कैंपस में स्थित रामधनी चाय दुकान पहुंचे जहां संस्थान के छात्रों के साथ चाय पर चर्चा की और साथ में बैठकर चाय का लुत्फ भी उठाया। चाय पर चर्चा के दौरान छात्रों ने झरिया की समस्याओं को कोयला मंत्री के समक्ष रखा और केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया । वहीं, छात्रों ने कहा कि झरिया में जिस तरह से माइनिंग हो रही है, ओबी डंप के कारण लगातार प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है जिसका प्रभाव आम लोगों के स्वास्थ्य के ऊपर पड़ रहा है। लोग गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। छात्रों ने कहा कि प्रदूषण के प्रभाव के कारण बच्चे दिव्यांग पैदा हो रहे हैं। यह स्थिति अभी झरिया की है लेकिन अगर यही हाल रहा तो भविष्य में यह स्थिति पूरे धनबाद की भी हो सकती है। इस पर मंत्री ने छात्र को जवाब देते हुए कहा कि झरिया में लगी आग के कारण जो गैस निकल रही है, इस पर काबू पाना एक बात बड़ी चुनौती है। इन इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए 30 हजार आवास बनाए गए हैं। उनके लिए बेहतर सुविधाएं और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। झरिया में आग लगे हुए सौ साल से भी अधिक समय हो चुका है और स्थिति यह है कि कमर्शियल माइनिंग भी उस इलाके में चल रही है। उन इलाकों में बसे लोगों के लिए सरकार पहल कर रही है। कोल इंडिया और बीसीसीएल अधिकारियों के साथ एक बैठक रखी गई है। मंत्री ने कहा कि आजादी के पहले से इन इलाकों में माइनिंग हुई है। डीप में कोल छूट जाते हैं। माइंस क्लोजिंग का कार्य साइंटिफिक तरीके नहीं किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी का आदेश है कि चाहे जितने हजार करोड़ खर्च हो, माइंस क्लोज एक्टिविटी को हर हाल में करना है। पर्यावरण के क्षेत्र में काम करना है। माइनिंग में फिशरीज संसाधन को बढ़ाना है। सभी संस्थान को इसमें आगे लाया जाएगा। इसके लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। इस पर एक छात्रा ने सवाल किया कि छात्राओं को माइनिंग सेक्टर में प्लेसमेंट कम मिलता है जिस पर मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में माइनिंग सेक्टर में काफी महिलाओं को नौकरी मिल सकेगी। लेबर कोड में इसके प्रावधान भी किए हैं। माइनिंग सेक्टर की कंपनियों में हम एक शिफ्ट महिलाओं की करने जा रहे हैं। बहुत जल्द यह लोगों को देखने को मिलेगा।

संक्षिप्त समाचार

डीजीपी ने किया ओपन जेल का निरीक्षण

हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)। डीजीपी का पदभार ग्रहण के बाद पहली बार झारखंड की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने हजारीबाग का दौरा किया। डीजीपी तदाशा मिश्रा ने हजारीबाग में ओपन जेल का निरीक्षण किया। यहां डीजीपी उन नक्सलियों का हाल जानने पहुंचीं, जिन्होंने अपनी इच्छा से पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। डीजीपी तदाशा मिश्रा ने सरेंडर किए नक्सलियों से बात की और वहां बंद नक्सलियों के रहन सहन को ध्यान से देखा। इस दौरान डीजीपी ने बंदियों के बीच 1 घंटे 45 मिनट के आसपास अपना समय बिताया। निरीक्षण के दौरान डीजीपी से वहां कई बंदियों ने अपनी बातों को साझा किया।

एसीबी ने पंचायत सचिव को दबोचा

हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)। केंद्र सरकार की गरीबों के लिए महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास मे भी भ्रष्टाचार होने लगी है। जिले के हुवाग पंचायत के सचिव प्रभु नारायण सिंह को पीएम आवास योजना में रिश्वतखोरी के आरोप में एसीबी की टीम में गिरफ्तार किया है। पंचायत सचिव की गिरफ़्तारी उस व्यक्त हुई जब इस योजना में लाभुक से पहली किश्त जारी करने के बादले रिश्वत की रकम ले रहा था। लाभुक की शिकायत के बाद एसीबी ने जाल बिछाया और पंचायत सचिव को दबोचने में कामयाब हुए।

कमरे में मिला युवक का शव

पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)। नगर थाना क्षेत्र के राजापाड़ा में 25 वर्षीय युवक का शव उसके घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। बुधवार सुबह हुई इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। हाल के दिनों में उस पर ड्रग्स बेचने के आरोप भी लगे थे लेकिन उसने कई ड्रग्स विक्रेताओं को पकड़वाने में पुलिस मदद भी की थी। मृतक की पहचान प्रसिद्ध लकड़ी मिस्त्री आशीष कांति दुबे के इकलौते पुत्र देवाशीष दुबे के रूप में हुई है।

झाड़ग्राम-पुरुलिया एक्सप्रेस 2 जनवरी से रद्द

जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)। दक्षिण पूर्व रेलवे ने 2 जनवरी से अगले आदेश तक 18 मेमू ट्रेनों को रद्द करने का आदेश जारी किया है। इसमें 13 ट्रेनें 2 जनवरी से तो 5 ट्रेनें 3 जनवरी से रद्द रहेगी। ट्रेनों के रद्द रहने से नये वर्ष में लोकल की सवारी करने वाले यात्रियों को परेशानी होगी। रद्द ट्रेनों में झाड़ग्राम-पुरुलिया, खड़गपुर-बेलदा, विशनुपुर-धनबाद, धनबाद-बाकुरा, बाकुरा-यशवंतपुर, खड़गपुर-झाड़ग्राम, झाड़ग्राम-खड़गपुर, पुरुलिया-झाड़ग्राम, चक्रधरपुर-राउरकेला, राउरकेला-झारसुगोड़ा, झारसुगोड़ा-संबलपुर, संबलपुर-झारसुगोड़ा, बेलदा-खड़गपुर, राउरकेला-चक्रधरपुर मेमू समेत अन्य शामिल है।

दो से अधिक बच्चे वाले नहीं लड़ सकेंगे निकाय चुनाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। नगर निकाय चुनाव में दो से अधिक बच्चे वाले उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इतना ही नहीं हर प्रत्याशी को चुनाव नामांकन के वक्त एक शपथ पत्र देना होगा कि निर्धारित कट ऑफ तक उन्हें दो बच्चे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसको लेकर सभी जिलों को निर्देशित किया है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद के अनुसार इस संबंध में नगर विकास द्वारा पूर्व में निकाली गई चिट्ठी को आधार मानकर इसका कड़ाई से पालन कराने का सभी जिलों को निर्देशित किया गया है। निर्वाचन तैयारी की जानकारी देते हुए आयोग के सचिव ने बताया कि वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया सभी जिलों में पूरी कर ली गई है और आयोग को इस संबंध में रिपोर्ट

नामांकन में सभी प्रत्याशियों को शपथ पत्र देना अनिवार्य

प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव तैयारी को लेकर जल्द ही सभी जिलों के डीसी-एसपी के साथ वीडियो कॉफ्रेंसिंग कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली जाएगी। नगर निकाय चुनाव में आरक्षण के कारण यदि आप उस वार्ड में चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं तो घबराने की कोई जरूरत नहीं है। आप अन्य किसी भी वार्ड से चुनाव लड़ सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में हाल ही में वार्डों के तय हो रहे आरक्षण के बाद मिल रही शिकायत के बाद सभी जिलों को दिशा निर्देश जारी किया है। आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद के अनुसार महापौर, अध्यक्ष और वार्ड सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की योग्यता से जुड़े दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुसार प्रत्याशी का संबंधित नगर निकाय का मतदाता होना अनिवार्य होगा। हालांकि नगर निकाय की मतदाता सूची में शामिल व्यक्ति उस निकाय के किसी भी वार्ड से चुनाव लड़ सकता है, बशर्ते प्रत्याशी को वार्ड में लागू आरक्षण नियमों का पालन करना होगा। बहरहाल, चुनावी तैयारियों के बीच तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि फरवरी में चुनाव कराए जा सकें।

ट्रैक्टर से टकराई बाइक तीन लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

चाईबासा। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत आचु गांव में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तब हुआ जब एक अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खड़े लकड़ी लदे ट्रैक्टर से टकरा गई। जानकारी के अनुसार चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जड़ी-बूटी की दवा बनवाने चीरु हाट गए थे। देर रात घर लौटते समय आचु गांव के पास एक मोड़ पर उनकी बाइक सड़क पर खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सभी युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को चाईबासा सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल एक युवक की हालत नाजुक बनी हुई है जिसे बेहतर इलाज के लिए निगरानी में रखा गया है। फिलहाल मृतकों व घायल की पहचान नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक पुलिस के पहुंचने से पहले ही अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गया। ट्रैक्टर पर लकड़ी लदी हुई थी और वह सड़क किनारे बिना किसी चेतावनी संकेत के खड़ा था। इधर घटना की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ट्रैक्टर मालिक और फरार चालक की पहचान करने में जुटी हुई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

भाकपा माओवादी के दो सदस्य गिरफ्तार

चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)। पश्चिमी सिंहभूम जिले की मनोहरपुर पुलिस ने प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बताया जाता है कि मनोहरपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मयंक प्रसाद सशस्त्र बल के साथ रामधानी चौक के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि ग्राम नंदपुर, सुरीन टोला के पास दो संदिग्ध व्यक्ति किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम नंदपुर, सुरीन टोला पहुंची। पुलिस की गाड़ी देखते ही दोनों संदिग्ध खेतों की ओर भागने लगे। हालांकि मुस्तैद पुलिस बल ने घेराबंदी कर उन्हें खदेड़कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान डिम्बुली टोला, मनोहरपुर निवासी दुर्जन जाते उर्फ दुर्गा जाते और राईबेड़ा, गोईलकेरा निवासी विमल नाग के रूप में हुई है। इनके पास से नक्सली पर्चा आदि बरामद किया गया है।

बर्खास्त अनुसेवकों ने किया हवन रैली निकालकर जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर। बर्खास्त अनुसेवकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साक्षी मान कर हवन किया है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पलामू में 251 अनुसेवकों को बर्खास्त कर दिया गया था। बर्खास्तगी के बाद सभी अनुसेवक आंदोलन कर रहे हैं। अनुसेवक अपनी सेवा को समायोजित करने की मांग कर रहे हैं बुधवार को बर्खास्त अनुसेवकों ने रैली निकाली, जो समाहरणालय परिसर तक गई। समाहरणालय परिसर के पास अनुसेवकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का फोटो रखा और साक्षी मानकर हवन किया। बर्खास्त अनुसेवकों का कहना है कि बर्खास्तगी से पहले उनसे कोई भी स्पष्टीकरण नहीं पूछा गया और ना ही जानकारी ली गई है। पूरी प्रक्रिया में उनकी कोई गलती नहीं है ना उनके दस्तावेज गलत हैं और ना ही कार्यकाल के दौरान उन्होंने कोई गलती की है। बर्खास्त अनुसेवकों ने आंदोलन के माध्यम से पांच सूत्री मांगों को रखा है। इसमें प्रमुख रूप से दैनिक भोगी वरीयता के आधार पर प्राथमिकता दिया जाए, पूर्व के विज्ञापन में आठवीं पास न्यूनतम योग्यता थी, जबकि नए विज्ञापन में आठवीं पास विज्ञापन में जिक्र नहीं किया गया। बहुत से बर्खास्त अनुसेवक 50 वर्ष से अधिक हो गए हैं, इसलिए उम्र के मामले में राहत दिया जाए, नई बहाली में सभी बर्खास्त अनुसेवकों को समायोजित किया जाए। आंदोलन में शामिल विवेक कुमार शुक्ला, राजेश प्रसाद, कृष्ण कुमार पासवान ने बताया कि सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है तो वे भिक्षाटन करके रांची तक पैदल मार्च करेंगे। बर्खास्त अनुसेवकों के आंदोलन में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अनुसेवकों की मांगें जायज हैं। आंदोलन में हर कदम पर वे अनुसेवकों के साथ हैं।

प्रिय रंजन ने संभाला बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी का पदभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी के पद पर बुधवार को प्रिय रंजन ने पदभार ग्रहण कर लिया। उल्लेखनीय है कि लोक उद्यम चयन बोर्ड ने 22 अगस्त को इस पद के लिए श्री रंजन के नाम की अनुशंसा की थी। पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे बोकारो स्टील प्लांट में अधिशासी निदेशक (संकार्य) के रूप में कार्यरत थे। एक अनुभवी टेक्नोक्रेट एवं दक्ष प्रशासक के रूप में श्री रंजन सेल में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ तकनीकी विशेषज्ञता और प्रबंधकीय दक्षता का उत्कृष्ट संयोजन हैं। बी.टेक (मेटलर्जी) एवं प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा धारक श्री रंजन ने अपने करियर की शुरुआत 24 सितंबर 1994 को ईस्को स्टील प्लांट के स्टील मेल्टिंग शॉप में प्रबंध प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में की थी। लगभग तेईस वर्षों तक ईस्को में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने के पश्चात, अक्टूबर

2017 में उनका स्थानांतरण सेल के कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली हुआ, जहाँ उन्होंने चेयरमैन सचिवालय में विविध भूमिकाओं में योगदान दिया। 15 नवंबर 2024 को अधिशासी निदेशक के पद पर पदोन्नति के साथ उन्हें अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) का दायित्व सौंपा गया। लोक उद्यम चयन बोर्ड द्वारा अनुशंसा के पश्चात 26 अगस्त 2025 को उनका स्थानांतरण बोकारो स्टील प्लांट में अधिशासी निदेशक (संकार्य) के रूप में किया गया। अब 24 दिसंबर 2025 को निदेशक प्रभारी का पदभार ग्रहण करने के साथ ही वे बीएसएल के संचालन, विकास एवं रणनीतिक दिशा का नेतृत्व करेंगे। श्री रंजन न केवल एक उत्कृष्ट टेक्नोक्रेट हैं बल्कि एक दूरदर्शी एवं प्रभावी प्रशासक भी हैं। उनके नेतृत्व में बोकारो स्टील प्लांट आने वाले वर्षों में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए तत्पर है।



फर्जी बैंक से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई, नौ अपराधी गिरफ्तार

नवीन सिन्हा

हजारीबाग। हजारीबाग पुलिस ने फर्जी संस्था एवं तथाकथित मुद्रा बैंक से लोन दिलाने के नाम पर भोले-भाले लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 09 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दिनांक 23 दिसंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को प्राप्त गुप्त सूचना एवं प्रतिविम्ब ऐप पर दर्ज शिकायत के आधार पर की गई।

प्राप्त सूचना के अनुसार कुछ व्यक्ति फर्जी लोन दिलाने के नाम पर लोगों से बड़ी रकम वसूल रहे थे तथा उनका वर्तमान ठिकाना विनोबा भावे नगर, सिंदूर (कोर्रा थाना क्षेत्र) बताया गया। सूचना की पुष्टि के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर श्री अमित कुमार (भा०पु०से०) के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन ठगी में संलिप्त 09 अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया। छापामारी के दौरान घटना में प्रयुक्त एक मारुति सुजुकी ब्रेजा कार, विभिन्न कंपनियों के 27 मोबाइल फोन, 07 सिम कार्ड, तथा 23 रजिस्टर/कॉपी बरामद किए गए, जिनमें ठगी से संबंधित महत्वपूर्ण विवरण दर्ज थे। इस संबंध में कोर्रा थाना कांड संख्या 230/25, दिनांक 23.12.25 के तहत धारा 317/319/318/338/340/61 (2) भारतीय न्याय संहिता एवं 66(C)/66(D) आईटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

छापामारी दल के सदस्य

श्री अमित कुमार (भा०पु०से०), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर पु०नि० नंदकिशोर साह, सदर अंचल, हजारीबाग पु०अ०नि० अजीत कुमार, थाना प्रभारी, कोर्रा, हजारीबाग पु०अ०नि० महेश पासवान, कोर्रा थाना, हजारीबाग पु०अ०नि० बिट्टू रजक, कोर्रा थाना, हजारीबाग पु०अ०नि० पुनू यादव, कोर्रा थाना, हजारीबाग पु०अ०नि० रौशन कुमार, कोर्रा थाना, हजारीबाग प्रभारी, तकनीकी शाखा, हजारीबाग कोर्रा थाना सशस्त्र बल।

सांसद मनीष जायसवाल ने जारी किया 'सेवा वर्ष 2024-25' का रिपोर्ट कार्ड

- संसद से सड़क तक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक संघर्ष
- 100 से अधिक जन-मुद्दों की गूंज, 'विकसित भारत के लिए विकसित हजारीबाग' का संकल्प दोहराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को आयोजित वार्षिक प्रेस वार्ता में अपना 'सेवा वर्ष 2024-25' का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इस अवसर पर हजारीबाग जिले के साथ-साथ चतरा जिले के पिपरवार मंडल एवं कोडरमा जिले के चंदवारा मंडल के पत्रकार उपस्थित रहे। यह रिपोर्ट कार्ड सांसद के सक्रिय, संघर्षशील और परिणामोन्मुखी जनप्रतिनिधित्व का जीवंत दस्तावेज है।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि 'विकसित भारत के साथ विकसित हजारीबाग' के लक्ष्य को लेकर उन्होंने बीते एक वर्ष में संसद के पटल से लेकर जन-सरोकारों की सड़कों तक हर स्तर पर हजारीबाग और झारखंड की आवाज बुलंद की है। रिपोर्ट कार्ड के अनुसार मानसून सत्र-2024 से लेकर शीतकालीन सत्र-2025 तक सांसद ने 100 से अधिक महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे संसद में उठाए। उन्होंने बताया कि कुल 118 जनहित प्रश्न संसद में रखे गए, जिनमें 2024-25 के मानसून सत्र में 15, शीतकालीन सत्र में 36, बजट सत्र में 26, 2025-26 के मानसून सत्र में 30 तथा शीतकालीन सत्र में 11 मुद्दे शामिल हैं।

विकास कार्यों पर फोकस

सांसद ने जानकारी दी कि झारखंड की कमजोर वित्तीय स्थिति के बावजूद डीएमएफटी मद से 410 करोड़ रुपये की योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और ह्यूमन वेलफेयर शामिल हैं। खेल के क्षेत्र में हजारीबाग को राष्ट्रीय पहचान दिलाने हेतु कूच बिहार एलिट ग्रुप मैच, नमो फुटबॉल टूनार्मेंट सहित कबड्डी, आर्चरी, शतरंज और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।

कनेक्टिविटी और आधारभूत संरचना

उन्होंने बताया कि एनएच-522, जीटी रोड सिक्स लेन परियोजना तेजी से प्रगति पर है। वहीं कोडरमा-हजारीबाग-बरकाकाना रेलवे दोहरीकरण के लिए 3,063 करोड़ की कैबिनेट स्वीकृति को बड़ी उपलब्धि बताया।

संसद में निर्णायक मांगें

सांसद मनीष जायसवाल ने संसद में एनएच-100 फोरलेन, ?450 करोड़ की हजारीबाग रिंग रोड, चौपारण-बरकट्ठा पुल, गया-मुंबई ट्रेन की आवृत्ति वृद्धि, हजारीबाग हवाईअड्डा निर्माण, भारतनेट योजना, सीएनजी पंप विस्तार, कोनार-तिलैया परियोजना के विस्थापितों के पुनर्वास और सिंचाई नेटवर्क जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक न्याय

हजारीबाग में एम्स-स्तरीय अस्पताल, प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान भारत में आयुष पैकेज शामिल करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में दिव्यांगों को प्राथमिकता देने जैसी मांगें भी रिपोर्ट कार्ड का अहम हिस्सा रहीं।

रोजगार और किसान सशक्तिकरण

स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार मेला, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, खादी एवं ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र, एफपीओ सशक्तिकरण, टमाटर किसानों को फसल बीमा और निर्यात से जोड़ने की पहल को सांसद ने आत्मनिर्भर हजारीबाग की दिशा में कदम बताया।

सामाजिक सरोकार और सुरक्षा

सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 में 101 जोड़ों का विवाह, सांसद खेल महोत्सव, तीर्थ दर्शन महाअभियान सहित अनेक सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं कानून-व्यवस्था, अवैध खनन, गौ-तस्करी और नशे के खिलाफ केंद्रीय हस्तक्षेप हेतु प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मुलाकात को भी उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताया।

कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने दिया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, भाजपा जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिले के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डीजीपी तदाशा मिश्रा ने हजारीबाग स्थित झारखंड खुली जेल सह पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक रहे उपस्थित, कैदियों से संवाद कर सुनी समस्याएं

नवीन सिन्हा

हजारीबाग। महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक (डीजीपी) श्रीमती तदाशा मिश्रा ने बुधवार, 24 दिसंबर 2025 को हजारीबाग अवस्थित झारखंड खुला जेल सह पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपन जेल परिसर का भ्रमण कर वहां रह रहे सजायाफ्ता कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के क्रम में डीजीपी ने सजायाफ्ता कैदियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री के निदेर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की सरेंडर पॉलिसी का लाभ पात्र कैदियों को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विषयों पर शीघ्र सकारात्मक पहल किए जाने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन विशेष रूप से उपस्थित थे। इससे पूर्व डीजीपी श्रीमती तदाशा मिश्रा के हजारीबाग आगमन पर परिसदन भवन में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया तथा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा डीजीपी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

शालीमार फैक्ट्री हादसा : मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों का घेराव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। शालीमार प्लेट फीड्स लिमिटेड में कार्य के दौरान गिरने से धनबाद रोड निवासी छोटू यादव उर्फ वेद प्रकाश यादव की हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मृतक के परिजनों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को फैक्ट्री गेट पर प्रदर्शन कर उचित मुआवजे की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि मृतक परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था, जिसकी असमय मौत से परिवार गंभीर आर्थिक संकट में फंस गया है। परिजनों ने कंपनी प्रबंधन से मानवीय आधार पर तत्काल सहायता और उचित मुआवजा देने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल रहे। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मामले की सूचना मिलते ही फैक्ट्री के एचआर अधिकारी रामानुज पांडे मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। वार्ता के दौरान प्रबंधन की ओर से आश्वासन दिया गया कि आगामी शनिवार को पुनः बैठक कर मुआवजे को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल, वार्ता के बाद प्रदर्शन शांत हुआ। जनप्रतिनिधियों ने कंपनी प्रबंधन से आग्रह किया है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे इस कठिन समय से उबर सकें।

जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न, दिए जरूरी निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के उचित अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण हमारी सबसे बड़ी पूंजी है इसको बचाना हमारी नैतिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। अपने आस पास, अपने शहर एवं पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए संबंधित पदाधिकारियों की इस सम्बन्ध में कार्य करने हेतु जहां एक ओर निर्देश दिया वही दूसरी ओर लोगों से भी अपील की कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें यह हम सबके लिए एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए अति आवश्यक है। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने का निर्देश, जिससे कि औद्योगिक क्षेत्र के प्रवेशिय वायु का नियमित आकलन किया जा सकें और आमजनों को भी वायु प्रदूषण की स्थिति की जानकारी प्राप्त हो। इसके अलावा बैठक में उसरी नदी के संरक्षण तथा पर्यावरण समिति के उद्देश्य व कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से सीसीएल परियोजना के आस-पास के क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। साथ ही औधोगिक परिसर में मानक क्षेत्र में पौधारोपण करने का निर्देश दिया गया। जिले में हो रही अवैध बालू खनन, डंपिंग एवम स्टोन माइंस एवम क्रशर के संचालन की गहनता से जांच कर उचित कारवाई करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने शहर के गंदे नालों की उचित साफ सफाई, तथा गंदे नालों की पानी को फिल्टर करने के उपरांत ही नदी में प्रवाहित करने के निर्देश दिए। साथ ही समय-समय पर जिला अंतर्गत संचालित कारखानों से निकलने वाले धुवां, अपशिष्टों का निष्पादन, दूषित जल का बहाव, प्रदूषण नियंत्रण के मानक आदि सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बीएन साहा डीएवी पब्लिक स्कूल में क्रिसमस हर्षोल्लाह के साथ मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। सिरसिया स्थित बी एन साहा डी ए वी पब्लिक स्कूल में क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन गर्ग, के एल देशमुख, बीडी झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान समूह नृत्य, एकल नृत्य, म्यूजिकल चेयर, भाषण एवं कविता वाचन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने सेंटा और छात्राओं ने परियों के परिधान से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया और शांति तथा खुशहाली का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन गर्ग ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सृजनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को निखारती हैं। हमें निरंतर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करना चाहिए और ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को क्रिसमस एवं नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी और शीतकालीन छुट्टियों की घोषणा की अब विद्यालय 5 जनवरी 2026 को यथावत खुलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न, दिए जरूरी निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। समाहरणालय सभाकक्ष में आज उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर उत्खनन, अवैध बालू कोयला अभ्रक उत्खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा समीक्षा की गई।

इस दौरान सीसीएल के पट्टा क्षेत्र, वन क्षेत्रों हो रहे मायका अभ्रक के अवैध उत्खनन व अन्य क्षेत्रों में कोयलें के अवैध उत्खनन व प्रेषण की रोकथाम व अन्य पर विचार विमर्श किया गया। बालू घाटों के संचालन एवं बालू के अवैध भंडारण उठाव एवं परिवहन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ की कहा कि नियमों का उल्लंघन करने एवं अवैध खनन करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी ।इसके अलावा उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज करें तथा वन क्षेत्र में भी खनन करने वाले लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करें। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि अवैध उत्खनन रोकने की दिशा में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी से समन्वय बनाकर संबंधित विभाग कड़ा रूख अख्तियार करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं। जांच-पड़ताल के साथ छापेमारी अभियान चलाएं। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन एवं अनाधिकृत परिवहन से सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुँच रही है तथा धूल, ध्वनि एवं अन्य प्रदूषकों के कारण पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है जिससे जन स्वास्थ्य एवं सार्वजनिक हित प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अवैध खनन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने, नियमित गश्ती तेज करने, बिना लाइसेंस संचालित क्रेशरों पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने और संबंधित विभागों के बीच समन्वय मजबूत करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए जरूरी निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे इस दौरान उपायुक्त सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने पेंडिंग हिट एंड रन केस के मामलों में जल्द उचित कारवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। साथ ही दुर्घटनाओं को रोकने हेतु लगाई गई साइन बोर्ड की संख्या में वृद्धि कर वाहनों का स्पीड कम करने हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। आगे जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया गया, ताकि ब्लैक स्पॉट की जगह हादसों में कमी लाई जा सके बैठक के दौरान उपायुक्त ने ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने, ज्यादा दुर्घटना वाले क्षेत्रों में हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे, वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कांग्रेस कमेटी हजारीबाग की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस श्रद्धा व संगठनात्मक संकल्प के साथ मनाने का निर्णय

नवीन सिन्हा

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम, हजारीबाग में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आगामी 28 दिसंबर को आयोजित होने वाले 140वें स्थापना दिवस को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला कांग्रेस अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि जिले में कांग्रेस का स्थापना दिवस श्रद्धा, उत्साह और संगठनात्मक मजबूती के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला, प्रखंड, मंडल, ग्राम पंचायत एवं वार्ड कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों तथा बीएलए (BLA) के आवासों पर कांग्रेस का झंडा फहराया जाएगा। इसी क्रम में जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों के बीच पंचायत एवं वार्डवार कांग्रेस झंडों का वितरण भी किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का स्थापना दिवस संगठन की एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनहित के प्रति संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि स्थापना दिवस को पूरे अनुशासन और उत्साह के साथ मनाते हुए जनता के बीच कांग्रेस की विचारधारा को और सशक्त रूप से पहुँचाया जाए। बैठक के उपरांत युवा कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल एवं पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक का संचालन जिला महासचिव जावेद इकबाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी ने दिया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी, विजय कुमार यादव, अवधेश कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार यादव, प्रदेश सचिव विनोद सिंह, जिला कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष निसार खान सहित पार्टी के जिला, प्रखंड, मंडल एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारी एवं सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मादक पदार्थों की तस्करी व खेती की रोकथाम हेतु समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय नकॉर्ड समिति की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय नकॉर्ड समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर रोकथाम करने पर चर्चा किया गया तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने हेतु नकॉर्ड समिति के सभी सदस्यों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। जिले में एंटी-ड्रग- अवेयरनेस पर जोर देते उपायुक्त ने सघन अभियान चलने का निर्देश दिया। जिले में संचालित सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं वित्तीय सहायता प्राप्त विद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता चलकर बच्चों के बीच मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से अवगत करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेशित किया। नशीली दवाओं की लत, मादक पदार्थों वाले क्षेत्रों, नशीली दवाओं के उपयोग के प्रमुख क्षेत्रों तथा नशीली दवाओं की समस्या से निपटने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग व मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री, सेवन, तस्करी व उपयोग पर सजगता के साथ लोगो के ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखने और जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ-साथ जिनके द्वारा खेती की गई है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया कि नशा वाली दवाइयों का प्रॉपर तरीके से रिपोर्ट रखें। दवा देते समय चिकित्सक की पर्ची का अनिवार्य रूप से जांच करें।

खूंटी के पेलौल गांव में बनेगा नया पुल, मिली प्रशासनिक स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर नए पुलिस निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। पुल निर्माण को लेकर प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। दरअसल, तेज बारिश के कारण 19 जून 2025 को बनई नदी पर बने पुल दो टुकड़ों में टूटकर अलग हो गया था। सांसद और विधायक सहित जनप्रतिनिधियों के प्रयास से डायवर्सन निर्माण का काम शुरू हुआ, जिसके जल्द पूरे होने की संभावना है। इस बीच विभाग ने सात करोड़ की लागत से नए पुल निर्माण की स्वीकृति दी है। नए पुल निर्माण के लिए पुल का भी टेंडर होने की संभावना है।

सात करोड़ की लागत से बनेगा नया पुल

खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर मुरहू थाना क्षेत्र के पेलौल गांव के पास बनई नदी पर सात करोड़ की लागत से नया पुल बनेगा। सभी तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर शाह के अनुसार प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही टेंडर कराकर पुल निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। पुल धंसने के बाद वाहनों को वैकल्पिक मार्ग कुंजला-जुरदाग होकर जाना पड़ रहा है, जिसकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। जर्जर सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। स्थानीय लोग इस मार्ग में हो रही परेशानियों से बेहद त्रस्त हैं।

बहुत जल्द डायवर्सन सेवा होगी शुरू

इधर, विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पुल के पास 1.80 करोड़ रुपये की लागत से डायवर्सन का निर्माण करा रहा है, लेकिन बारिश के कारण काम में काफी विलंब हुआ है। अब निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि बहुत जल्द डायवर्सन से वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी जाएगी। एप्रोच रोड का काम पूरा होते ही इसे आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि डायवर्सन चालू होने से उनकी महीनों पुरानी समस्या कुछ हद तक दूर होगी और यातायात फिर से सुचारू हो सकेगा।

पांच महीने बीत जाने के बावजूद पुल का निर्माण शुरू न होने से छात्र-छात्राओं, व्यापारियों, किसानों और मजदूर वर्ग को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। पेलौल के पास स्थित कई स्कूलों में दोनों ओर के छात्र पढ़ते हैं, जिन्हें रोजाना लंबा चक्कर लगाकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। पेलौल, बीचना, गम्हरिया, अंगराबारी, रोड़ो, छाता समेत दर्जनभर गांवों के लोग सबसे अधिक प्रभावित हैं। इन गांवों के लोगों को हर जरूरी कार्य के लिए खूंटी आना पड़ता है, लेकिन पुल धंसने के बाद कुंजला मोड़ से जुरदाग होते हुए सिंगल लेन वाले संकरे मार्ग से छाता नदी तक करीब दो किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। धार्मिक स्थल आमेश्वरधाम जाने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि मुख्य मार्ग पर मुरहू थाना क्षेत्र के पेलौल गांव के पास बनई नदी पर बना पुल बीते 19 जून को भारी बारिश के दौरान धंस गया था। पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद से इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित है। बता दें कि साल 2007 में खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर पेलौल गांव के पास बनई नदी पर एक करोड़ 27 लाख से पुल बना था। लेकिन अब उस जगह नए पुल का निर्माण सात करोड़ की लागत से होगा।

रांची में राष्ट्रीय पुस्तक मेला के जरिए सजेगी अक्षरों की दुनिया, 26 दिसंबर से जुटेंगे पुस्तक प्रेमी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। स्थानीय जिला स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले दस दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला में अक्षरों की खूबसूरत दुनिया और उत्सवों की धूम रहेगी। यहां 26 दिसंबर से 4 जनवरी तक एक ही छत के नीचे हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत की नई एवं पुरानी बेइंतहा पुस्तकें पाठकों को आकर्षित करेंगी।

इस राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्घाटन संयुक्त रूप से रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और महुआ माजी करेंगे। समय इंडिया, नई दिल्ली द्वारा आयोजित इस पुस्तक मेले में राजपाल एंड संस, प्रकाशन संस्थान, समय प्रकाशन समूह, योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया, क्राउन पब्लिकेशन, झारखंड झरोखा, श्री कबीर ज्ञान प्रकाशन केंद्र, बोधिकृति प्रकाशन, त्रिदेव बुक्स कलेक्शन, सस्ता साहित्य मण्डल, उपकार प्रकाशन, ए-आलम ओल्ड स्टोरी बुक, दा गिदोंस इंटरनेशनल इन इंडिया, किक्स एजुकेशन गेटवे प्राइवेट लिमिटेड, एस। चांद आदि प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त वाणी प्रकाशन, राजकमल प्रकाशन, राधाकृष्ण प्रकाशन, गीता प्रेस, मनोज पब्लिकेशन, किताब घर की पुस्तकें भी पुस्तक प्रेमियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। मेले में भारतीय मंडप एक ऐसा अनूठा स्टॉल बनाया जा रहा है, जिस पर अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें पाठकों के आकर्षण का केन्द्र होगी। यहां बेस्ट सेलर सीरिज की पुस्तकें आप खरीद सकेंगे।

इस पुस्तक मेले की मुख्य थीम होगीः 'ए–आई के दौर में पुस्तकें' मौजूदा दौर में ए-आई का प्रयोग जीवन के विभिन्न हिस्सों में चुनौती बनकर सामने खड़ा है। उसके बीच किताबों को अपनी जगह बनाने के लिए अपनी तकनीक और शिल्प में खास परिवर्तन करना पड़ रहा है। इन बदलावों के बावजूद किताबों की जगह जीवन में बनी रहेगी क्योंकि किताबें बेहतर दोस्त है। समय इंडिया के प्रबंधक न्यासी चंद्रभूषण के अनुसार, इस पुस्तक मेले में भागीदारी को लेकर प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेताओं के बीच खासा उत्साह है और वे अपने साथ ला रहे हैं, नई–पुरानी पुस्तकों की सौगात। पुस्तके बोलेंगी, बातें करेंगी और ऐसी दुनिया में ले जायेंगी जहां आप थोड़ा और संवेदनशील और मानवीय होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्देश्य समाज में पुस्तकों के प्रति पनप रही उदासीनता की भावना को खत्म करना और किताबों के करीब पुस्तक प्रेमियों को लाना है।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने ओपीडी में मरीजों का किया इलाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। चाईबासा सदर अस्पताल में मासूम की मौत के बाद पिता द्वारा थैले में शव ले जाने के मामला हो या फिर हजारीबाग में टॉर्च की रोशनी में महिला के बंध्याकरण का मामला ऐसे मामलों को लेकर झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लगातार सरकार की किरकिरी हो रही है। ऐसे में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी खुद अस्पताल में मरीजों का इलाज करने में जुटे हैं।

ओपीडी में मंत्री ने मरीजों का किया इलाज

बुधवार को मंत्री इरफान अंसारी ने धनबाद सदर अस्पताल पहुंचकर ओपीडी में मरीजों का खुद इलाज किया। इस मौके पर उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इलाज या स्वास्थ्य व्यवस्था में लापरवाही या फिर जो कमियां हैं उसे जल्द दूर की जाएगी। आज से इसकी शुरुआत धनबाद सदर अस्पताल से की गई है। मंत्री ने कहा कि राज्य के सभी अस्पतालों के ओपीडी में वह बैठेंगे। साथ ही दिन में ही नहीं, बल्कि रात में भी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करना है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने धनबाद सदर अस्पताल निरीक्षण भी किया। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री खुद ओपीडी में बैठ गए। मंत्री ने मरीजों का खुद इलाज किया। मरीज भी मंत्री को इस अंदाज में देखकर उत्साहित नजर आए। मरीजों ने अपनी समस्या स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखी। इस दौरान मंत्री ने डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई, दवाओं की कमी नहीं होने देने और मरीजों का ख्याल रखने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया।

स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करना उद्देश्यः डॉ इरफान

मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हमारा मुख्य उद्देश्य है। जिसके तहत आज सदर अस्पताल में मरीजों का इलाज करने पहुंचे हैं। जो कमियां हैं उन्हें देखने के लिए पहुंचे हैं। आगे राज्य के अन्य अस्पतालों का दिन में ही नहीं, बल्कि रात में भी औचक निरीक्षण किया जाएगा।

नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के शिक्षक नहीं लेते क्लास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के कॉलेजों में शिक्षकों द्वारा नियमित क्लास न लेने की समस्या गंभीर है। कई मामलों में छात्र भी क्लास में नहीं आते। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति अच्छी रहती है, लेकिन स्नातक (ग्रेजुएशन) और स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएशन) स्तर पर अटेंडेंस बेहद कम और चिंताजनक है। विश्वविद्यालय के आंतरिक मूल्यांकन में कई कॉलेजों में अटेंडेंस मात्र 5 प्रतिशत के करीब दर्ज की गई है। यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार अटेंडेंस कम से कम 75 प्रतिशत (नहीं तो 70 प्रतिशत) होनी चाहिए। विश्वविद्यालय के शिक्षक क्लास नहीं लेते, जिस कारण छात्रों की उपस्थिति औसत से बहुत कम है।

नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अंतर्गत पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के सभी डिग्री कॉलेज आते हैं। विश्वविद्यालय के अधीन 9 संविधान कॉलेज (कांस्टीट्यूशनल) जबकि 21 संबद्ध (एफिलिएटेड) कॉलेज हैं। 35 हजार से अधिक छात्र विभिन्न डिग्री की पढ़ाई कर रहे हैं। पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई विश्वविद्यालय के अधीन प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के विभिन्न कॉलेजों में ही होती है।

विश्वविद्यालय प्रबंधन पर छात्र लगा रहे गंभीर आरोप

नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में शिक्षकों द्वारा क्लास न लेने के मामले में छात्र कई गंभीर आरोप लगा रहे हैं। योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज की एक छात्रा ने क्लास के मामले में कुलपति से शिकायत की थी। शिकायत के बाद संबंधित प्रोफेसर ने छात्रा के खिलाफ ही कार्रवाई शुरू कर दी थी। प्रोफेसर की प्रताड़ना से तंग आकर छात्रा ने अपने हाथ को काट लिया था।

विश्वविद्यालय के छात्र राहुल दुबे बताते हैं कि यह बेहद गंभीर मामला है, विश्वविद्यालय प्रबंधन को क्लासेस पर ध्यान देने की जरूरत है। एनएसयूआई के छात्र संगठन के आशीष ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक लापरवाह हैं, वे क्लास नहीं लेते। छात्र रिशु राज दुबे ने कहा कि जिस तरह से विश्वविद्यालय में घटनाएं हो रही हैं और छात्र मजबूर होकर गलत कदम उठा रहे हैं, उसे देखते हुए बड़े आंदोलन की तैयारी की जा रही है।

विश्वविद्यालय प्रिंसिपलों और शिक्षकों के साथ करेगा बैठक, कार्रवाई की तैयारी

हालात को देखते हुए नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय प्रबंधन भी गंभीर हो गया है। विश्वविद्यालय सभी सत्रों को नियमित करने के लिए प्रयास कर रही है। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ। दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि प्रोफेशनल कोर्सेस के क्लासेस नियमित हैं, लेकिन अन्य डिग्री कोर्स के मामले में क्लास को लेकर चिंता है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार उपस्थिति 75 प्रतिशत हो। कुलपति ने बताया कि सबसे पहले पोस्ट ग्रेजुएट से जुड़े कोर्स को नियमित किया जा रहा है और उसके क्लास के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। क्लासेस की स्थिति को देखते हुए विश्वविद्यालय जल्द ही सभी प्रिंसिपलों और शिक्षकों के साथ बैठक करेगी।

क्रिसमस के दिन नौ जिलों में कोहरे को लेकर अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड में शीतलहर से लोगों का हाल बेहाल है। झारखंड में निचले क्षोभमंडल स्तर पर पश्चिमी से उत्तर पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इसकी वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शाम के बाद ठंड से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बेघर लोगों को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है। हालांकि रांची समेत तमात जिलों में बेघरों के लिए विशेष आश्रय गृह की व्यवस्था करने का दावा किया गया है।

क्रिसमस के दिन कैसा रहेगा मौसम

वहीं, क्रिसमस के दिन राज्य के आठ जिलों में घने कोहरा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, देवघर, दुमका, जामताड़ा, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले शामिल हैं।

न्यूनतम पारा फिर लुढ़का

मौसम केंद्र रांची की ओर से 24 दिसंबर को जारी रिपोर्ट के मुताबिक न्यूनतम पारा में जबरदस्त कमी रिकॉर्ड हुई है। गुमला का न्यूनतम पारा 3.9 डिग्री पहुंच गया है। लिहाजा, जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसके अलावा डाल्टनगंज में 6.1 डिग्री, खूंटी में 6.8 डिग्री, हजारीबाग में 7.2 डिग्री, लोहरदगा में 7.2 डिग्री, बोकारो में 8.2 डिग्री, रांची में 8.5 डिग्री, कोडरमा में 7.7 डिग्री, सिमडेगा में 9.2 डिग्री और लातेहार में 9.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ है। मौसम केंद्र के मुताबिक पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान चाईबासा में 26.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। जबकि जमशेदपुर में 26.2 डिग्री और सरायकेला में 26.6 डिग्री रहा है। इसके अलावा रांची, डाल्टनगंज, बोकारो, देवघर, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा और पाकुड़ में अधिकतम पारा 25 डिग्री से नीचे है। लातेहार एकमात्र ऐसा जिला है, जहां दिनभर सिहरन महसूस हो रही है, क्योंकि यहां का अधिकतम पारा 19.5 डिग्री पर चला गया है। खास बात है कि 23 दिसंबर की तुलना में घने कोहरे को लेकर ज्यादातर जिलों में सुधार देखने को मिल रहा है। इसकी वजह से विजिबिलिटी में भी सुधार हुआ है। रांची की विजिबिलिटी 500 मीटर, जमशेदपुर की 500 मीटर और देवघर की 400 मीटर रही है। हालांकि कोहरे की वजह से रांची में विमान सेवा पर असर पड़ा है। मंगलवार को रांची से संचालित चार उड़ानों को रद्द करना पड़ा, जबकि 17 विमानों की रवानगी और आगमन में विलंब हुआ है। इसकी वजह से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मंगलवार को रांची-बेंगलुरु फ्लाइट सुबह 8:55

भारत की शान

1. अटल अडिग अचल हिमालय
भारत के शान रहीं
शब्द शास्त्र बनल संसद में
राष्ट्र धर्म के धार रही
अटल अडिग अचल हिमालय
भारत के शान रहीं।
2. संघर्षे में जन्म भईल
संघर्ष संगे बढ़त गईल
सत्ता ना साध्य साधना बनल
संकल्प अडिग अपार भईल
अटल अडिग अचल हिमालय
भारत के शान रहीं।
3. आपातकाल के अन्हरिया में
लोकतंत्र के दिया जराईनी
पोखरण कहलस भारत जागल
विश्व हुंकार सुनल
शक्ति शांति संतुलन के
अटल जी विचार हई
अटल अडिग अचल हिमालय
भारत के शान रहीं।
4. रणनीति में मानवता
वीर के मोल बतावनी
संवाद में शौर्य रहे
नीति के अवतार नहीं
अटल अडिग अचल हिमालय
भारत के शान रहीं।
5. रोड बनल सपना जुड़ल
भारत विकास ओरी चल पड़ल
गांव शहर के दूरी मिटल
नीति के प्रकाश रही
नारा ना निर्माण देनी
युग के सच्चा आधार रही
अटल अडिग अचल हिमालय
भारत के शान रहीं।
6. कविता करूणा कर्तव्य तीनों
एके देह में साकार रहे
राजनीति के रण में
मानवता के हुंकार रहीं
अटल अडिग अचल हिमालय
भारत के शान रहीं।

के. शुभम मिश्रा

नवादा पुलिस की तत्परता से मिला पीड़िता को न्याय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। पुलिस के सशक्त एवं त्वरित प्रयासों के परिणामस्वरूप एक गंभीर पॉक्सो मामले में पीड़िता को न्याय मिला है। पुलिस के अथक प्रयास और "स्पीडी ट्रायल" की प्रक्रिया के तहत न्यायालय द्वारा दोषी अभियुक्त को कड़ी सजा सुनाई गई है। इस पूरे मामले में नवादा पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला थाना कांड संख्या 26/22, धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में मुख्य अभियुक्त विपिन कुमार यादव को न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया। अभियुक्त पर नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन शोषण करने तथा अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने का गंभीर आरोप था। पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर 5 नवंबर 2022 को महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच शुरू की गई। नवादा पुलिस द्वारा तकनीकी अनुसंधान, महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन एवं गवाहों के बयान पूरी तत्परता से लिए गए। सभी साक्ष्यों को केस डायरी में विधिवत अंकित कर समय पर आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा इसे "स्पीडी ट्रायल" के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिससे मामले का शीघ्र निष्पादन संभव हो सका। 23 दिसंबर 2025 को मनोज द्विवेदी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-6 सह विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो कोर्ट नवादा द्वारा मामले की सुनवाई पूरी की गई। न्यायालय ने अभियुक्त विपिन कुमार यादव उर्फ विपिन कुमार, पिता- राजकुमार प्रसाद, उम्र 22 वर्ष, ग्राम थानुवीघा, थाना मेसकौर, जिला नवादा को धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 30,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। साथ ही अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया गया। इस मामले में नवादा पुलिस की कार्यशैली और त्वरित कार्रवाई की आमजन द्वारा सराहना की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर नवादा पुलिस की नीति "जीरो टॉलरेंस" की है और ऐसे मामलों में दोषियों को कठोरतम सजा दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। यह फैसला समाज में एक सशक्त संदेश देता है कि कानून से ऊपर कोई नहीं और अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

बीबीएमकेयू का दूसरा दीक्षांत समारोह 26 दिसंबर को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे मुख्य अतिथि



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह 26 दिसंबर को होने जा रहा है। जिसमें झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शमिल होंगे। यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में 220 छात्र-छात्राओं को राज्यपाल अपने हाथों से डिग्रियां प्रदान करेंगे। कुल 74 हजार 351 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएगी। स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्र इनमें शामिल हैं। बीबीएमकेयू के कुलपति डॉ. रामकुमार सिंह ने बताया कि राज्यपाल का आगमन 26 दिसंबर की सुबह 10:30 बजे होना है। 220 विद्यार्थियों को राज्यपाल के हाथों डिग्री प्रदान की जानी है। जिसमें 190 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल और 30 रिसर्च स्कॉलर को डिग्री दी जाएगी। कार्यक्रम न्यू टाउन हॉल में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का यह द्वितीय दीक्षांत समारोह छात्रों की शिक्षा में साधना, अनुशासन और परिश्रम का एक औपचारिक सम्मान है। यह अवसर न केवल उनकी उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उनके भावी दायित्वों की भी स्मृति कराता है।

छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस कोड निर्धारित

बहरहाल, दीक्षांत समारोह से पहले 25 दिसंबर को सभी विद्यार्थी रिहर्सल करेंगे। विश्वविद्यालय ने ड्रेस कोड भी निर्धारित किया है। जिसके अनुसार पुरुष विद्यार्थियों को सफेद कुर्ता-पायजामा और महिला विद्यार्थियों को लाल या मरून बॉर्डर वाली सफेद साड़ी अथवा सफेद कुर्ता-सलवार के साथ मरून दुपट्टा पहन कर आना है। सभी मेडलिस्टों को रिहर्सल और दीक्षांत समारोह दोनों दिन वैध फोटो पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल करेंगे शिरकत

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ। रामकुमार सिंह ने बताया कि राज्यपाल का आगमन 26 दिसंबर की सुबह 10:30 बजे होना है। 220 विद्यार्थियों को राज्यपाल के हाथों डिग्री प्रदान की जानी है। 190 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल के साथ 30 रिसर्च स्कॉलर को डिग्री प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम न्यू टाउन हॉल में आयोजित होगा।

सुमंगलम के आयोजन की तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय ऐतिहासिक गांधी मैदान में सुमंगलम में सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ को लेकर समस्त जिलेवासियों में उत्साह का माहौल है। सुमंगलम के आयोजक राकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। श्रद्धालुओं के बैठने के लिए गांधी मैदान की साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था की गई है ताकि भक्तजनों को सहूलियत हो। राकेश कुमार ने बताया कि सुमंगलम के आयोजन में हुलासगंज मठ के संत स्वामी हरेरामाचार्य जी भी उपस्थित रहेंगे।

लोक संगीत से गूंजा वाणावर का पहाड़ी क्षेत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिला प्रशासन और बिहार पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मखदुमपुर प्रखंड स्थित वाणावर पहाड़ी की तलहटी में 'वाणावर महोत्सव 2025' का भव्य आयोजन किया गया। यह महोत्सव दिन के 12 बजे शुरू होकर देर शाम तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों की सहभागिता देखी गई। महोत्सव का उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने अन्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे वाणावर क्षेत्र सांस्कृतिक रंगों में पूरी तरह रंगा नजर आया। महोत्सव की सबसे बड़ी आकर्षण रहीं पद्मश्री सम्मानित लोक गायिका मालिनी अवस्थी, जिन्होंने अपने लोकगीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं राज्य स्तरीय लोक गायक सत्येंद्र कुमार संगीत की प्रस्तुति ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों को अलग–अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही। इस अवसर पर मालिनी अवस्थी ने कहा कि सिद्धेश्वर नाथ धाम और वाणावर जैसे ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक स्थल पर आकर वह स्वयं को धन्य महसूस कर रही है। उन्होंने बताया कि सिद्धेश्वर नाथ धाम और वाणावर जैसी पावन भूमि पर आकर प्रस्तुति देना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। वहीं जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने कहा कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलता है और आम लोगों के लिए यह एक नजीर है। मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार का यह प्रयास है कि दूर-दराज और इंटीरियर इलाकों में भी ऐसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हों।

पूर्व रेलवे

ई–निविदा सं.: 234_2025-26 और 235 _2025-26, दिनांक 22.12.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा–711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 234_2025-26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र में एईएन/एलएलएच के तहत एसएसई/पी.वे/ एलएलएच और एसएसई/पी.वे/टीएके के तहत यार्ड सुधार और यार्ड के उन्नयन के संबंध में पी.वे कार्य (टीएके, यूपीए, एसएचई, बीएचआर, एलएलएच डब्ल्यूएस में) जैसे सीटीआर (पी) –0.974 किमी, सीटीआर (एस)–8.334 किमी, टीआरआर(एस)–2.313 किमी, टीएसआर (एस) –2.313 किमी, टीटीआर–39 सेट (टीटीआर (एफएस+सीएस+सीएमएससी)–1 इन 8.5–18 सेट, टीटीआर (सीएस+सीएमएससी)–1 इन 8.5–10 सेट, टीटीआर (डीएस)–1 इन 8.5–5 सेट, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+ डब्ल्यूसीएमएससी)–1 इन 12–4 सेट, टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी–1 इन 8.5–1 सेट, टीटीआर (डी–क्रॉसिंग 1 सेट) टीबीआर–15.081 किमी, डीप स्क्रीनिंग, लिफ्टिंग, कर्व में टर्न का सुधार और अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,79,25,683.85, **बयाना राशि:** रु. 3,89,600/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 235_2025-26, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र में एईएन/बीडीसी के अधीन यार्ड सुधार और यार्ड के उन्नयन के संबंध में पी.वे कार्य (बीडीसी में) जैसे टीटीआर–32 सेट (टीटीआर (एफएस+सीएस+सीएमएससी)–1 इन 12–2 सेट और 1 इन 8.5–25 सेट, टीटीआर (डीएस) –1 इन 8.5–5 सेट, टीबीआर –9.139 किमी, टीएफआर –.795 किमी डीप स्क्रीनिंग, लिफ्टिंग, कर्व में टर्न का सुधार, फोर्स फिट लेआउट और अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,70,82,927.83, **बयाना राशि:** रु. 2,35,400/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 08.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**– ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-484/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

मोटरसाइकिल-टेम्पो की टक्कर में पांच जखमी

घटनास्थल पर मची अफरातफरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर काजीपुर थाना क्षेत्र के धोबघटी पेट्रोल पंप के पास टेंपो और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर में भर्ती कराया।

इस दुर्घटना में कुल पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के बिदुपुर निवासी चंदन कुमार के 15 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार, नगर थाना क्षेत्र के जढुआ निवासी राजीव कुमार के 14 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार एवं अंकित कुमार, सराय थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद दिलावरपुर निवासी विनोद शाह के 28 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार तथा टेंपो चालक 50 वर्षीय विनोद दिशा के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार टेंपो मुजफ्फरपुर की ओर से हाजीपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही मोटरसाइकिल ने धोबघटी पेट्रोल पंप के पास टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टेंपो चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो सड़क पर पलट गई।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार घायलों में से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।

तापमान में होगी गिरावट, बढ़ेगी ठिठुरन

धनबाद। पहाड़ों पर हो रहे हिमपात से मैदान ठिठुर रहे हैं। ठंड लगातार बढ़ रही है। रात के साथ अब दिन में भी तेज ठंड पड़ रही है। आनेवाले दिनों में तापमान में गिरावट आएगी जिससे ठिठुरन और बढ़ेगी। क्रिसमस के दौरान शहर का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री पर रहने का अनुमान है। उसके बाद पारा लुढ़क कर सात डिग्री पर पहुंच सकता है।मौसम विभाग से जारी पूवार्नुमान में बताया गया कि अगल 24 घंटे के दौरान तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। उसके बाद दो से तीन डिग्री तक गिरावट हो सकती है। सुबह देर तक कोहरा छाने के बाद मौसम साफ रहेगा।झारखंड में हिमालय से बफीर्ली हवाएं आ रही हैं। पश्चिमी विक्षोभ भी ट्रफ के रूप में सक्रिय है। 27 दिसंबर से हिमालय में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का अनुमान है। इससे 27 से 29 तक पहाड़ों पर बर्फबारी होने के आसार हैं। इसका असर धनबाद में भी दिखेगा। बफीर्ली हवाएं मौसम में और ठंडक घालेगी।

ठंड में लगातार हे रही बढ़ोतरी से शहर के गर्म कपड़ों का बाजार रोशन हो गया है। माल और शोरूम के साथ बाजार की छोटी दुकानों में भी गर्म कपड़ों की खूब खरीदारी हो रही है।

बानावर महोत्सव का आयोजन

मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी और डीएम अलंकृता पांडे ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जहानाबाद। जिले के मखदुमपुर प्रखंड स्थित बराबर पर्वत के तलहटी में बानावर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का उद्घाटन बिहार सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन सह-कार्यक्षमता मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी और जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय राजद विधायक मखदुमपुर सूबेदार दास और घोषी के जदयू विधायक ऋतुराज कुमार के साथ कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद को करना था, लेकिन वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

वानावर महोत्सव के दौरान राष्ट्रीय स्तर की लोक गायिका एवं पद्मश्री पुरस्कार विजेता मालिनी अवस्थी ने अपने गीतों से लोगों का मन मोह लिया। मालिनी अवस्थी के प्रदर्शन को देखने भारी संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचे। मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि यह बदलता बिहार है और इसी का परिणाम है कि वानावर जैसे पहाड़ी क्षेत्र में इस प्रकार के महोत्सव का आयोजन हो रहा है। डबल इंजन की सरकार के तहत बिहार में हर तरफ विकास हो रहा है।

नीतीश कुमार की सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को ध्यान में रखकर काम कर रही है। बराबर क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपए जारी किए गए हैं। जल्द ही बराबर में रोपवे भी तैयार हो जाएगा। वन विभाग के द्वारा लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें बाबा सिद्धनाथ मंदिर तक पहुँचने वाले रास्ते का चौड़ीकरण कार्य अंतिम चरण में है।

जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने बताया कि बराबर पहाड़ जहानाबाद जिले के लिए एक ऐतिहासिक धरोहर है। वानावर महोत्सव का आयोजन इस धरोहर के महत्व को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया है। इस महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर की लोक गायिका मालिनी अवस्थी के अलावा राज्य स्तरीय संगीतकार सत्येंद्र संगीत ने भी शानदार प्रस्तुति दी। मालिनी अवस्थी ने कहा कि बराबर पर्वत के इतिहास को जानकर उन्हें बहुत खुशी हुई और वे बाबा सिद्धनाथ के दर्शन के लिए जरूर आएंगी। उन्होंने प्रशासन से अनुमति भी मांगी है। वानावर महोत्सव में सुरक्षा की भी विशेष व्यवस्था की गई थी।

डीएम ने किया बियाडा का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। डीएम विनोद दूहन द्वारा बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा), फारबिसगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य औद्योगिक गतिविधियों की वर्तमान स्थिति का आकलन एवं बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने बियाडा औद्योगिक क्षेत्र में संचालित मखाना यूनिट, नूडल्स यूनिट, फिश फीड यूनिट, राइस मिल सहित अन्य औद्योगिक इकाइयों का जायजा लिया। उन्होंने उद्यमियों से संवाद कर उत्पादन, रोजगार सृजन एवं संचालन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण क्रम में विद्युत आपूर्ति से संबंधित कुछ कमियां सामने आईं, जिस पर जिला पदाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए उपमहाप्रबंधक बियाडा को समस्या का विश्लेषण कर समाधान हेतु प्रस्ताव यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक विकास जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा औद्योगिक इकाइयों के सुचारु संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। मौके पर बियाडा के उद्यमीगण, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र , अनुमंडल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

घटोरा वेटलैंड बना 12 देशों के पक्षियों का बसेरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। प्रखंड का सोनवर्षा घटोरा वैटलेंड समेत गंगा दियारा में इन दिनों यूरोपियन व मध्य एशिया समेत करीब 12 देशों के पक्षियों का बसेरा बना हुआ है। वहीं, बिहार एशियन जल पक्षी गणना समन्यक/एडब्लूसी दीपक कुमार झून्नू लगातार यहां पहुंचकर किसानों व ग्रामीणों को पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

बीते दिनों घटोरा पहुंचे श्री झुन्नु द्वारा ग्रामीणों व किसानों को क्षेत्रीय अंगिका भाषा में बात कर उन्हें बताया गया कि पक्षी हमारे व पर्यावरण के लिए क्यों जरूरी है। यहां आने वाले देसी व विदेशी पक्षी जलीय वनस्पति को बड़े चाव से खाते हैं। जबकि इस महीने में यहां होने वाली गेंहू व सरसों की बुआई के निकलने वाले पौधे का उपरी सिरा खाते हैं।जो किसानों के खेती के लिए काफी फायदेमंद हो जाता है।

श्री दीपक ने कहा कि उपरी खाने के बाद उक्त पौधे चार नए सिरा और निकलता है।वहीं इन पक्षियों का मल भी खेतों की उर्वरा के लिए काफी सहायक होते हैं।बता दें कि गौरीपुर से सोनवर्षा के बीच स्थित करीब1,120 एकड़ क्षेत्र घटोरा वेटलैंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त रामसर स्थलों में शामिल किए जाने की पूरी संभावना है। बिहपुर दक्षिण/सोनवर्षा पंचायत की मुखिया नीनारानी व अजय उर्फ लाली कुंवर बताते हैं कि पक्षी प्रेमियों,एशियाई जलपक्षी जनगणना टीम व वन विभाग के वरीय अधिकारियों के यहां पहुंचने व उनके द्वारा मिले फीडबैक के बाद से यह संभावना और बढ़ गई है।

एडब्लूसी दीपक कुमार झून्नू बताते हैं कि बीते नौ दिसंबर को यहां यूरोपियन व मध्य एशिया समेत करीब 12 देशों चीन,मंगोलिया, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान,अजरबैजान व साईबेरिया के पक्षी कुल 46 प्रजातियों के पक्षी मिले।जबकि कुछ वर्षों में साइबेरियाई समेत 80 प्रतिशत प्रवासी व 20प्रतिशत देसी पक्षियों दोनों के लिए लगभग पांच महीने का पसंदीदा शीतकालीन बसेरा बन गया है। पक्षी प्रेमियों ने साइबेरियाई पक्षियों और हंसों की कई प्रजातियों सहित 65-70 पक्षी प्रजातियों को दर्ज किया है।यह क्षेत्र जैव विविधता, जलपक्षी,परिस्थिति संतुलन और टिकाऊ आजीविका को संरक्षित रखने के साथ-साथ ये प्रवासी प्रजातियों और अद्वितीय पारिस्थितिक तंत्रों के लिए काफी मुफीद है।

राजद ने भाजपा पर कसा तीखा तंज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन का कहना है कि एनडीए के नेताओं को तेजस्वी फोबिया हो गया है। फोबिया तो वस्तुतः निराशा का प्रतीक है और राजनीति में यह चुनावी हार के बाद मन-मस्तिष्क को सताता है, लेकिन बिहार में प्रचंड बहुमत के बाद भी एनडीए के नेता तेजस्वी यादव को लेकर ऐसे बेहाल हैं कि जैसे जीत के बाद भी कोई सदमा हो।

उन्होंने आगे कहा, वस्तुतः स्वाभाविक जीत और गैर-स्वाभाविक जीत में यही बड़ा अंतर है, अन्यथा एक बड़े जनादेश के बाद विपक्ष पर अनर्गल टिका-टिप्पणी की आवश्यकता ही नहीं बचती। जनादेश तो जन-आकांक्षाओं पर खरा उतरने की प्रेरणा देता है, लेकिन एनडीए के नेता तेजस्वी के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी और दूसरे दलों के विधायकों के संपर्क में होने का दावा करते हुए इतरा रहे।

दूसरी ओर, जयंती पर बुधवार को सदाशिव शाने गुरुजी को राजद ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के नेतृत्व में आयोजित समारोह में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में गुरुजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण किया गया।

मंडल ने बताया कि गुरुजी अपने सरल जीवन, निःस्वार्थ सेवा और साहित्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं।

विवाहिता की सड़ी-गली लाश बरामद

चिकित्सकों ने किया पोस्टमार्टम करने से इन्कार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पश्चिम चंपारण । बथवरिया थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां 23 वर्षीय संगीता देवी का 15 दिन पुराना शव सड़े-गले अवस्था में बरामद किया गया। मृतका की पहचान बथवरिया थाना क्षेत्र के विशुनपुरवा बनकटवा निवासी रंजीत राम की पत्नी के रूप में हुई है। शव नदी थाना क्षेत्र के एक पोखरा से मिला। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। शव पुराना और सड़ा-गला होने के कारण अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम करने से इन्कार कर दिया और शव को जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। मृतका के पिता राजा राम ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी की मारपीट कर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही संगीता को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था और कुछ दिनों से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था।

शव मिलने के बाद स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही बथवरिया और नदी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। नदी थानाध्यक्ष दीपक ने बताया कि मृतका के पिता के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने सभी बिंदुओं पर जांच तेज कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

तख्त श्री हरमंदिर पहुंचे नितिन नवीन, टेका मत्था

ग्रंथियों एवं प्रबंधकों ने स्वागत कर सिरोपा भेंट किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन बुधवार को सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल तख्त श्री हरमंदिर साहिब, पटना साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ गुरु के दरबार में हाजिरी लगाई और मत्था टेककर देश, प्रदेश व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर तख्त साहिब के ग्रंथियों एवं प्रबंधकों ने उनका स्वागत किया तथा गुरु परंपरा के अनुसार उन्हें सिरोपा भेंट किया गया।

नितिन नवीन ने तख्त श्री हरमंदिर साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष श्रद्धा भाव से अरदास की। उन्होंने कहा कि पटना साहिब केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए आस्था और प्रेरणा का केंद्र है। यह पावन भूमि सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली है, जहां आकर प्रत्येक व्यक्ति को आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है।

दर्शन के दौरान उन्होंने तख्त साहिब परिसर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का संरक्षण और विकास हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान तख्त साहिब में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने शांति एवं अनुशासन के साथ दर्शन किए।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, पटना साहिब के सांसद रवि शंकर प्रसाद, पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव, विधायक रत्नेश कुमार, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, पटना नगर निगम की मेयर सीता साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

फर्जी डीटीओ सहित तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। जिले के कोंच थानाक्षेत्र से नकली जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) बनकर वाहनों से अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। गया-गोह मुख्य मार्ग के चिचौरा मोड़ से नकली डीटीओ, डीटीओ कार्यालय में पदस्थापित ईएसआई समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

इस बाबत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशांत कुमार चंचल ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद के डेहरी से प्याज लेकर गयाजी मार्केट जा रहे दो पिकअप वैन के चालक को चिचोरा मोड़ के समीप स्कार्पियो पर रहे तीन लोगों ने खुद को डीटीओ बताकर रोका। तीनों ने व्यापारी के साथ मारपीट करते हुए 10 हजार रुपये छीन लिया।

व्यापारी ने घटना की सूचना कोंच थाने को दी, तभी पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर अवैध वसूली करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवक जहानाबाद के घोसी के टरबा गांव के मनोज शर्मा के पुत्र गौरव कुमार है, जो गयाजी के जिला परिवहन कार्यालय में ईएसआई पद पर पदस्थापित है। उसके साथ घोसी थाना क्षेत्र के हरिदासपुर गांव निवासी संजय शर्मा के पुत्र गौतम कुमार और सहरसा जिले के थाना बनमा इतहरी केदार सिंह के पुत्र रंजीत सिंह शामिल हैं। गिरफ्तार लोगों में गौरव कुमार सरकारी कर्मी है।

वह अवैध वसूली का कार्य पिछले माह से कर रहा है। इनके पास से डीटीओ कार्यालय का फाइन काटने वाले रशीद समेत दो मशीन भी बरामद की गई है। ढ़ाई हजार रुपये नकद एवं एक मोबाइल मिला है। पुलिस ने उपयोग करने वाले स्कार्पियो को जब्त किया है।

स्कार्पियो के मालिक की तलाश की जा रही है। व्यापारी के आवेदन पर प्राथमिकी की गई है। डीएसपी सुशांत कुमार चंचल ने कहा कि इस तरह के जघन्य अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

पूछताछ में यह बात सामने आया है कि जिले में पदस्थापित डीटीओ राजेश कुमार जब सहरसा में पदस्थापित थे। वहां से गया स्थानांतरण हुआ था। उस वक्त गौरव कुमार वहां पदस्थापित था।

बिहार की बेटी ने रचा इतिहास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। स्थानीय मथुरिया मोहल्ला निवासी आरती गुप्ता ने इतिहास रच दिया है। वे भारत मौसम विज्ञान विभाग की पहली महिला और बिहार राज्य की पहली महिला बन गई हैं, जिन्हें 45 वें भारतीय वैज्ञानिक अंटार्कटिका अभियान के शीतकालीन अभियान में शामिल होने का अवसर मिला है।

वर्तमान में वे मौसम विज्ञान केंद्र, पटना में मौसम विज्ञानी है। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे बिहार और देश की महिलाओं के लिए गर्व का विषय है। अंटार्कटिका पृथ्वी का सबसे ठंडा, निर्जन और वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण महाद्वीप माना जाता है।यहां शीतकालीन अभियान पर जाना किसी चुनौतीपूर्ण मिशन से कम नहीं है। आरती गुप्ता का उद्देश्य अंटार्कटिका में मौसमीय अवलोकन करना, जलवायु परिवर्तन से जुड़े आंकड़ों का अध्ययन करना और भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाना है।

आरती बताती हैं कि जब उन्होंने भारत मौसम विज्ञान विभाग में कार्यभार ग्रहण किया था, उसी समय विभागीय पत्रिका में अंटार्कटिका अभियानों के बारे में पढ़ा। तभी उन्होंने ठान लिया था कि एक दिन वे स्वयं उस बफीर्ली दुनिया का हिस्सा बनेंगी। आज उनका वही सपना साकार हो रहा है।

अंटार्कटिका अभियान के लिए चयन प्रक्रिया बेहद कठोर होती है। इसमें आवेदन और शॉर्टलिस्टिंग के बाद एम्स, दिल्ली में लगभग एक सप्ताह तक गहन मेडिकल परीक्षण किया जाता है, जिसमें शारीरिक और मानसिक फिटनेस की कड़ी जांच होती है।

इसके बाद आईटीबीपी के औली स्थित पर्वतारोहण एवं स्कीइंग संस्थान में एक माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, जहां अत्यधिक ठंड, बफीर्ले क्षेत्रों और आपात स्थितियों में जीवित रहने की ट्रेनिंग दी जाती है।

अंत में आईएमडी द्वारा विभागीय प्रशिक्षण के बाद अंतिम चयन सूची जारी होती है, जिसमें आरती गुप्ता का नाम शामिल हुआ। इस शीतकालीन अभियान में लगभग 50 से अधिक वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, लॉजिस्टिक्स और मेडिकल टीम के सदस्य शामिल हैं।

अंटार्कटिका में अत्यधिक ठंड, लंबे समय तक अंधकार, सीमित संसाधन और बाहरी दुनिया से संपर्क का अभाव जैसी चुनौतियां होती हैं, जिनका सामना टीम भावना और अनुशासन से किया जाता है।

एक महिला के रूप में इस क्षेत्र में कदम रखना आरती गुप्ता के लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा भी है।

वे अपनी सफलता का श्रेय परिवार, विशेष रूप से अपने पति के सहयोग, भारत मौसम विज्ञान विभाग और अपने आत्मविश्वास को देती हैं। उनका मानना है कि कोई भी सपना संकल्प और मेहनत से पूरा किया जा सकता है।

शहरी क्षेत्रों की वंशावली निर्गत करेंगे सीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राज्य के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए वंशावली निर्गत करने का अधिकार अंचलाधिकारियों को दे दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने हवाले से बुधवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अब तक शहरी क्षेत्रों में वंशावली निर्गत करने की स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अंचलाधिकारी को सक्षम प्राधिकार नामित किए जाने से शहरी नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और सुलभ सेवा प्राप्त होगी। भविष्य में इस व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी ताकि नागरिकों को अधिकतम सुविधा उपलब्ध हो सके।

आदेश के अनुसार अब नगर निकायों के अंतर्गत आने वाले नागरिक अपने संबंधित अंचल क्षेत्र के अंचलाधिकारी से वंशावली प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

आदेश में कहा गया है कि अब तक शहरी क्षेत्रों में वंशावली निर्गत करने के लिए कोई सुस्पष्ट व्यवस्था अथवा सक्षम प्राधिकार निर्धारित नहीं था। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग के परिपत्र के तहत सरपंच द्वारा वंशावली निर्गत की जा रही है। इसी विसंगति को दूर करने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से संयुक्त प्रयास किया गया है।

इस पर महाधिवक्ता से भी विमर्श किया गया। इसके बाद विधि विभाग ने शहरी क्षेत्रों में अंचलाधिकारी को वंशावली निर्गत करने का अधिकार देने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की। विभागीय आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी तथा भविष्य में आवश्यकता के अनुसार इसकी समीक्षा कर परिवर्तन भी किया जा सकता है।

विजय हजारे ट्रॉफी में सकीबुल गनी ने तोड़ा झारखण्ड के ईशान किशन का रिकार्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। विजय हजारे ट्रॉफी में बिहार क्रिकेट के लिए यह सीजन ऐतिहासिक साबित हो रहा है। वर्षों तक झारखंड के साए में रहने वाला बिहार अब न सिर्फ अंक तालिका में उससे आगे निकल गया है, बल्कि व्यक्तिगत प्रदर्शन के मामले में भी नए रिकॉर्ड गढ़े जा रहे हैं। इसी कड़ी में बिहार के स्टार बल्लेबाज सकीबुल गनी ने झारखंड के ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा लिया है। सकीबुल गनी ने इस सत्र में लगातार शानदार पारियां खेलते हुए रन बनाने का नया कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी इस उपलब्धि के साथ ही वह टूर्नामेंट के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

इससे पहले यह रिकॉर्ड झारखंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन के नाम था, जिन्होंने अपने दौर में विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा था। लेकिन इस बार सकीबुल ने निरंतरता, धैर्य और तकनीक के दम पर उस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

बिहार की टीम का समग्र प्रदर्शन भी इस बदलाव का बड़ा कारण रहा है। जहां पहले बिहार को कमजोर टीम के रूप में देखा जाता था, वहीं इस सीजन उसने बड़े राज्यों की टीमों को कड़ी टक्कर दी है।

झारखंड के मुकाबले बिहार ने ज्यादा मैचों में जीत दर्ज कर अंक तालिका में उसे पीछे छोड़ा। टीम की इस सफलता में गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ और बल्लेबाजों की जिम्मेदार पारियां अहम रहीं।

सकीबुल गनी की बात करें तो उन्होंने सिर्फ बड़े स्कोर ही नहीं बनाए, बल्कि मुश्किल परिस्थितियों में टीम को संभालने की भूमिका भी निभाई।

शुरूआती विकेट गिरने के बाद उन्होंने कई बार पारी को संभाला और अंत तक टिककर रन बटोरे। उनकी बल्लेबाजी में आक्रामकता और संयम का बेहतरीन संतुलन देखने को मिला, जिसने उन्हें अन्य बल्लेबाजों से अलग खड़ा किया।

क्रिकेट जानकारों का मानना है कि बिहार क्रिकेट के लिए यह दौर नई संभावनाओं का संकेत है। सकीबुल गनी जैसे खिलाड़ियों का उभरना यह दिखाता है कि राज्य में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ सही मंच और निरंतर अवसर की है।

विजय हजारे ट्रॉफी में इस प्रदर्शन के बाद सकीबुल पर अब राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की भी नजरें टिक गई हैं।

दूसरी ओर, झारखंड के लिए यह सीजन आत्ममंथन का अवसर बनकर आया है। ईशान किशन जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए टीम को नए चेहरों पर भरोसा करना होगा। वहीं बिहार के लिए यह उपलब्धि सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि आत्मविश्वास की नई उड़ान है।

बेकरी में गैस रिसाव से विस्फोट

जमुई। थाना क्षेत्र के धोबघट गांव में संचालित अशोक बेकरी में बुधवार को गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण अचानक विस्फोट हो गया, जिससे बेकरी में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी बेकरी जलकर राख हो गई।

इस घटना में लगभग पांच लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना के संबंध में बेकरी संचालक अशोक यादव ने बताया कि आग लगने से बेकरी में रखी मशीनें, कच्चा माल और अन्य सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया।

उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर से अचानक रिसाव हुआ और आग की लपटें तेजी से फैल गईं। कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बेकरी में रखा सारा सामान धू-धू कर जलने लगा। इसी दौरान गैस सिलेंडर में तेज धमाका हुआ, हालांकि उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ।

विस्फोट की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए, जिससे यादव टोला में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मानदेय भुगतान में हेरफेर, लगा जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेखपुरा। नल-जल के ऑपरेटरों के मानदेय से अपनी जेब भरने वाले संवेदकों पर जिलाधिकारी ने अपनी लगाम कसनी शुरू कर दी है। इसी तरह की कार्रवाई में मालदह पंचायत के फेदालीबीघा गांव के नल-जल संवेदक पर 19 लाख 476 रुपया का जुमार्ना किया गया है तथा संवेदक के विरुद्ध श्रम आयुक्त, मुंगेर के न्यायालय में केस भी दर्ज कराया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर यह कार्रवाई श्रम अधीक्षक ने की है।

इधर एक संवेदक की लगाम कसने के साथ श्रम विभाग समूचे जिले के नल-जल के ऑपरेटरों के मानदेय को लेकर गंभीर हो गया है,जिसमें अगले सप्ताह तह कई और संवेदकों के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई हो सकती है। जिला में नल-जल के 557 ऑपरेटर हैं,जिन्हें योजना के संवेदक द्वारा मानदेय का भुगतान किया जाता है।

जिला में नल-जल के लगभग 80 संवेदक हैं। श्रम अधीक्षक राजेश सिंहा ने बताया सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी प्रति दिन 444 रुपये के हिसाब से भुगतान करना है। मगर कई जगहों से शिकायत मिलती है, जिसमें संवेदक आपरेटरों को काफी कम मानदेय का भुगतान करते हैं।

जिलाधिकारी के आदेश के बाद अब समूचे जिले में नल-जल योजना के ऑपरेटरों के मानदेय भुगतान की जांच की जा रही है। इसके लिए जिला स्तर पर जांच समिति भी बनाई गई है।

12 दिसंबर को फेदालीबीघा गांव के नल-जल ऑपरेटर मधु कुमार ने जिलाधिकारी के साप्ताहिक जनता दरबार में आवेदन देकर 17 महीने से मानदेय नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई थी। ऑपरेटर ने अपने संवेदक पर मानदेय नहीं देने के साथ पहले जो भुगतान हुआ है,उसमें भी काफी कम राशि देने की बात कही थी।

जिलाधिकारी शेखर आनंद ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कराई तब सारा मामला सामने आया। श्रम अधीक्षक ने बताया न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन 444 रुपये से कम देना सरकारी नियमों का उलंघन है।

बांकीपुर विधानसभा के बीएलए 2 और मंडल कोर कमिटी की बैठक में नितिन नवीन ने दिया मार्गदर्शन

चुनाव में प्रचंड बहुमत में बीएलए 2 ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना महानगर अंतर्गत बांकीपुर विधानसभा के बीएलए 2 और मंडल कोर टीम की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में बीएलए 2 पहुंचे। बैठक में स्थानीय विधायक और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने जहां मार्गदर्शन के तौर पर अपनी बातें रखी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी शामिल हुए। बैठक में जहां आगे की रणनीतियों पर व्यापक चर्चा की गयी वहीं संगठन को और मजबूत और सशक्त बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मार्गदर्शन के तौर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मिली सफलता को लेकर बीएलए 2 और सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत में बीएलए 2 की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले एसआईआर में भी उन्होंने अपनी कर्त्तव्यपरायणता से कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह अभी पराकाष्ठा नहीं है। अभी हमें और लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने हम पर विश्वास कर एक बार फिर से सरकार बना दी है जिससे हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है और हमें इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना भी है। उन्होंने बैठक में सभी अपनी जिम्मेदारी निर्वहन की अपील करते हुए कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने बिहार पर बड़ा भरोसा जताया है और इस भरोसे पर हम सभी को खरा उतरना है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रूप नारायण मेहता, क्षेत्रीय प्रभारी संजय खंडेलिया, पटना की उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी, धनराज शर्मा के अलावा मंडल के अधिकांश पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन जिला महामंत्री अजित कुमार लाली ने किया।

सांसद खेल महोत्सव का हुआ आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन पाटलिपुत्र खेल परिसर में किया। सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन बिहार सरकार के खेल मंत्री श्रेयसी सिंह और सांसद रविशंकर प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि पटना साहिब सांसद खेल महोत्सव का आज बहुत ही प्रभावी उद्घाटन हुआ। प्रधानमंत्री की अगुवाई में एक बहुत ही लोकप्रिय योजना साबित हो रही है जिसके अंतर्गत लोकसभा सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में विभिन्न खेलों का आयोजन करते है ताकि नई प्रतिभा को अवसर मिलें। आज के उद्घाटन सत्र में मूलतः पांच खेल फुटबॉल, कबड्डी, ताइक्वांडो, योगा और बास्केटबॉल में लगभग हजारों छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। छोटे - छोटे बच्चियां भी योगा में जिस उत्साह से अभ्यास किया वह बहुत ही प्रभावी क्षण था। सांसद खेल महोत्सव में युवा प्रतिभागियों के साथ ही उनके माता-पिता का उत्साह अभिनंदनीय है। पटना साहिब सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज केंद्र सरकार की खेल नीति को प्रभावी रूप देने के कारण बच्चियां बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर रही है और कुश्ती में भी अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के खिलाड़ियों का प्रदर्शन कॉमनवेल्थ, ओलांपिंग, एशियन्स गेम्स में बहुत ही अच्छा रहा जिस उत्साह से बच्चे इसमें भाग ले रहे हैं इससे बच्चे और बच्चियां के प्रतिभा को नया अवसर मिलेगा ताकि वे और ऊंचाई प्राप्त करेंगे। मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया व सांसद खेल महोत्सव जैसे पहल से खेल और छोटे-छोटे शहरों से प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल रहा है। सांसद रविशंकर प्रसाद और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बास्केटबॉल खेल में गोल कर खेल का शुभारम्भ किया। सांसद खेल महोत्सव में युवा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह , कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता, पटना साहिब विधायक रत्नेश कुशवाहा, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा, महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी और अन्य खेल संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। यह सांसद खेल महोत्सव का समापन 25 दिसंबर 2025 को होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जुड़ेंगे और पाटलिपुत्र खेल परिसर से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, पूर्व विधानपरिषद के सदस्य नंदकिशोर यादव, कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता, पटना साहिब विधायक रत्नेश कुशवाहा, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा, महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे और प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेंगे।

डॉ. एन.के. झा बने इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना विश्वविद्यालय के अप्लाइड इकोनॉमिक्स एंड कॉमर्स विभाग के डॉ. (प्रो.) एन.के. झा बेंगलुरु, कर्नाटक के गार्डेन सिटी यूनिवर्सिटी में इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 19-21 दिसंबर को 76वें ऑल इंडिया कॉमर्स कॉन्फ्रेंस के वार्षिक अधिवेशन के चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर वाइस प्रेसिडेंट के पद पर चुने गए हैं। सबसे गौरव की बात यह है कि इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन के पूर्वोत्तर जोन जिसमें लगभग देश के आधे राज्य आते हैं और देश का सबसे बड़ा जोन माना जाता है। आईसीए के 75 वर्षों के इतिहास में इस जोन से आज तक किसी ने सेंट्रल पैनल में किसी भी पद पर अपनी जीत हासिल नहीं की। इनका कार्यकाल तीन वर्षों के लिए होगा। ज्ञातव्य हो कि डॉ. झा ने अपने ही पुराने रिकार्ड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार शानदार जीत दर्ज की है वे तीन वर्ष पूर्व औरंगाबाद, महाराष्ट्र में आयोजित आईसीए के 73वें अधिवेशन के चुनाव में ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर चुने गए थे। डॉ. झा राष्ट्रीय स्तर पर लगातार दूसरी बार इतने बड़े बहुमत से जीतने वाले प्रथम व्यक्ति हैं। वे पटना विश्वविद्यालय के लगभग सभी बड़े पदों पर अपना सफलतापूर्वक योगदान दे चुके हैं। कुल 713 वोटों में डॉ. झा को पूरे देश से 457 वोट मिले। डॉ. झा ने कहा कि पिछले दायित्व के तुलना में इस बार और भी काफी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इस पर खड़ा होने का पूरा प्रयास करेंगे। डॉ. झा के इस सफलता से पूरे बिहार में खुशी की लहर है इसके लिए उनको देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में लोगों ने उनको बधाई दी है।

सब्जी से समृद्धि, आत्मनिर्भर किसान : बिहार की खेती को नई दिशा

कोल्ड-चेन, तकनीक और 'बिहार फ्रेश' से लोकल से ग्लोबल की ओर : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प–अर्थात वैज्ञानिक शोध को सीधे खेत तक पहुंचाने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हर भारतीय की थाली में बिहार का एक व्यंजन के दूरदर्शी विजन को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में आज बिहार ने एक और निर्णायक कदम बढ़ाया। इसी क्रम में कृषि विभाग, बिहार द्वारा ल्लसब्जी से समृद्धि, आत्मनिर्भर किसान विषय पर आज कृषि भवन, पटना के सभागार में हितधारकों के साथ एक उच्चस्तरीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री राम कृपाल यादव थे तथा बैठक की अध्यक्षता प्रधान सचिव, कृषि विभाग पंकज कुमार ने की। इस परिचर्चा का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2028-29 के लिए बिहार में वैज्ञानिक पद्धति से उच्च मूल्य वाली सब्जियों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन हेतु एक ठोस नीति एवं रोडमैप पर व्यापक मंथन करना रहा। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूप हमारा प्रयास है कि आधुनिक अनुसंधान, उन्नत बीज, नई तकनीक और नवाचार सीधे किसानों के खेत तक पहुंचे। वहीं मुख्यमंत्री का सपना है कि बिहार के अन्न, सब्जी और व्यंजन देश की हर थाली की पहचान बनें। उन्होंने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए धान-गेहूं के साथ-साथ सब्जी, फल, फूल और औषधीय फसलों को मुख्यधारा में लाना आवश्यक है। इस अवसर पर विशेष सचिव डॉ. बीरेन्द्र प्रसाद यादव, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, प्रबंध निदेशक भेजफेड एवं बिहार राज्य भंडार निगम डॉ. गगन, निदेशक पीपीएम संतोष कुमार उत्तम सहित विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न हितधारक उपस्थित रहे।

दीपोत्सव सुशासन की प्रेरणा को जीवंत रखने का प्रतीक : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर बिहार भाजपा द्वारा दीपोत्सव मनाया गया। अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं के पास दीप जलाए गए और रोशनी की गई। अटल बिहारी की स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेश कार्यालय को दीपों से सजाया गया। इधर, पाटलिपुत्र गोलंबर के पास अटल पार्क में भी दीपोत्सव मनाया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा यह दीपोत्सव अटलजी के विचारों, राष्ट्रनिष्ठा और सुशासन की प्रेरणा को जीवंत रखने का प्रतीक है। उनका मार्गदर्शन आज भी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी की जहां भी प्रतिमा है या उनके नाम पर भवन, संस्थाएं हैं, वहां दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया है। उन्होंने कहा वाजपेयी जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित किया। आज भी उनके देश के प्रति समर्पण का भाव करोड़ों लोगों को प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर देश को समृद्ध, शक्तिशाली और विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी सहभागिता निभाने का आहवान करते हुए कहा कि यही पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के पद चिन्हों पर चलकर देश को समृद्ध, आत्मनिर्भर बनाने में जुटे हुए हैं। उनका प्रयास ही है कि आज हम दुनिया भर में तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में शामिल हैं। दीपोत्सव कार्यक्रम में विधायक संजीव चौरसिया, महामंत्री राजेश वर्मा, लाजवंती झा, अमिता भूषण राठौड़, जिलाध्यक्ष रूप नारायण मेहता, प्रदेश मंत्री शोभा सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मीना झा , प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज जायसवाल, प्रभात मालाकार, मंडल अध्यक्ष कल्पना कुमारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। महिला कार्यकर्ताओं ने रंगोली और दीप की तैयारी कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

प्रधानमंत्री के सपने को साकार करेंगे नितिन नवीन : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। आज एयरपोर्ट के आगे अरण्य भवन के पास बीजेपी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार द्वारा बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का हजारों लोगों के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व बीजेपी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि आज बिहार के लिए गौरव का दिन है। बिहार का बेटा देश का नेता बनकर हमलोग के बीच आए है जिससे हम लोगों के बीच काफी उत्साह एवं उमंग का माहौल है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने से पूरे देश में युवाओं में उत्साह है जिससे पार्टी में पूरे देश के युवा भारी संख्या में पार्टी से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी ही एक ऐसी पार्टी है जो साधारण को भी देश के सर्वोच्च्य पद पर बैठाने का काम करती है एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी पूरे देश में मजबूती से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जो संकल्प है कांग्रेस मुक्त भारत, भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि चुनाव के बाद बिहार को विशेष तोहफा देंगे। वह तोहफा नितिन नवीन को दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर दिए है। इसके लिए नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय नेतृत्व के प्रति बिहार के जनता की ओर से आभार व्यक्त करते है और विश्वास दिलाते हैं कि जिस उम्मीद से नितिन नवीन को आपने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है उस उम्मीद को नितिन नवीन अपने कुशल नेतृत्व में पूरा करेंगे और कश्मीर से कन्याकुमारी तक बीजेपी का झण्डा बुलंद करेंगे।

देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में क्रिसमस समारोह सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में क्रिसमस पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक सौहार्द के वातावरण में मनाया गया। यह आयोजन प्रेम, करुणा, सेवा और मानवता के संदेश को आत्मसात करने का प्रेरक अवसर बना। इस अवसर पर बी.एड. प्रशिक्षुओं द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सजीव प्रस्तुतियां दी गईं जिनमें गीत, संगीत एवं सामूहिक सहभागिता से परिपूर्ण गतिविधियां शामिल रहीं। विशेष आकर्षण के रूप में प्राध्यापकों एवं बी.एड. प्रशिक्षुओं के मध्य आयोजित अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता ने पूरे सभागार को आनंद, उत्साह और पारस्परिक सौहार्द से भर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, संयुक्त सचिव डॉ. अवधेश कुमार नारायण, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा तथा अटल इनक्यूबेशन सेंटर के सी ओ ओ (मुख्य परिचालन अधिकारी) प्रमोद कर्ण ने क्रिसमस पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार प्रेम, क्षमा, त्याग और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी शिक्षकगण, प्रशिक्षुगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जीवन में सदैव सत्य, नैतिकता और मानव मूल्यों के पथ पर अग्रसर रहने का आहवान किया।

मानव सेवा ही सच्ची साधना : अरविंद कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। नारायण रेकी सत्संग परिवार के पटना हेड अरविंद कुमार के नेतृत्व में अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर से बचाव हेतु एक सराहनीय सेवा अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत पटना के विभिन्न मोहल्लों में 500 से अधिक जरूरतमंद लोगों को विंडचिटर (गरम जैकेट) वितरित किए गए। इस अवसर पर नारायण रेकी के पटना हेड अरविंद कुमार ने बताया कि कड़ाके की ठंड में सड़क किनारे रहने वाले, मजदूर वर्ग, रिक्शा वाले, सब्जी वाले, वृद्ध एवं असहाय लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका राज दीदी ने बताया कि नारायण रेकी का उद्देश्य मानव सेवा के भाव से जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाना है।

जीकेसी एक फरवरी को मनाएगा स्थापना दिवस, देश-विदेश में एक साथ होंगे भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक में कई अहम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में बिहार सरकार में एकमात्र कायस्थ मंत्री नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर जीकेसी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार भी प्रकट किया। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह रहा कि आगामी 1 फरवरी 2026 को जीकेसी का स्थापना दिवस देश-विदेश में एक साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। यह आयोजन भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों में स्थित जीकेसी की इकाइयों द्वारा समानांतर रूप से आयोजित किया जाएगा। राजधानी पटना में इस अवसर पर केंद्रीय और बृहत स्तर का मुख्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जिसमें बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख स्थल पर आयोजन, जीकेसी का झंडा गुब्बारों के माध्यम से आकाश में लहराने के लिए बैलून लॉन्च, सभी आयोजन स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन तथा 'एक साथ दीप से दीप जलाने' का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जो एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक होगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां होंगी तथा पूजा समितियों और कायस्थ समाज के विशिष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने की। बैठक में ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश महान, बिहार प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निलेश रंजन, राष्ट्रीय संयोजक धनंजय प्रसाद, संगठन सचिव बलराम श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। जीकेसी का यह स्थापना दिवस आयोजन कायस्थ समाज की एकता, सांस्कृतिक पहचान और संगठनात्मक मजबूती का सशक्त प्रतीक बनेगा।

सीबीसी, पटना द्वारा महाराजा महाविद्यालय, आरा में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा/पटना। महाराजा महाविद्यालय, आरा के प्रांगण में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 24 से 26 दिसम्बर 25 तक 'विकसित भारत @ 2047' विषय पर आयोजित होने वाले 3 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ संजय सिंह टाइगर, मंत्री, श्रम संसाधन सह युवा रोजगार एवं कौशल विभाग, बिहार सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना के कार्यालय प्रमुख कुमार सौरभ, भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव आदित्य विजय जैन, पदम श्री पुरुस्कार से सम्मानित भीम सिंह भवेश, राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरुस्कार से सम्मानित अनिता गुप्ता, बिहार महादलित आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ हुलेस मांझी, आरा डाक अधीक्षक आदि उपस्थित रहे।

नववर्ष की शुभकामनाएं, कबाड़ से जुगाड़ की सजावट संग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बी.डी. कॉलेज के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार को एक नई दिशा देते हुए कबाड़ से जुगाड़ तकनीक का प्रयोग कर कॉलेज परिसर को सजाया। यह पहल कॉलेज की सर्दियों की छुट्टियों से ठीक पहले नए वर्ष के आगमन पर शुभकामनाएं देने के उद्देश्य से की गई।

छात्रों ने पुराने सामान, अनुपयोगी वस्तुएं और कबाड़ सामग्री को एकत्र कर उनसे आकर्षक सजावटी वस्तुएं, रंगीन लाइट स्टैंड, पर्यावरण-अनुकूल शोपीस, क्रिसमस ट्री और आकर्षक मूर्तियां तैयार कीं। इस पहल ने न केवल उनकी तकनीकी दक्षता को उजागर किया बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पुनर्चक्रण के महत्व को भी रेखांकित किया। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह गतिविधि युवाओं में सृजनशीलता, टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करती है। छात्रों ने अपने संदेश में कहा- हम चाहते हैं कि नया वर्ष सभी के जीवन में खुशियां, ऊर्जा और सकारात्मकता लेकर आए। कबाड़ से जुगाड़ तकनीक के माध्यम से हमने यह दिखाया है कि सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने साकार किए जा सकते हैं।

प्रो. रत्ना अमृत का नववर्ष संदेश

कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने इस अवसर पर छात्रों और समाज को संबोधित करते हुए कहा नया वर्ष नई आशाओं और नए संकल्पों का प्रतीक है। हमारे छात्र जिस तरह कबाड़ से जुगाड़ तकनीक का प्रयोग कर रचनात्मकता और पर्यावरण-संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। मैं कामना करती हूं कि आने वाला वर्ष सभी के जीवन में स्वास्थ्य, समृद्धि और शांति लेकर आए। इस अवसर पर प्राचार्या ने 2026 की छुट्टियों का आकर्षक कैलेंडर जारी किया और केक काटकर सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

संपादकीय

भारत की न्यूजीलैंड से डील, अमेरिका को बड़ा झटका

अमेरिकी नीतियों की वजह से दबाव का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए न्यूजीलैंड के साथ हुआ मुक्त व्यापार समझौता राहत की खबर है। हाल में कई दूसरे देशों के साथ भी सहमति बनी है। ये समझौते अमेरिकी टैरिफ विवाद से बने नकारात्मक माहौल को दूर करने में तो मदद करेंगे ही, इनसे वॉशिंगटन के साथ प्रस्तावित डील में भी नई दिल्ली का पक्ष भारी रहेगा।न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की इस साल मार्च में भारत यात्रा के दौरान ट्रेड डील पर बात शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों की औपचारिक शुरुआत भारत की आजादी के कुछ साल बाद ही हो गई थी, लेकिन द्विपक्षीय व्यापार अब भी बेहद कम है। 2023 में यह 1.75 अरब डॉलर था और पिछले साल 2.07 अरब डॉलर। ट्रेड एग्रीमेंट से व्यापार को अगले पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य तय किया गया है। साथ ही, सर्विसेज, गुड्स, इन्वेस्टमेंट में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। न्यूजीलैंड खेती में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के लिए जाना जाता है। ट्रेड डील से उसकी उन्नत कृषि तकनीक तक पहुंच आसान होगी। महत्वपूर्ण है कि डेयरी सेक्टर में कोई छूट नहीं दी गई है और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने साफ किया है कि इस क्षेत्र में समझौता संभव नहीं। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में जिन वजहों से देर हो रही है, उनमें कृषि और डेयरी सेक्टर शामिल हैं। हाल में भारत की तरफ से व्यापारिक समझौतों में तेजी आई है। पिछले हफ्ते ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) हुआ था। दोनों देश इसे तीन महीने के भीतर लागू करना चाहते हैं। इसके बाद ओमान को भारत का 99 प्रतिशत से %यादा निर्यात टैरिफ फ्री हो जाएगा। इसी तरह, दिसंबर की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन की यात्रा के दौरान मॉस्को और नई दिगी ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने पर सहमति जताई थी। भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड एग्रीमेंट पर अब भी बातचीत जारी है। पीयूष गोयल ने वार्ता को अडवांस्ड स्टेज में बताया है। दोनों देश इसे जल्द अंजाम तक पहुंचाना चाहते हैं। इससे निर्यात क्षेत्र के साथ भारतीय शेयर बाजार को भी राहत मिलेगी। आशा है कि यूरोपीय यूनियन, इस्राइल, कनाडा के साथ भी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बात तेजी से आगे बढ़ेगी। इनसे भारतीय निर्यात में विविधता आएगी और विदेशी बाजारों में हमारे निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बेहतर होगी।

पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी पर विशेष

सनातन संस्कृति एवं विकसित राष्ट्र पर पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी की व्यापक दृष्टि

(डॉ. राकेश मिश्र)

25 दिसंबर भारतीय राजनीति के लिए अविस्मरणीय दिन है, जिस दिन भारतीय राजनीति के आदर्श पुरुष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का अवतरण हुआ था। ईमानदारी, शालीनता एवं सादगी के प्रतीक भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति में शुचिता, सरकार में सुशासन और संसदीय व्यवस्था में सर्वमान्य सांसद के रूप में स्थापित व्यक्तित्व के रूप में आज तक जीवंत हैं। अजातशत्रु अटल बिहारी बाजपेयी जी देश के दिल में सदा-सर्वदा स्मरणीय रहेंगे। यशस्वी प्रधानमंत्री के रूप में देश के आर्थिक विकास और लोगों के सामाजिक कल्याण के लिए उनका किया हुआ योगदान 21वीं सदी के भारत को राह दिखाने वाला रहा। उसी राह को मूर्त रूप देते हुए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी समृद्ध और समर्थ भारत का निर्माण कर रहे हैं। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी स%चे मायने में भारत के रत्न थे। उन्होंने जमीन से जुड़े रहकर राजनीति की और लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई थी। आज उनके विचार और देश के विकास की प्रवाह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।

भारत की राजनीति में मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करने वाले राजनेता के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी समर्थकों में समर्पण भाव पैदा करने तथा विरोधियों का दिल जीतने के लिए आज भी देश के मानस पटल पर विराजमान हैं। बेदाग और साफ सुथरा सार्वजनिक जीवन के कारण अटल बिहारी वाजपेयी जी का हर कोई सम्मान करता था। उनके विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। राष्ट्रहित को सदा सर्वोपरि माननेवाले अटल बिहारी वाजपेयी जी जब भी संसद में अपनी बात रखते थे तो उनके विरोधी भी कुछ नहीं बोल पाता था। वहीं एक संवेदनशील कवि के रूप में अपनी कविताओं के माध्यम से अटल जी हमेशा सामाजिक बुराइयों पर प्रहार करते रहे। पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के ऐसे मनीषी थे, जिनकी दृष्टि सत्ता केंद्रित न होकर सांस्कृतिक, नैतिक और मानवीय मूल्यों पर आधारित थी। वे कवि-हृदय, प्रखर वक्ता और दूरदर्शी राजनेता थे। सनातन संस्कृति को वे किसी संकीर्ण धार्मिक पहचान के रूप में नहीं, बल्कि भारत की आत्मा एक शाश्वत जीवन-दृष्टि के रूप में देखते थे। उनके विचारों में सनातन संस्कृति परंपरा और प्रगति के संतुलन का मार्ग प्रशस्त करती है।

अटल जी के अनुसार सनातन संस्कृति का मूल तत्व मानवता है। वे बार-बार कहते थे कि भारत की संस्कृति ने कभी भेदभाव नहीं सिखाया, बल्कि 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना से विश्व-कल्याण का मार्ग दिखाया। उनके लिए सनातनता का अर्थ था-समय के साथ चलने की क्षमता रखते हुए भी मूल्यों में अडिग रहना। यही कारण है कि वे आधुनिक विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण के समर्थक होते हुए भी भारतीय सांस्कृतिक चेतना को सर्वोपरि मानते थे।

अटल जी की दृष्टि में धर्म किसी पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं था। वे धर्म को कर्तव्य, नैतिकता और लोकमंगल से जोड़कर देखते थे। उनका मानना था कि राजनीति यदि नैतिक मूल्यों से विमुख हो जाए तो वह सत्ता का संघर्ष बनकर रह जाती है। सनातन संस्कृति से प्रेरित होकर वे राजनीति में शुचिता, संवाद और सहमति पर बल देते थे। 'राजनीति में विरोध हो, वैर नहीं' यह कथन उनकी सांस्कृतिक समझ का प्रतिफल था।

सनातन संस्कृति की समावेशिता अटल जी के विचारों का केंद्रबिंदु थी। वे मानते थे कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित है। भाषा, पंथ, वेश-भूषा और परंपराओं की बहुलता भारत को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत बनाती है। यह दृष्टि उन्हें विभाजनकारी राजनीति से दूर रखती थी। वे राष्ट्रवाद को सांस्कृतिक आत्मगौरव से जोड़ते थे, न कि किसी एक मत या समुदाय के वर्चस्व से।

अटल जी वसुधैव कुटुम्बकम् के प्रबल पक्षधर थे। उनकी विदेश नीति में भी सनातन संस्कृति की यही वैश्विक दृष्टि झलकती है। पड़ोसी देशों से संवाद, शांति और सहयोग पर उनका जोर इस बात का प्रमाण है कि वे भारत को विश्व-गुरु नहीं, बल्कि विश्व-मित्र के रूप में स्थापित करना चाहते थे। उनके अनुसार भारत की सांस्कृतिक शक्ति तलवार से नहीं, विचार से प्रसारित होती है।

उनकी कविताओं और भाषणों में सनातन चेतना की गहरी छाप मिलती है। वे अतीत का गौरवगान करते हुए भविष्य की ओर देखते थे। उनके लिए राम, कृष्ण, बुद्ध और विवेकानंद केवल ऐतिहासिक या धार्मिक प्रतीक नहीं थे, बल्कि नैतिक आदर्श थे-मर्यादा, करुणा, कर्म और आत्मविश्वास के प्रतीक। वे मानते थे कि सनातन संस्कृति व्यक्ति को आत्मसंयम और समाज को समरसता सिखाती है।

अटल जी की दृष्टि में राष्ट्र निर्माण केवल भौतिक विकास से संभव नहीं है। सड़कें, उद्योग और तकनीक आवश्यक हैं, किंतु इनके साथ सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्य अनिवार्य हैं। यही कारण है कि वे शिक्षा में भारतीयता, भाषा में आत्मगौरव और समाज में संवाद को महत्व देते थे। उनका भारत आधुनिक भी हो और अपनी जड़ों से जुड़ा भी-यही सनातन दृष्टि का सार था।

अंततः कहा जा सकता है कि पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी की दृष्टि में सनातन संस्कृति कोई जड़ परंपरा नहीं, बल्कि सतत प्रवाहमान जीवन-दर्शन थी। यह दृष्टि व्यक्ति को उदार, राष्ट्र को समरस और विश्व को मानवतावादी बनाती है। आज के अस्थिर और विभाजित होते वैश्विक परिदृश्य में अटल जी की यह सांस्कृतिक सोच और भी प्रासंगिक हो जाती है-क्योंकि यही सनातन संस्कृति की स%ची, अटल और कालजयी पहचान है।

सनातन संस्कृति की दृष्टि पर झलकतीं पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी की योजनाएँः

पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक सफल प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि भारतीय चेतना के संवाहक थे। उनकी राजनीति का मूल स्रोत सनातन संस्कृति की वही शाश्वत दृष्टि थी, जो मानवता, समरसता, कर्तव्य और राष्ट्रबोध को केंद्र में रखती है। वे मानते थे कि भारत का वास्तविक विकास केवल आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण से संभव है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप उनकी अनेक योजनाएँ और पहलें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सनातन संस्कृति को सुदृढ़ करने वाली रहीं।

1. सर्व शिक्षा अभियानः ज्ञान को संस्कार से जोड़ने का प्रयास : अटल जी के कार्यकाल में सर्व शिक्षा अभियान को गति मिली। यह केवल साक्षरता बढ़ाने की योजना नहीं थी, बल्कि इसका उद्देश्य समग्र शिक्षा था-जिसमें ज्ञान के साथ संस्कार भी हों। भारतीय शिक्षा परंपरा सदैव गुरु-शिष्य परंपरा, नैतिक मूल्यों और जीवनोपयोगी शिक्षा पर आधारित रही है। सर्व शिक्षा अभियान ने शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाकर सनातन संस्कृति के उस मूल मंत्र को साकार किया-सा विद्या या विमुक्तये, अर्थात् वही विद्या जो मुक्त करे।

2. राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना- तीर्थ और संस्कृति का पुनःसंयोजन स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग योजनाओं ने देश को भौगोलिक ही नहीं, सांस्कृतिक रूप से भी जोड़ा। भारत के प्रमुख तीर्थस्थल, ऐतिहासिक नगर और सांस्कृतिक केंद्र बेहतर संपर्क में आए। सनातन संस्कृति में यात्रा केवल भौतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक भी मानी जाती है-चार धाम, द्वादश %योतिर्लिंग, शक्तिपीठ आदि। अटल जी की सड़क योजनाओं ने इस सांस्कृतिक प्रवाह को आधुनिक साधनों से सशक्त किया।

3. ग्राम सड़क योजनाः - ग्राम संस्कृति और आत्मनिर्भरता का संरक्षण : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने ग्रामीण भारत को मुख्यधारा से जोड़ा। गाँव भारतीय सनातन संस्कृति की जीवित प्रयोगशाला हैं, जहाँ परंपराएँ, लोककला, संस्कार और सामुदायिक जीवन आज भी जीवंत हैं। इस योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हुई और पारंपरिक जीवन-पद्धति को नई ऊर्जा मिली। यह 'ग्रामोदय से भारत उदय' की सनातन अवधारणा का आधुनिक रूप था।

4. संस्कृति और विरासत संरक्षण के लिए संस्थागत समर्थन

अटल जी के समय भारतीय संस्कृति, साहित्य और कला को प्रोत्साहन देने वाली संस्थाओं को मजबूती मिली। साहित्य अकादमी, संगीत नाटक अकादमी और ललित कला अकादमी जैसे मंचों को सक्रिय समर्थन मिला। वे स्वयं कवि थे और मानते थे कि साहित्य व कला राष्ट्र की आत्मा को अभिव्यक्त करते हैं। यह दृष्टि सनातन संस्कृति की उस परंपरा से जुड़ी है, जहाँ कला को साधना माना गया है।

5. योग, आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान परंपरा का सम्मान

यद्यपि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बाद के काल में घोषित हुआ, किंतु अटल जी के समय योग और आयुर्वेद को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन मिला। पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को वैज्ञानिक दृष्टि से सुदृढ़ करने के प्रयास हुए। यह सनातन संस्कृति के उस सिद्धांत का विस्तार था, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर बल देता है।

6. विदेश नीति में वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना : अटल जी की विदेश नीति सनातन संस्कृति की वैश्विक दृष्टि से प्रेरित थी। पड़ोसी देशों से संवाद, शांति प्रयास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान उनकी प्राथमिकता रहे। लाहौर बस यात्रा इसका प्रतीकात्मक उदाहरण है। यह पहल दर्शाती है कि वे भारत की सांस्कृतिक शक्ति को विश्व-कल्याण के लिए उपयोग करना चाहते थे, न कि केवल राजनीतिक प्रभाव के लिए।

7. राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक आत्मविश्वास : पोखरण परमाणु परीक्षण जैसे निर्णयों के माध्यम से अटल जी ने भारत को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। यह निर्णय भी सनातन संस्कृति के 'स्वाभिमान' और 'स्वावलंबन' के सिद्धांत से जुड़ा था-जहाँ राष्ट्र अपनी सुरक्षा और सम्मान स्वयं सुनिश्चित करता है।

पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी की योजनाएँ केवल प्रशासनिक या आर्थिक नहीं थीं; वे एक सांस्कृतिक राष्ट्रनिर्माण का माध्यम थीं। शिक्षा, सड़क, गाँव, संस्कृति, स्वास्थ्य और विदेश नीति-हर क्षेत्र में उनकी सोच सनातन संस्कृति के मूल तत्वों से अनुप्राणित थी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि आधुनिकता और सनातनता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। आज जब भारत पुनः अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौट रहा है, तब अटल जी की नीतियाँ और योजनाएँ एक प्रेरक प्रकाशस्तंभ के रूप में हमारे सामने खड़ी हैं।

आज उनकी जयंती पर उनकी पंक्तियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं

देखो हम बढ़ते ही जाते॥
उज्ज्वलतर उज्ज्वलतम होती है
महासंगठन की ज्वाला
प्रतिपल बढ़ती ही जाती है
चंडी के मुंडों की माला
यह नागपुर से लगी आग
ज्योतित भारत मां का सुहाग
उत्तर दक्षिण पूरब पश्चिम
दिश दिश गूंजा संगठन राग
केशव के जीवन का पराग
अंतस्थल की अवरुद्ध आग
भगवा ध्वज का संदेश त्याग
वन विजनकान्त नगरीय शान्त
पंजाब सिंधु संयुक्त प्रांत
केरल कर्नाटक और बिहार

इसरो के 'बाहुबली' मिशन अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए बेहद अहम, दुनिया की थी नजर

(वरुण शैलेश)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आगामी 'एलवीएम3 एम6 मिशन' के तहत 24 दिसंबर को 'ब्लू बर्ड ब्लॉक-2' सैटेलाइट को कक्षा में स्थापित होने जा रहा है। यह मिशन अमेरिका में स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के साथ हुए वाणि%यक समझौते का हिस्सा है। यह मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। इसमें एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट, जिसे उसकी भारी भार वहन क्षमता के कारण 'बाहुबली' कहा जाता है, का इस्तेमाल किया गया। यह अब तक का सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइठ है, जिसका वजन 4,410 किलोग्राम है। इसरो के बाहुबली की 5 खास बातें...।

1. अगली पीढ़ी के कम्युनिकेशन सैटेलाइट

इस ऐतिहासिक मिशन के तहत अगली पीढ़ी के कम्युनिकेशन सैटेलाइट को तैनात किया जाएगा, जिसे दुनिया भर में सीधे स्मार्टफोन तक हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन किया गया है। एएसटी स्पेसमोबाइल (एएसटी एंड साइंस, एलएलसी) पहला और एकमात्र अंतरिक्ष-आधारित सेलुलर ब्रॉडबैंड नेटवर्क विकसित कर रहा है, जो सीधे स्मार्टफोन के माध्यम से सुलभ है और वाणि%यक व सरकारी दोनों अनुप्रयोगों के लिए डिजाइन किया गया है।

2. समुद्री, रणनीतिक इलाकों में मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन

सीएमएस -03 का मकसद समूचे भारतीय भूभाग, समुद्री क्षेत्रों और रणनीतिक इलाकों में सुरक्षित और मल्टी-बैंड संचार सेवाओं को मजबूत करना है। इस मिशन के साथ भारत ने बड़े और भारी उपग्रहों को खुद से लॉन्च करने की क्षमता हासिल कर ली है, जिससे वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरिक्ष महाशक्तियों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

3. उन्नत क्रायोजेनिक तकनीक का इस्तेमाल

एलवीएम 3 रॉकेट एक तीन-चरणीय लॉन्च व्हीकल है, जिसमें ठोस ईंधन, तरल ईंधन और उन्नत क्रायोजेनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस मिशन के दौरान क्रायोजेनिक चरण को दोबारा प्र%वलित (री-इग्निशन) करने का भी प्रयोग किया गया, जो भविष्य के जटिल और लचीले अंतरिक्ष अभियानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

4. बढ़ती अंतरिक्ष ताकत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक

रॉकेट को 'बाहुबली' नाम इसलिए दिया गया है क्योंकि यह असाधारण शक्ति और भारी भार उठाने की क्षमता का प्रतीक है। यह नाम भारतीय पौराणिक कथाओं के उस प्रसिद्ध पात्र से प्रेरित है, जो अपनी अतिमानवीय ताकत के लिए जाना जाता है। यह नाम भारत की बढ़ती अंतरिक्ष ताकत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर उभरा है।

5. छह अरब मोबाइल यूजर्स की समस्या होगी दूर

बहरहाल, कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'हम आज लगभग छह अरब मोबाइल उपभोक्ताओं को हो रही 'कनेक्टिविटी' की समस्या को दूर करने और उन अरबों लोगों तक ब्रॉडबैंड सुविधा पहुंचाने के मिशन पर हैं जो अब भी इंटरनेट से जुड़े नहीं हैं।' एएसटी स्पेसमोबाइल ने सितंबर 2024 में पांच उपग्रह - ब्लू बर्ड 1-5 लॉन्च किए थे, जो अमेरिका और कुछ अन्य चुनिंदा देशों में निरंतर इंटरनेट कवरेज को सक्षम बनाते हैं।

अमेरिका में स्थित इस कंपनी ने अपने नेटवर्क सपोर्ट को और मजबूत करने के लिए इसी तरह के और सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना बनाई है। इसके लिए दुनिया भर के 50 से अधिक मोबाइल ऑपरेटर के साथ साझेदारी की है। आगामी मिशन के तहत, एएसटी स्पेसमोबाइल अपने अगली पीढ़ी के संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जिसे 24 घंटे दुनिया भर में सीधे स्मार्टफोन तक हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन किया गया है। इसरो के अनुसार, यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड और एएसटी स्पेसमोबाइल (एएसटी एंड साइंस, एलएलसी) के बीच हुए समझौते के तहत एक समर्पित वाणि%यक प्रक्षेपण होगा। न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड, बेंगलुरु में स्थित इसरो की वाणि%यक शाखा है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 मिशन वैश्विक लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में उपग्रहों के समूह का हिस्सा है जिसका उद्देश्य उपग्रह के माध्यम से सीधे मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

नए भारत की नींव रखने वाले अटल बिहारी वाजपेयी

(डॉ. नाज परवीन)

हालांकि पश्चिमी देशों को भारत का बुलंदियों पर यूं परवाज होना पसंद न आया, जिसके लिए उन्होंने भारत पर कई तरह की पाबंदी लगा दीं, लेकिन अटल जी 'अटल' थे, उन्होंने दृढ़तापूर्वक भारत के फौलादी इरादों को कायम रखा और दुनिया को दिखाया कि भारत शांति और शक्ति का सामंजस्य बनाना जानता है।

अटल जी का सपना भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का था, ताकि कोई भी देश भारत की तरफ आंख उठाकर न देख सके। इसके लिए उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनाने का सपना देखा, जिसे उन्होंने शिद्दत से पूरा भी किया।

एक ऐसे भारत की परिकल्पना जो आत्मनिर्भर और सशक्त हो, विकास की ओर अग्रसर हो साथ ही मानवीय मूल्यों के साथ खड़ा हो, तकनीक से लबरेज हो और लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षक बने, तैयार करना चाहते थे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी। जिन्होंने जीवन में बड़ी से बड़ी बाधा को पार कर सबका साथ सबका विकास के नारे को सही मायने में चरितार्थ किया और नए भारत की नींव रखने वाले महानायक बने।

अटल जी एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिनूहोंने लोगों को भरोसा दिलाया कि न्याय और सामाजिक समरसता पर सबका अधिकार है। भारतीय की बात भारतीय अंदाज में सुनी भी जाएगी और कही भी जाएगी। फिर चाहे वो सदन हो या सड़क, भारतीयों का आंतरिक मामला हो या विदेशी सरजमीं पर परचम लहराने की बात हो हर भारतीय की आस्था को अटूट विश्वास से बांधा जाएगा। उनके प्रेम और विश्वास की पराकाष्ठा संपूर्ण भारतवासियों के प्रति रही इसीलिए वे पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के भी लोकप्रिय नेता में शामिल रहे।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 25 दिसम्बर सन 1924 को पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी (पिता) और कृष्णा वाजपेयी(माता) जी के घर जन्म लिया। पिता पेशे से एक अध्यापक और कवि थे, इसलिए बालपन से ही शिक्षा और साहित्य प्रेम के वातावरण में पले बढ़े, अटल जी युवा अवस्था तक आते आते, देश भक्ति एवं साहित्य में पारंगत हो चुके थे।

विजय पताका ने बदल दी जीवन की दिशा

महात्मा रामचंद्र वीर द्वारा रचित अमर रचना विजय पताका से अटल जी बहुत प्रभावित हुए, कहते हैं इस रचना को पढ़ने के बाद अटल जी के जीवन की दिशा ही बदल गयी। बचपन से देश भक्ति की जो लौ लगी, उसने इन्हें छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वयंसेवक बना डाला।

कानपुर के डी ए वी कॉलेज से एम.ए. करने के बाद वकालत की पढ़ाई प्रारम्भ की लेकिन बीच में ही पढ़ाई को विराम देकर संघ के कार्यों में लग गए। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के सानिध्य में राजनीति में महारथ हासिल की। एक साधारण परिवार में जन्म लेने के बाद भी दो बार अल्पकालिक और एक बार पूर्णकालिक प्रधानमंत्री बनने का गौरव हासिल किया।

अटल जी का सपना भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का था, ताकि कोई भी देश भारत की तरफ आंख उठाकर न देख सके। इसके लिए उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनाने का सपना देखा, जिसे उन्होंने शिद्दत से पूरा भी किया। ये वो दौर था जब पश्चिम की महाशक्तियां भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न होता नही देखना चाहती थी, इसलिए यह मिशन दुनिया के कुछ चुनिंदा सीक्रेट मिशनों की तर्ज पर पूरा किया गया।

विश्व के चौधरी के नाक के नीचे अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में एक के बाद एक पांच भूमिगत परमाणु परीक्षण करके दुनिया को अचंभित कर दिया। भारत ने एक बार फिर दिखा दिया कि वो शांति और शक्ति का बेहतर तरीके से उपयोग करना जानता है।

हालांकि पश्चिमी देशों को भारत का बुलंदियों पर यूं परवाज होना पसंद न आया, जिसके लिए उन्होंने भारत पर कई तरह की पाबंदी लगा दीं, लेकिन अटल जी 'अटल' थे, उन्होंने दृढ़तापूर्वक भारत के फौलादी इरादों को कायम रखा और दुनिया को दिखाया कि भारत शांति और शक्ति का सामंजस्य बनाना जानता है। अटल जी का सादा जीवन, सरल स्वभाव की दुनिया कायल है, उनके शब्दों का जादू पड़ोसी देश पाकिस्तान पर भी खूब चढ़ा। पाकिस्तान से संबंध बनाए रखने में उन्होंने बहुत उदारता दिखाई। 19 फरवरी सन 1999 को सदा-ए-सरहद नाम से दिगी से लाहौर बस सेवा की न केवल शुरुआत की बल्कि स्वयं प्रथम यात्री के रूप में पाकिस्तान जाकर नवाज शरीफ से मुलाकात की और नए संबंधों की नींव डाली।

राजनेता के साथा बेहतरीन कवि भी

अटल जी एक बेहतरीन कवि थे, उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से सदन में अपने विरोधियों को कई बार परास्त किया। उनके शब्दों के तीर इतने सहज और सरल रहते कि उनके विरोधी परास्त होने के साथ साथ उनकी कविताओं के कायल बन जाते। हिंदी,हिंदू, हिन्दुस्तान का जो सुंदर परिचय अटल जी ने कराया वह विरले ही देखने को मिलता है। आपकी रचनाओं में भारत की भावी पीढ़ी को प्रेरणा और त्याग का गहरा संदेश है। जब आप कहते हैं -

बाधाएं आती हैं आएं,
घिरें प्रलय की घोर घटाएं,
पावों के नीचे अंगारे,
सिर पर बरसे यदि %वालाएं,
निज हांथो में हंसते हंसते,
आग लगाकर जलना होगा,
कदम मिलाकर चलना होगा।

तब आभास होता है जैसे भारत को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया जा रहा हो। आपके विचारों में तथा व्यवहार में राष्ट्र के प्रति समर्पण सर्वोपरि रहा। अटल जी हर भारतीय के दिल में रियल हीरो के रूप में सदैव जीवित रहेंगें।

अटल जी जाने से पहले अपनी अनगिनत रचनाएं हम भारतवासियों के लिए छोड़ गए, जिन्हें हम पढ़ कर सदैव उन्हें अपने नज़दीक पाते रहेंगें। उनकी रचनाओं में, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय, मृत्यु या हत्या, अमर बलिदान(लोकसभा में अटल जी के वक्तव्यों का संग्रह), संसद में तीन दशक, अमर आग है,कुछ लेख-कुछ भाषण, सेक्यूलरवाद, राजनीति की रपटीली राहें, बिंदु बिंदु विचार, मेरी इक्यावन कविताएं इत्यादि हैं, जो देश की बेशकीमती धरोहरों में से एक हैं।

अटल जी ने अपने कार्यकाल के दौरान अनगिनत ऐसे काम किये जिससे हमारे देश की एकता और अखंडता को शक्ति मिले। उन्होंने सौ वर्षों से अधिक पुराने कावेरी विवाद को सुलझाने का प्रयत्न किया, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति, आर्थिक सलाह समिति, व्यापार एवं उद्योग समिति का गठन करना, ग्रामीण रोजगार सृजन एवं विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोगों के लिए बीमा योजना शुरू करना, सॉफ्टवेयर विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यदल, विद्युतीकरण में गति लाने के लिए केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग का गठन करना, सामाजिक सद्भाव को बरकरार रखने के लिए सरकारी ख़र्चे पर रोज़ा इफ्तार शुरू करना आदि असंख्य कार्यों को करने का श्रेय अटल जी को ही जाता है। उनके द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर उनके जन्मदिन को (25 दिसम्बर) भारत में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

अटल जी राजनीति के महारथी थे, उन्होंने अपने ज्ञान का उपयोग भारत में सामाजिक न्याय और राजनीतिक सुधार लाने के लिए किया, साथ ही सामाजिक सौहार्द को बनाये रखने में अपना अहम योगदान दिया इसलिए भारत के इस बेटे को भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व नमन करता है। विकसित और सशक्त भारत जिसमें सभी को बराबरी का अवसर मिले जो भारत की कामयाबी का आधार बने ताकि नए भारत का निर्माण किया जा सके भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी के जीवन प्रयासों में शामिल था इसलिए यदि हम यह कहें कि नए भारत की नींव रखने वाले अटल बिहारी वाजपेयी जी हैं तो कोई अतिश्योक्ति न होगी। यह लेखक के निजी विचार हैं।

किसानों के लिए जमीन से संबंधित सभी तरह के कार्य ऑनलाइन हो रहे : डीएम

प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने किया विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनसाही/कटिहार। सुशासन सप्ताह में जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी मनसाही प्रखंड के कुरेठा के पंचायत भवन कु पहुंचे। जहां विभिन्न विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किये। इस मौके पर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, मनरेगा, राजस्व सहित अन्य विभागों पर दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली।

जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि किसानों के लिए जमीन से संबंधित सभी तरह के कार्य ऑनलाइन हो रहे हैं। जो भी कागज में त्रुटि हैं उसे सुधार ऑनलाइन कर दें। उसे समय के अंदर विभाग के कर्मचारी एवं अंचलाधिकारी को अपडेट करके पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इसलिए किसी भी लोगों को प्रखंड अंचल दौड़ने की जरूरत नहीं हैं। स्वास्थ्य विभाग में कहा कि सरकार के द्वारा प्रत्येक पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए हैं जहां पर सभी तरह का इलाज निःशुल्क हो रहा हैं। साथ ही शिक्षा विभाग में सभी तरह की सुविधा सरकार के द्वारा निःशुल्क दी जा रही हैं। कृषि विभाग में सभी किसानों को बीज खाद आदि उपलब्ध कराया जा रहा हैं,साथ ही सभी पैक्स में धान की खरीदारी हो रही हैं। किसान ऑनलाइन निबंधन कराकर ही धान को पैक्स में दे। जो भी बच्चे अगर अस्पताल में जन्म लेते हैं उन्हें निःशुल्क जन्म प्रमाण पत्र अस्पताल की ओर से दिया जाता हैं,एवं जो बच्चे घर में ही जन्म लेते हैं उन्हें पंचायत के माध्यम से निःशुल्क प्रमाण पत्र दिया जाता हैं। साठ साल जिस महिला पुरुष का हो गया हैं वह प्रखंड मुख्यालय में आवेदन करें उसे प्रतिमाह 1100 रुपए का पेंशन मिलेगा। साथ ही सभी तरह के पेंशन का भी ऑफलाइन जमा प्रखंड मुख्यालय में कर सकते हैं। सभी तरह के पेंशन पाने के लिए आवेदन भरकर प्रखंड मुख्यालय में जमा कर दें। वहीं मनरेगा में जो भी मजदूर काम लेना चाहते हैं अपना आवेदन कार्यालय में जमा कर दे। जॉब कार्ड मुहैया कराया जाएगा। वहीं मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव ने 252 एकड़ जमीन जो की उपजाऊ जमीन हैं इस जगह पर उद्योग ना खोलकर इसे स्थानांतरण कर मनिहारी या कटिहार किया जाए। चितौड़िया पंचायत के मुखिया दीप नारायण पासवान ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय सहित पंचायत में अगर सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे तो सभी का कार्य सुचारू ढंग से हो जाएगा किसी को कहीं दौड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं दर्जनों लोगों को राशन कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,जॉब कार्ड आदि जिलाधिकारी अपने हाथों से लाभुक को प्रदान किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता डॉ. विनोद कुमार, सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र नाथ सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी, अंचलाधिकारी मोहम्मद इस्माइल, थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद, जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद,सरपंच प्रमोद सिंह, पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी, पंचायत समिति सदस्य फुलेश्वर उरांव, राजस्व विभाग के आरओ सह राजस्व कर्मचारी महबूब आलम, कृष्णा कुमार गणेश चौधरी, रमेश पासवान, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनसाही के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम, क्लर्क पुष्कर राज, डॉक्टर प्रेम राज, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो. बच्चा अंसारी,पंचायत रोजगार सेवक रामदेव यादव,पीटीए अनवर हुसैन, प्रखंड नाजिर विकास कुमार, डाटा ऑपरेटर पवन कुमार,पंचायत सचिव विकास कुमार प्रीतम कुमार यादव,कार्यपालक सहायक शिशिर कुमार,स्वच्छता पर्यवेक्षक रूपेश कुमार सिंह,श्रवण कुमार,विकाश मित्र विकाश ऋषि आदि मौजूद रहे।

दुर्गा मंदिर के सेवायत ने जिला पदाधिकारी को दुर्गा स्थान की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का आवेदन सौंपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनसाही/कटिहार। प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के मटियारी दुर्गा स्थान की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाने को लेकर मंदिर के सेवायत राम प्रकाश साह ने एक ज्ञापन जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी को सोपा।

सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी कुरेठा पंचायत के पंचायत भवन कुरेठा पहुंचे थे। इसी क्रम में दुर्गा मंदिर के सेवायक राम प्रकाश साह ने दुर्गा मंदिर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर एक ज्ञापन जिला पदाधिकारी को सौंपते हुए कहा कि 62 वर्ष पूर्व मेरे पिता देवनारायण साह का निधन हो जाने के बाद अब तक दुर्गा मंदिर का सेवायत पहले मेरे पिता थे। अब सेवायत मैं हूं। दुर्गा मंदिर की 0. 5 डिसमिल जमीन हैं जो की पोवी साह पिता स्वर्ग हीरामन साह के द्वारा अतिक्रमण किया हुआ हैं,उक्त जमीन का निजी उपयोग कर रहा हैं। जमीन पर फूस का घर भी बना लिया हैं। साथ ही मंदिर प्रांगण में लगे फूलों के पेड़ को उखाड़ फेंकता हैं एवं गंदगी लाकर मंदिर के आगे फेंकता हैं,कहने पर मारपीट पर उतारू हो जाता हैं। उन्होंने कहा कि कई बार आवेदन अंचलाधिकारी मनसाही को दिए हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं,थक हार कर आज सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी को दुर्गा मंदिर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग का ज्ञापन सौंपे हैं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरेठा में जल्द होगी प्रसव सेवा की शुरूआत : सीएस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनसाही/कटिहार। सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर में सिविल सर्जन जितेंद्र नाथ सिंह ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरेठा का निरीक्षण कर सुशासन शिविर में शामिल हुए। इस मौके पर सिविल सर्जन जितेंद्र नाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवा को धरातल पर उपलब्ध कराया जाएगा। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरेठा में जल्द ही प्रसव की सुविधा शुरू कराई जाएगी।

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम एवं डॉक्टर की जल्द ही प्रतिनियुक्ति की जाएगी। अभी वर्तमान में डॉक्टर जो अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में भी ड्यूटी कर रहे हैं।बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरेठा में डॉक्टर एवं एएनएम की प्रतिनियुक्ति करेंगे। जल्द ही अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरेठा में प्रसव की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सुशासन शिविर में 120 रोगियों की जांच डॉक्टर प्रेमराज के द्वारा किया गया । इस मौके पर डॉक्टर प्रेमराज ने बताया कि सुशासन शिविर में लोगों ने हिस्सा लिया 120 लोगों ने अपनी अपनी परेशानी को बताया जिसमें हाइपरटेंशन पॉजिटिव के 9 व्यक्ति एवं डायबिटीज पॉजिटिव के चार व्यक्ति मिले तथा सभी 120 लोगों को दवाई उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन जितेंद्र नाथ सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेम राज, डीपीएम डॉक्टर किसलय, क्लर्क पुष्कर राज, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम,लेब के राजीव रमण,एएनएम प्रीति कुमारी, कोमल कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सीएचओ श्रवणपुरी गोस्वामी, नरेंद्र, संगीता बेसरा डाटा ऑपरेटर संतोष कुमार आदि मौजूद रहे ।

ट्रेन से गिरकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरारी /कटिहार। काढ़ागोला रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर से लगभग छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित फुटानी हाट के समीप रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो जाने की खबर सामने आई है।

घटना की जानकारी मिलते ही बरारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह घटना देर शाम की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति का शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बरारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की उम्र और पहचान को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आ पायी है। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति किसी ट्रेन से गिरा होगा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।बरारी थाना पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा के आधार पर अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनसाही/कटिहार। प्रखंड के क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय राखाटोला में हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा के आधार पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार रजक ने किया। इस मौके पर श्री रजक ने अभिभावक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रत्येक दिन स्कूल भेजें उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाली सभी तरह की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएगी एवं प्रत्येक दिन विद्यालय में एनजीओ के द्वारा एमडीएम का खाना गरमा गरम दिया जाता हैं जिससे बच्चों को भी प्रत्येक दिन खाना खिलाया जाता हैं इसलिए सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों को प्रत्येक दिन स्कूल भेजें। वहीं जो भी पढ़ाई अगर स्कूल में हो रहा हैं अभिभावक प्रत्येक दिन अपने बच्चों का कॉपी चेक करें कि बच्चे स्कूल जाकर पढ़ रहे हैं कि नहीं पढ़ रहे हैं एवं किसी भी तरीके की परेशानी बच्चों के साथ हो रही हैं उसे भी आकर हमें कह सकते हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार रजक, शिक्षक मो. एहतासमूल हक, नमिता सिंह, इस्मत आरा प्रवीण, प्रमिला कुमारी, रंजीता कुमारी,अर्चना कुमारी, फिरोजा खातून आदि मौजूद रहे ।

कटिहार के जलयोद्धा को मिली राष्ट्रीय पहचान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

- गणतंत्र दिवस परेड-2026 दिल्ली में दिखेगा गंगा संरक्षण का संदेश
- स्वच्छ गंगा के संकल्प से गणतंत्र के पथ तक
- नवीन चौधरी 'बाबा' की सेवा यात्रा को मिला सम्मान

बरारी /कटिहार। बिहार राज्य गंगा नदी संरक्षण कार्यक्रम प्रबंधन सोसायटी एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के पत्र के आलोक में गंगा नदी, उसकी सहायक नदियों, जलस्रोतों, आद्रभूमि एवं जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 'वॉटर वॉरियर्स' की सहभागिता हेतु गणतंत्र दिवस परेड-2026 में गंगा समग्र के जिला संयोजक नवीन चौधरी 'बाबा' को नामित किया गया है। यह चयन न केवल कटिहार जिले, बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।

नवीन चौधरी 'बाबा' पिछले सात वर्षों से निरंतर माँ गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण एवं जनजागरूकता के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। वे प्रत्येक रविवार काढ़ागोला घाट पर बृहद स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाते हैं, जिसमें गंगा तट पर फैले कूड़े-कचरे की सफाई कर उसका वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निपटान किया जाता है। उनके प्रयासों से घाट की स्वच्छता के साथ-साथ आमजन में गंगा के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी विकसित हुआ है। गंगा के प्रति आस्था और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ते हुए 'बाबा' प्रत्येक माह पूर्णिमा तिथि को भव्य गंगा आरती का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग शामिल होकर स्वच्छ एवं निर्मल गंगा का संकल्प लेते हैं। इसके साथ ही वे प्रकृति संरक्षण के लिए गंगा किनारे देववृक्षों का रोपण भी कर रहे हैं। बरगद, पीपल और पाखर जैसे वृक्ष, जो अधिक मात्रा में ऑक्सीजन देने के साथ नदी तंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं, उनके अभियान का प्रमुख हिस्सा हैं। इन पौधों को वे अपने घर पर ही तैयार कर सुरक्षित रूप से गंगा किनारे रोपित करते हैं।प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता अभियान भी 'बाबा' की पहचान बन चुका है। वे कपड़े की थैलियों का वितरण कर लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हैं और नदियों में किसी भी प्रकार का कचरा न फेंकने के लिए लगातार प्रेरित करते हैं। उनका उद्देश्य जल प्रदूषण को रोकना और गंगा में रहने वाले जलीय जीवों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से बचाना है। इसके अतिरिक्त, नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के लिए वे सरकार को समय-समय पर ज्ञापन सौंपकर भी अपनी बात मजबूती से रखते रहे हैं।

अपने चयन पर प्रतिक्रिया देते हुए नवीन चौधरी 'बाबा' ने जिला गंगा समिति के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इस प्रकार का राष्ट्रीय स्तर का सम्मान गंगा एवं सहायक नदियों के संरक्षण में लगे सभी जलयोद्धाओं का मनोबल बढ़ाता है। उन्होंने नमामि गंगे के जिला परियोजना पदाधिकारी ब्रजमोहन यादव को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। जिला गंगा समिति, कटिहार द्वारा गणतंत्र दिवस परेड-2026 में गंगा समग्र के जिला संयोजक को भेजे जाने की घोषणा से पूरी गंगा समग्र टीम में हर्ष और उत्साह का माहौल है। जिला सह-संयोजक मनोज साह, जितेन्द्र, आरती प्रमुख जीवछ गुप्ता, गंगा सेविका जिला संयोजिका संजीता कुमारी, गौतम भगत, योगेश पंडित, उमाशंकर चौधरी सहित अन्य सदस्यों ने जिला गंगा समिति को साधुवाद देते हुए इसे जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया है।

डीएम ने बाबा गोरखनाथ धाम में की पूजा-अर्चना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सालमारी/कटिहार। जिला पदाधिकारी आषुतोष द्विवेदी बुधवार को प्रसिद्ध बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। पूजा के उपरांत जिला पदाधिकारी ने मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किये।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता,प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने मंदिर परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को बारीकी से देखे और संबंधित अधिकारियों से कार्य की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, डिजाइन और कार्य की गति पर विशेष ध्यान दिये। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता न किया जायेगा। निरीक्षण के बाद जिला पदाधिकारी ने निर्माण एजेंसी एवं बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर समिति के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अब तक पूर्ण हो चुके कार्यों और शेष बचे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गई। साथ ही उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किया जाये। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि बाबा गोरखनाथ धाम जिले का एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है।जहां दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। इसे विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में पर्यटन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाये और समय पर सभी योजनाओं को पूर्ण किया जाये। ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस मौके पर डीसीएलआर प्रियंका कुमारी, आजमनगर सीओ रिजवान आलम,मंदिर समिति के सचिव पिंटू यादव सहित समिति के अन्य सदस्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे । निरीक्षण और बैठक के दौरान सभी ने बाबा गोरखनाथ धाम के समग्र विकास को लेकर सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाये।

सर्वेक्षित परिवारों के सत्यापन को लेकर हुई समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरारी/कटिहार। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सर्वे में शामिल परिवारों के सत्यापन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना के तहत चिन्हित लाभार्थियों के सत्यापन कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया।

बीडीओ धीरेंद्र कुमार धीरज ने बताया कि चेकर प्रणाली के माध्यम से सर्वेक्षित परिवारों का सत्यापन कार्य 31 दिसम्बर तक पूर्ण किए जाने का विभागीय निर्देश है। इस प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के लिए सभी संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा - निर्देश प्रदान किए गये। सत्यापन कार्य के दौरान पात्रता की पूरी जांच की जाए। ताकि वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को ही योजना का लाभ मिल सके। इसके साथ ही फील्ड स्तर पर भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट समय पर जमा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक राजेश रंजन, लेखपाल घनश्याम कुमार, कार्यपालक सहायक सुजीत कुमार सहित अन्य आवास कर्मियों की उपस्थिति रही।

पंचायत समिति की बैठक में गरजे जनप्रतिनिधि विकास में भेदभाव नहीं होगा : विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरारी/कटिहार। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में उप प्रमुख रैनी कौर की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार धीरज ने किया। मंच पर बरारी विधायक विजय सिंह, बीपीआरओ राज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि राजीव भारती, कनीय विद्युत अभियंता शिव शंकर कुमार, प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुशर्रफ हुसैन, राजस्व पदाधिकारी आनद कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी आदर्श अमन, प्रमुख प्रतिनिधि मो. इलियास सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सदन में प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी मुखिया और पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने विधायक विजय सिंह को फूल-माला व शाल देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि पक्ष-विपक्ष से ऊपर उठकर बरारी का विकास होना चाहिए। वित्तीय वर्ष में आने वाली राशि का समान वितरण हो, गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। गलत कार्यों में संलिप्त पदाधिकारियों की जांच कराई जाएगी, विशेष रूप से शीशिया पंचायत में मनरेगा की जांच होगी। उप प्रमुख रैनी कौर ने कहा कि विकास कार्यों में सभी पदाधिकारी सहयोग करें। यह वर्ष की अंतिम बैठक है, इसलिए सभी मुद्दों पर गंभीर चर्चा जरूरी है। बार-बार बैठकों में सीओ की अनुपस्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है, इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। वैशागोविंदपुर पंचायत समिति सदस्य फरिजुल हक ने अंचल कार्यालय पर सवाल उठाते हुए कहा कि चार साल से प्रस्ताव पास होते हैं, लेकिन जमीन संबंधी कार्यों का निष्पादन नहीं होता। राशन कार्ड के लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगना चाहिए।जिस पर राजस्व पदाधिकारी ने कहा कि जहां संभव नहीं होगा, वहां जिला अभिलेख से नकल उपलब्ध कराई जाएगी। आपूर्ति पदाधिकारी आदर्श अमन ने बताया कि कर्मी उपलब्ध कराए जाएंगे, आवंटन विभागीय प्रक्रिया से होता है। आंगनबाड़ी को लेकर पंचायत समिति सदस्य दीपक सिंह ने वार्डों में दूरी की समस्या उठाई। सीडीपीओ ने कहा कि मिनी आंगनबाड़ी का प्रावधान समाप्त हो चुका है, नई स्वीकृति के बाद ही केंद्र खुलेंगे। जिस पर विधायक ने निर्देश दिया कि जहां स्वीकृति मिली है, वहीं केंद्र स्थापित हो, दूरी वाले बच्चों की परेशानी दूर की जाए। गुरुमेला मुखिया राजकुमार यादव ने निषाद टोला में आंगनबाड़ी की मांग दोहराई। राशन और पेंशन पर दीपक सिंह ने कहा कि दलालों के माध्यम से काम जल्दी होता है, सामान्य प्रक्रिया में देरी होती है।जिस पर विधायक ने कहा कि यह सुशासन

- बैठक में मनरेगा, राशन, आंगनबाड़ी, पेंशन व स्वास्थ्य पर हुई चर्चा
- गलत कार्यों की जांच और गुणवत्ता पर होगा सख्त नियंत्रण : बीडीओ

की सरकार है, गलत काम बर्दाश्त नहीं होंगे।विधवा पेंशन पर उन्होंने प्रक्रिया सरल करने की अपील की।आरओ आनद कुमार ने कहा कि स्थलीय जांच के आधार पर ही आय का निर्धारण होगा। मनरेगा पर बीडीओ धीरेंद्र कुमार धीरज ने कहा कि अब 125 दिनों का रोजगार मिलेगा। 26 दिसंबर को विशेष ग्राम सभा होगी। मनरेगा पीओ ने बताया कि 1 अप्रैल से नई योजनाएं शुरू होंगी, मजदूरी 255 रुपये है। जल संरक्षण, तालाब खुदाई, मछली पोखर व आजीविका आधारित योजनाओं पर जोर रहेगा। पंचायत समिति सदस्य दिलशाद आलम ने योजनाओं की सूची सार्वजनिक करने की मांग की।सकरेली मुखिया जनार्दन साह ने कटरिया चौक पर विवाह भवन की मांग रखी। नवल किशोर सिंह ने गंगा पर पुल निर्माण का मुद्दा उठाया। दक्षिणी भंडारतल मुखिया मो इब्राहिम ने सरकारी भूमि पर विवाह भवन निर्माण की मांग की।

प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समेली/कटिहार। प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीपीआरओ मो. हाशिम की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति बीएलबीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान राज्य सरकार की बैंकिंग योजनाओं के तहत जिले को आवंटित लक्ष्यों की समय पर शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक में सभी बैंकों को खातों एवं सदस्यों से जुड़े लक्ष्य अनिवार्य रूप से पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी से संबंधित ऋण आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन करने को कहा गया, ताकि लाभुकों को समय-सीमा के भीतर ऋण मिल सके। बीपीआरओ मो. हाशिम ने कहा कि सरकारी योजनाओं से जुड़े ऋण आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। सभी बैंक समयबद्ध रूप से ऋण स्वीकृति व वितरण करें और पोर्टल पर नियमित रूप से जानकारी अद्यतन करें।पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पात्र लाभुकों के ऋण आवेदन बिना कारण निरस्त न करने का निर्देश दिया गया। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के लक्ष्यों को हर हाल में पूरा करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा पीएम सूर्य घर योजना के अधिक प्रचार-प्रसार,खातों के लेन-देन की अद्यतन जानकारी प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराने तथा एक व्यक्ति द्वारा लिए जा रहे अनेक ऋणों की निगरानी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक कटिहार सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक और जीविका बीपीएम समेली मौजूद रहे।

जल्द सस्ती हो सकती हैं दवाइयां

70 प्रतिशत एपीआई चीन से आयात करता है भारत

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में आम लोगों के लिए राहत भरी खबर है। आने वाले समय में दवाइयों की कीमतों में कमी आ सकती है। दवा उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि दवाओं के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल, यानी एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स की कीमतों में हाल के महीनों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जिसका सीधा असर दवाओं की कीमतों पर पड़ सकता है।

भारत में फार्मा इंडस्ट्रीज का एक बड़ा हिस्सा चीन से आयात किए जाने वाले एपीआई पर निर्भर है। अनुमान के अनुसार, भारत अपनी लगभग 70 प्रतिशत एपीआई की जरूरतें चीन से पूरी करता है। कोविड-19 महामारी के दौरान इस कच्चे माल की कीमतें काफी बढ़ गई थीं, जिससे दवाइयां महंगी हो गई थीं। हालांकि अब स्थिति बदलती नजर आ रही है।

खबरों के मुताबिक, चीन में एपीआई की कीमतों में 35 से 40 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। उदाहरण के तौर पर, पैरासिटामोल का एपीआई, जो महामारी के समय करीब 900 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया था, अब घटकर लगभग 250 रुपये प्रति किलो हो गया है। इसी तरह, एमोक्सिसिलिन और क्लैवुलानेट जैसे एंटीबायोटिक दवाओं के कच्चे माल की कीमतों में भी काफी कमी आई है।

जरूरत से ज्यादा उत्पादन क्षमता से हो रहा घाटा

फार्मा इंडस्ट्रीज के जानकारों का कहना है कि चीन में कोविड के बाद जरूरत से ज्यादा उत्पादन क्षमता विकसित हो गई थी, जिसके चलते अब एपीआई की सप्लाई अधिक और मांग कम हो गई है। इसी वजह से कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो भारतीय दवा कंपनियों की उत्पादन लागत घटेगी और इसका फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंच सकता है। हालांकि, विशेषज्ञ यह भी चेतावनी दे रहे हैं कि दवाइयों की कीमतें तुरंत कम नहीं होंगी। कंपनियां आमतौर पर पुराने स्टॉक खत्म होने के बाद ही नई कीमतों का असर दिखाती हैं। इसके अलावा, कुछ भारतीय एपीआई निर्माता मानते हैं कि बहुत कम कीमतें उनके लिए नुकसानदायक हो सकती हैं, क्योंकि इससे घरेलू उद्योग पर दबाव बढ़ता है।

दाम न घटे तो सरकार कर सकती है हस्तक्षेप

सरकार भी इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी आवश्यक दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करती है और जरूरत पड़ने पर अधिकतम खुदरा मूल्य में बदलाव कर सकती है। यदि कच्चे माल की कीमतें लंबे समय तक कम रहती हैं, तो सरकार दवाओं की कीमतों में कटौती का फैसला ले सकती है। कुल मिलाकर, आने वाले महीनों में अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो आम मरीजों को सस्ती दवाइयों का लाभ मिल सकता है। यह खासकर उन लोगों के लिए राहत की खबर है, जो लंबे समय से बढ़ती दवा कीमतों से परेशान हैं।

ब्लैकस्टोन का भारतीय बैंकिंग में एंट्री, टाटा स्टील का पूरा कब्जा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने मंगलवार को अमेरिकी प्राइवेट इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें वारंट के जरिए फेडरल बैंक में 9.99 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी खरीदने की बात थी। इससे वैश्विक निवेशक के लिए इस प्राइवेट सेक्टर के बैंक में प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है।

प्रतिस्पर्धा आयोग ने कहा कि प्रस्तावित लेन-देन में ब्लैकस्टोन की एक इकाई, एशिया सेकंड टॉपको एक्सआइआइ प्राइवेट लिमिटेड, फेडरल बैंक के इक्विटी शेयरों की सदस्यता लेने का अधिकार रखने वाले वारंट खरीदेगी। आयोग के अनुसार, वारंट के पूरी तरह से प्रयोग हो जाने पर, खरीदार फेडरल बैंक की चुकता पूंजी का 9.99 प्रतिशत हिस्सा धारण करेगा।

क्या करता है फेडरल बैंक- ब्लैकस्टोन को बैंक के बोर्ड में एक निदेशक नामित करने का भी अधिकार होगा, बशर्ते कि उसके पास कम से कम 5 प्रतिशत हिस्सेदारी बनी रहे। फेडरल बैंक एक निजी क्षेत्र का कॉमर्शियल बैंक है जो जमा, कर्ज और भुगतान समाधान सहित बैंकिंग उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है।

टाटा स्टील अब अकेले चलेगी टाटा ब्लूस्कोप में- एक अलग मंजूरी में, सीसीआई ने टाटा स्टील लिमिटेड के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी, जिसमें ब्लूस्कोप स्टील एशिया होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के पास मौजूद शेष 50 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी खरीदकर टाटा ब्लूस्कोप स्टील पर एकमात्र नियंत्रण हासिल करना शामिल है। टाटा ब्लूस्कोप स्टील वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की ब्लूस्कोप स्टील लिमिटेड और टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स लिमिटेड के बीच 50 :50 का एक ज्वाइंट वेंचर है। टाटा स्टील लौह अयस्क खनन और इस्पात उत्पादन में संलग्न है, जबकि टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स कोटेड स्टील के क्षेत्र में कार्यरत है और सरफेस कोटेड स्टील उत्पाद एवं संबंधित समाधान प्रदान करता है।

गेल ने छत्तीसगढ़ के लिए की बड़ी डील, 220 तक जा सकता है शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी-गेल (इंडिया) लिमिटेड ने एक बड़ी डील की है। यह डील उर्वरक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के साथ की गई है। इस खबर के बीच गेल के शेयर में मंगलवार को मामूली उछाल आया। हालांकि, गेल के शेयर में अभी तेजी का अनुमान है।

क्या है डील की डिटेल- गेल (इंडिया) लिमिटेड और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच यह गैर-बाध्यकारी डील है, जिसके तहत गेल राज्य में एक ग्रीनफील्ड गैस आधारित उर्वरक संयंत्र स्थापित करने की संभावनाओं का अध्ययन करेगी। समझौते के मुताबिक गेल 12.7 लाख मीट्रिक टन क्षमता वाले यूरिया निर्माण संयंत्र के लिए विस्तृत तकनीकी और आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन (टेक्नो-इकोनॉमिक स्टडी) करेगी। प्रस्तावित संयंत्र को गेल की मुंबई नागपुर झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एमएनजेपीएल) कॉरिडोर के आसपास रणनीतिक रूप से स्थापित करने की योजना है।

सौर ऊर्जा व आईटी क्षेत्र के सामानों पर भारत की सख्ती से चीन परेशान

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन ने सौर ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के लिए नई दिल्ली की अपनाए जा रहे समर्थन उपायों को लेकर भारत के खिलाफ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि कुछ तकनीकी उत्पादों के लिए भारत द्वारा निर्धारित टैरिफ या आयात शुल्क, और आयातित वस्तुओं के बजाय घरेलू वस्तुओं के उपयोग पर निर्भर उपाय, चीनी वस्तुओं के साथ भेदभाव करते हैं।

बीजिंग इन क्षेत्रों के अंतर्गत वस्तुओं का एक प्रमुख निर्यातक है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के एक संचार के अनुसार, चीन ने डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान नियमों के तहत भारत के साथ बातचीत करने की मांग की है।

चीन ने दावा किया है कि भारत की ओर से किए गए ये उपाय और प्रोत्साहन विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के टैरिफ और व्यापार से जुड़े समझौते से संबंधित नियमों का उल्लंघन करते हैं। चीन ने कहा है, मेरे अधिकारियों ने मुझे भारत सरकार के साथ परामर्श करने का निर्देश दिया है... भारत द्वारा कुछ प्रौद्योगिकी उत्पादों को दिए जाने वाले टैरिफ व्यवहार और भारत द्वारा अपनाए गए कुछ उपायों के संबंध में, जो आयातित वस्तुओं के बजाय घरेलू वस्तुओं के उपयोग पर निर्भर हैं या जो अन्यथा चीनी मूल की वस्तुओं के साथ भेदभाव करते हैं। चीन ने आरोप लगाया है कि भारत के उपायों से सोलर सेल, सोलर मॉड्यूल और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्रों में वस्तुओं के व्यापार पर असर पड़ता है। इसने उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाः उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रोत्साहन के लिए पात्रता और वितरण को नियंत्रित करने वाली शर्तों पर सवाल उठाए हैं। इसमें कहा गया है कि सोलर मॉड्यूल कार्यक्रम के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहन कई मानदंडों पर आधारित हैं, जिनमें निर्धारित न्यूनतम स्थानीय मूल्यवर्धन की आवश्यकता भी शामिल है।भारत ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयातित वस्तुओं पर निर्भरता कम करने के लिए ये उपाय किए हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के अनुसार, विवाद निपटान प्रक्रिया का पहला चरण परामर्श लेना है।

डिमांड में नायका के शेयर, मोतीलाल ओसवाल ने तय किया टारगेट प्राइस

नई दिल्ली, एजेंसी। बाजार में सुस्ती के बीच मंगलवार को नायका की पैरेंट कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स के शेयर डिमांड में नजर आए। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन यह शेयर 1.14 प्रतिशत बढ़कर 256.65 रुपये पर पहुंच गए। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 273.20 रुपये है।
शेयर के 52 हफ्ते का लो 154.90 रुपये है। आपको बता दें कि नायका के शेयरों में पिछले एक साल में 60 परसेंट से ज्यादा की तेजी आई है जबकि पिछले छह महीनों में यह 25 परसेंट से ज्यादा बढ़ा है।

ब्रोकरेज ने कवरेज शुरू किया- घरेलू ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स के शेयर पर कवरेज शुरू किया है। मोतीलाल ओसवाल का कहना है कि जहां सामान्य ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म लॉजिस्टिक्स और डिस्काउंटिंग पर प्रतिस्पर्धा करते हैं। वहीं नायका कंटेंट, प्रभाव और ब्रांड विश्वास के जरिए खुद को अलग पहचान दिलाता है। इसका इन्वेंट्री-लेड मॉडल, सीधे ब्रांड संबंध और ओमनी-चैनल उपस्थिति इसे नकली उत्पादों और कमोडिटाइजेशन से प्रभावित बाजार में अलग बनाती है। बता दें कि नायका के पास भारत के ऑनलाइन ब्यूटी और पर्सनल केयर मार्केट का लगभग 27 प्रतिशत हिस्सा है। भारत का बीपीसी बाज़ार एक स्ट्रक्चरल इन्फ्लेक्शन पॉइंट पर है, जिसमें ऑनलाइन पैठ एफवाय25 में लगभग 22 प्रतिशत से बढ़कर स्त्रङ्क30 तक 35 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

चांदी ने सोने की तरह ही निवेशकों को मालामाल किया

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने की चमक के पीछे चांदी दशकों से एक भरोसेमंद निवेश के तौर पर चुपचाप अपनी जगह बनाए हुए है। यह कीमती धातु उथल-पुथल, महंगाई और वैश्विक अनिश्चितता के दौर में भी काफी हद तक स्थिर रही है। लंबे समय में इसका प्रदर्शन शानदार रहा है। इसने इसे शेयर और बॉन्ड से हटकर अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने वाले निवेशकों का पसंदीदा बना दिया है। चांदी के ऐतिहासिक रुझानों पर करीब से नजर डालने से पता चलता है कि यह आज भी धन बचाने के लिए महत्वपूर्ण संपत्ति क्यों बनी हुई है।

साल 2000 में अगर किसी ने चांदी में 10,000 का निवेश किया होता और 25 साल तक बनाए रहता तो आज वह 2,64,550 का मालिक होता। इसका मतलब है कि निवेश 26 गुना बढ़ गया होता। यह लंबे समय तक निवेश करने के फायदे और समय के साथ धन को सुरक्षित रखने और बढ़ाने में चांदी की क्षमता को दर्शाता है।

फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 में भारत में चांदी की औसत कीमत करीब 7,900 रुपये प्रति किलोग्राम थी। आज चांदी 2.17 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के करीब कारोबार कर रही है।

इसने लंबे समय के निवेशकों को 2,600 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। सदी की शुरुआत में चांदी को ज्यादातर एक औद्योगिक धातु माना जाता था। इसकी मांग में उतार-चढ़ाव आता रहता था। बहुत कम लोग इसे लंबे समय में धन बनाने वाला मानते थे। हालांकि, सालों से चांदी के प्रदर्शन ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया है।

शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव में बनी ढाल- सोना की तरह चांदी भी लगभग चार दशकों से महंगाई और बाजार की अस्थिरता के खिलाफ एक मजबूत ढाल का काम कर रही है। ऐतिहासिक विश्लेषण से पता चलता है कि जिन सालों में घरेलू शेयर बाजार में निगेटिव रिटर्न मिला, उन सालों में चांदी ने निवेशकों के पोर्टफोलियो को स्थिरता प्रदान की। शेयर बाजार में कई बार तेजी और मंदी के साइकिल आए। इनमें डॉट-कॉम क्रेश, वैश्विक वित्तीय संकट, महामारी के कारण आई अस्थिरता और हालिया भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। इन सबके बावजूद चांदी ने मूल्य के भंडार के रूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी।

यस बैंक ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में कहा है, सोने की तरह चांदी एक सेफ हेवन के रूप में काम करती है। लेकिन, इसके अन्य महत्वपूर्ण ड्राइवर भी हैं। यह एआई बूम और डेटा सेंटर के विस्तार जैसी परिवर्तनकारी ताकतों के साथ स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और फोटोवोल्टिक्स और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) जैसे सेक्टर के लिए अभिन्न है। बढ़ते सैन्य खर्च के बीच चांदी रक्षा कार्यक्रमों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में खुदरा निवेश की मांग में बढ़ोतरी के साथ 2026 में चांदी की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है। अक्टूबर में शुरू हुई सप्लाई में गंभीर कमी ग्लोबल बाजारों को प्रभावित कर सकती है। जबकि अमेरिकी सरकार ने चांदी को एक महत्वपूर्ण खनिज घोषित किया है।

चांदी की कीमतों ने रिकॉर्ड स्तर छुआ

साल 2025 में चांदी ने अभूतपूर्व स्तर छुआ, जो इस कीमती धातु की मजबूत वापसी का संकेत देता है। मंगलवार 23 दिसंबर को इंट्रा-डे ट्रेड के दौरान स्पॉट सिल्वर पहली बार 70 के आंकड़े को पार कर गया। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर इंडेक्स में कमजोरी जैसे अनुकूल वैश्विक संकेतों ने इस तेज उछाल का समर्थन किया। भारत में भी चांदी की कीमतों ने रिकॉर्ड स्तर छुआ।

पैसे बचाने के लिए चलाई साइकिल, सिर्फ 30,000 से बना दी 10 करोड़ सालाना टर्नओवर वाली कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में हर साल लाखों इंजीनियर ग्रेजुएट होते हैं। लेकिन, उनमें से आधे से भी कम रोजगार के योग्य माने जाते हैं। इस गंभीर समस्या को ओडिशा में मयूरभंज के इंजीनियर हिमांशु शेखर पंडा ने न केवल समझा, बल्कि इसे हल करने का बीड़ा भी उठाया। सालाना 7-8 लाख रुपये की कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर और सिर्फ 30,000 रुपये की बचत से हिमांशु ने स्काय स्किल एकेडमी की नींव रखी।

आज यह स्टार्टअप 10 करोड़ रुपये के सालाना टर्नओवर तक पहुंच चुका है। यह 2 लाख से अधिक छात्रों को ईवी, एआई और रोबोटिक्स जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर चुका है। आइए, यहां हिमांशु शेखर पंडा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

नौकरी छोड़ने का लिया फैसला -हिमांशु शेखर पंडा ओडिशा के मयूरभंज जिले के एक छोटे से कस्बे से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता सरकारी सेवा में थे और माता टीचर। हिमांशु शेखर पंडा पढ़ने-लिखने में बहुत तेज थे। लेकिन, उनका दिल हमेशा मेंटरिंग और ट्रेनिंग में लगा रहता था। कॉलेज के बाद उन्होंने एक बड़ी कंपनी में अच्छे पैकेज पर नौकरी की। लेकिन, उद्यमी बनने की चाहत ने उन्हें चैन से बैठने नहीं दिया। उन्होंने नौकरी छोड़ने का फैसला किया। लेकिन, नौकरी एक कॉन्ट्रैक्ट (बॉन्ड) पर थी। इसलिए उन्हें नौकरी छोड़ने के लिए 3 लाख रुपये का भुगतान करना पड़ा। सेविंग के लिए हिमांशु ने बाइक के बजाय साइकिल का सहारा लिया। हर दिन 10 किलोमीटर साइकिल चलाकर पैसे बचाए।

आसान नहीं था सफर

हिमांशु का सफर आसान नहीं था। 2019 में आए फानी चक्रवात ने उनके इन्फ्रास्ट्रक्चर को 10 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाया। फिर कोरोना की महामारी ने फिजिकल ट्रेनिंग को पूरी तरह ठप कर दिया। लेकिन, हिमांशु ने हार नहीं मानी। उन्होंने संकट के समय अपनी टीम के 18 सदस्यों को साथ रखा और अपनी निजी बचत से उनका खर्च उठाया। उन्होंने तेजी से बदलाव करते हुए लाइव ऑनलाइन क्लासेस शुरू कीं, जिससे न केवल कंपनी स्थिर हुई बल्कि इसकी पहुंच भी पूरे देश में फैल गई।

लर्निंग मॉड्यूल ने किया कमाल

हिमांशु ने महसूस किया कि केवल रिकॉर्डेड वीडियो से छात्र नहीं सीख सकते। लिहाजा, उन्होंने ऑनलाइन लाइव, हाइब्रिड और फुल-टाइम ऑफलाइन प्रोग्राम का कॉम्बिनेशन तैयार किया। उनके संस्थान में छात्रों को ईवी बैटरी, रोबोटिक्स और सोलर टूल्स पर सीधे काम करने का मौका मिलता है। उन्होंने 2,000 रुपये से लेकर 1.5 लाख रुपये तक के किफायती कोर्स पेश किए और प्लेसमेंट पर फोकस किया।

मुकेश अंबानी की कंपनी के सस्ते शेयर को खरीदने की लूट, 10 प्रतिशत चढ़ा भाव, डील का असर

नई दिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी की कंपनी आलोक इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में आज मंगलवार को कारोबार के दौरान 10 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। इसी के साथ यह शेयर 17.69 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया। शेयरों में इस तेजी के पीछे हाल में हुई एक डील की खबर है। दरअसल, बीएसई पर दी गई जानकारी के मुताबिक, आलोक इंडस्ट्रीज से जुड़ी एक अहम कारोबारी अपडेट सामने आई है। कंपनी की स्टेप-डाउन, पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई आलोक इंडस्ट्रीज इंटरनेशनल लिमिटेड ने मिलेटा

ए.एस. में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। कंपनी ने बताया कि 16 दिसंबर 2025 को इस संबंध में क्रेस्कॉन, ए.एस. के साथ एक शेयर खरीद समझौता किया गया है।

कंबल एवं वस्त्र वितरण योजना से कंबल पाकर जरूरतमंदों के खिले चेहरे

निरीक्षण में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए जाने पर उपायुक्त ने तरेरी आंखें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत संचालित कंबल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत आज से खूंटी जिले के सभी प्रखंडों में कंबल वितरण का शुभारंभ किया गया। बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए जिले के जरूरतमंद लाभुकों को ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना संचालित की जा रही है।

मुरहू प्रखंड के हसा पंचायत अंतर्गत माहिल गांव में आयोजित कार्यक्रम में खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा द्वारा जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित यह योजना जरूरतमंदों के लिए अत्यंत उपयोगी है और ठंड के मौसम में उन्हें राहत प्रदान करेगी।

वहीं, तोरपा प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया द्वारा जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। विधायक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

इसी क्रम में खूंटी प्रखंड के तिरला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त आर रॉनिटा एवं उप विकास आयुक्त आलोक कुमार द्वारा जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने लाभुकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना एवं संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए।

कंबल वितरण से लाभान्वित होकर लाभुकों में प्रसन्नता देखी गई। लाभुकों ने इस पहल के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर संबंधित क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा आनंद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कंबल वितरण कार्यक्रम के पश्चात उपायुक्त आर० रॉनिटा एवं उप विकास आयुक्त आलोक कुमार द्वारा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, कुदाडीह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया, जिस पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका एवं सहायिका सहित अन्य संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, खूंटी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने क्षेत्र के बच्चों एवं उनके अभिभावकों से भी बातचीत की तथा आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन एवं बच्चों को मिलने वाले सरकारी लाभों की जानकारी ली, ताकि व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने अपनाया कड़ा रूख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमशेदपुर। बिष्टुपुर के तिलक पुस्तकालय स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेस की संगठन सृजन अभियान को ले बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह ने की।

इसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के सह प्रभारी भूपेंद्र मरावी व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मौजूद रहे।

इसमें संगठन सृजन अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को कई निर्देश तथा लक्ष्य निर्धारित किए गए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश सह प्रभारी भूपेंद्र मरावी ने कहा कि पहले हमें संगठन को सृजन करना है इसके बाद उसे मजबूत करना है और वर्ष 2029 के चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लक्ष्य के साथ कार्यकर्ताओं को जमीन स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा।

कांग्रेस में अब हवा में बातें करने वालों की कोई जगह नहीं। उन्होंने कहा कि बूथ से सारे कार्यकर्ताओं का माप तौल होगा। अपने-अपने बूथ में सर्वाधिक मत लाने वाले कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि बूथ में जिनका व्यक्तिगत रूप से 10 वोट नहीं है, वे बड़ी-बड़ी बातें दिल्ली जाकर बोलते हैं। यहीं सच्चाई है। कोई जमीन पर मेहनत ही नहीं करना चाहता।

कार्यकर्ता जो मेहनत करते हैं, उन्हें उनका फल नहीं मिलता। अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन स्तर के कार्यकर्ताओं के कंधे पर कांग्रेस की जिम्मेदारी होगी। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सामने निकाय चुनाव है।

इस चुनाव के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें। इस चुनाव में जितने हमारे कार्यकर्ता जीतेंगे उतना लाभ कांग्रेस को आने वाले दिनों में दिखेगा तथा संगठन मजबूत होगा।

इससे पूर्व जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह एवं सभी संबंधित नेताओं पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वप्रथम आतिथ्य परंपरा के अनुसार उनका अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। तदुपरांत विस्तृत रुप से अब तक किये गये कार्यों पर चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, रामाश्रय प्रसाद, नट्टू झा, विजय खां, सामंता कुमार, के.के.शुक्ला, विजय यादव, अशोक चौधरी, रजनीश सिंह, राकेश साहू, रंजीत सिंह, अतुल गुप्ता, राजेश कुमार झा ,खगेन महतो, संजय सिंह आजाद, अंसार खान, सचिन कुमार सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

'प्रशासन गांव की ओर' कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। डीआरडीए सभागार, खूंटी में गुड गर्वनेंस वीक के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, खूंटी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुशासन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना तथा ग्रामीणों को योजनाओं से सीधे जोड़ना है। कार्यशाला का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, अनुमंडल पदाधिकारी दिपेश कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यशाला में जिले के सभी पंचायतों के मुखियागण, पंचायत सहायक, पेशा मोबिलाइजर तथा उरउ श्छए की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान सुशासन की अवधारणा, गांव स्तर पर इसके प्रभावी क्रियान्वयन, आने वाली चुनौतियों तथा उन्हें दूर कर व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति एवं वास्तविक पात्र लाभुक तक पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पहुंच सके। इसके लिए पंचायत स्तर पर समन्वय, जागरूकता एवं तकनीक के बेहतर उपयोग को आवश्यक बताया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रखंडों में भी प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन कर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता-सह-प्रदर्शनी में जिले के छात्रों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

उपायुक्त ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। झारखंड शिक्षा परियोजना, रांची द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता-सह-प्रदर्शनी 2025-26 में खूंटी जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न केटेगरी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है।

राज्य स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में खूंटी जिले के यूपीजी +2 हाई स्कूल, लोधमा के विद्यार्थियों द्वारा मल्टीस्कीलिंग केटेगरी में प्रस्तुत प्रदर्शनी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, ब्यूटी एण्ड वेलनेस केटेगरी में गवर्नमेंट +2 हाई स्कूल, कर्रा तथा इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवेयर केटेगरी में डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, खूँटी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रदर्शनी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस उपलब्धि पर उपायुक्त ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खूँटी जिले के बच्चों में प्रतिभा, नवाचार एवं तकनीकी समझ अत्यंत सराहनीय है। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल न केवल ज्ञानवर्धक हैं, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत, रचनात्मक सोच और कौशल का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

उपायुक्त ने संबंधित शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन की भी सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में विद्यार्थियों को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

अब ग्राम सभा को होगा माफी देने का अधिकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। पारंपरिक ग्राम सभा के द्वारा किसी भी प्रकार की क्षति होने पर दंड देने का प्रविधान किया गया है। हालांकि जहां क्षति करने की कोई नियत नहीं हो तो वैसी स्थिति में अपनी भूल को स्वीकारने, ग्राम सभा के सामने पश्चाताप करने, गलती के लिए क्षमा मांगना और ऐसी गलती दोबारा नहीं करने की प्रतिज्ञा करने को उपयुक्त दंड माना जाएगा।कोई भी व्यक्ति (आरोपी) अगर पारंपरिक रूढ़ी प्रथा, आदिवासी शासन व्यवस्था के तहत पारंपरिक न्याय पद्धति के तहत लिए गए निर्णय को अपमान या अवमानना करता है, तो अपीलीय के अधिकार को अस्वीकार या अपमान के दृष्टि से नहीं देखा जाएगा।

ग्राम सभा द्वारा रूढ़िवादी आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के न्याय व्यवस्था के तहत सामूहिक असहयोग का दंड देने का अधिकार होगा। हालांकि ग्राम सभा को कारावास की सजा देने का कोई अधिकार नहीं होगा।ग्राम सभा अधिकतम 1000 रुपये तक का आर्थिक दंड किसी आरोपित व्यक्ति पर लगा सकती है। इसका निर्धारण आर्थिक नुकसान एवं व्यक्ति की सक्षमता को देख कर किया जाएगा। इस राशि को ग्राम सभा के कोष में जमा करना अनिवार्य होगा। ग्राम सभा दंडित व्यक्ति के अपीलीय अधिकार का पालन करेगी।

पारंपरिक ग्राम सभा के निर्णय से किसी पक्षकार की असहमति की स्थिति में पक्षकार सर्वप्रथम अपने समाज के ऊपरी सामाजिक पारंपरिक व्यवस्था यथा, मोडे मांझी, पड़हा राजा, मांझी परगना इत्यादि के समक्ष उच्चतम स्तर (बहुस्तरीय) पर अपील कर सकेंगे।

इस स्तर पर ग्राम सभा के निर्णय से यदि किसी पक्षकार की असहमति की स्थित में सक्षम न्यायलय, या अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष निर्णय से 30 दिनों के अन्दर पुनर्विचार हेतु अपील कर सकेंगे।

पेसा के प्रभावी होने के बाद से क्षेत्र में पुलिस की भूमिका को भी ग्राम सभा सीमित कर सकेगी। क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी के पूर्व पुलिस को ग्राम सभा की अनुमति लेनी होगी। यह संभव नहीं हो पाने की स्थिति में पुलिस को 48 घंटे के अंदर गिरफ़्तारी के संबंध में पूरी जानकारी ग्राम सभा को देनी होगी।

डीएम ने की अधिकारियों के साथ बैठक

अररिया। जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में अनुमंडल सभागार, फारबिसगंज में सभी अनुमंडलीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए लाभुकों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से लाभ पहुँचाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरतने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत राशन कार्ड वितरण, विधि-व्यवस्था, भूमि विवादों सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, पारदर्शिता बनाए रखने तथा जन शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

सड़क हादसे में हुई मौत, लिया सियासी रंग, सड़कों पर फूटा आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

देवघर। बीते 9 दिसंबर को हुए सड़क हादसे ने अब सियासी और सामाजिक उबाल का रूप ले लिया है। भाजपा नेता आशुतोष कुमार के भाई आलोक कुमार की मौत को लेकर मंगलवार को शहर की सड़कों पर आक्रोश फूट पड़ा। न्याय की मांग लिए आशुतोष कुमार सैकड़ों समर्थकों के साथ देवघर पहुंचे और वीआईपी चौक से टावर चौक तक विरोध का स्वर बुलंद किया।

आशुतोष कुमार समर्थकों संग देवघर पहुंचे और माहौल तनावपूर्ण हो गया। वीआईपी चौक से शुरू हुआ जुलूस टावर चौक के सामने धरने में तब्दील हो गया। आशुतोष कुमार ने आरोप लगाया कि घटना को 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है, बावजूद इसके नामजद आरोपी राहुल चंद्रवंशी और चंदन चंद्रवंशी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। धरना स्थल पर आशुतोष कुमार ने प्रशासन और पुलिस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि हादसे के बाद मानवता को ताक पर रख दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के वक्त राहुल और चंदन अपने सैकड़ों असामाजिक समर्थकों के साथ मौके पर मौजूद थे, लेकिन घायल आलोक को इलाज के लिए अस्पताल नहीं जाने दिया गया।

इतना ही नहीं, उनके समर्थकों को भी रोका गया, जिससे इलाज में देरी हुई और आलोक की जान चली गई। आशुतोष कुमार ने सवाल उठाया कि अगर यह महज सड़क हादसा था, तो घायल को तुरंत अस्पताल क्यों नहीं पहुंचाया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने आपराधिक छवि वाले साथियों के साथ मिलकर डॉक्टरों तक को इलाज से रोका। इसी लापरवाही और साजिश का नतीजा आलोक कुमार की मौत बनी। उन्होंने जिला प्रशासन पर लीपापोती का आरोप लगाते हुए कहा कि आज की रैली में भी उनके समर्थकों की गिरफ्तारी यह दिखाती है कि प्रशासन किसके पक्ष में खड़ा है।

उनका कहना था कि जब न्याय की आवाज दबाई जाती है, तब सड़कों पर उतरना मजबूरी बन जाता है। वहीं पूरे मामले पर देवघर के एसडीएम रवि कुमार ने प्रशासन का पक्ष रखते हुए कहा कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है और विधि-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नामजद आरोपियों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं और कानूनी प्रक्रिया जारी है।

पीड़ित परिवार को कानून पर भरोसा रखने की अपील भी की गई। प्रशासन की ओर से मिले आश्वासन के बाद आशुतोष कुमार और उनके हजारों समर्थकों का गुस्सा कुछ शांत हुआ और विरोध मार्च वापस लिया गया। हालांकि, देवघर की सियासत और सड़क दोनों पर यह सवाल अब भी गूंज रहा है कि क्या आलोक कुमार को इंसाफ वक्त पर मिलेगा या न्याय फिर किसी फाइल में कैद रह जाएगा।

कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। उत्तर भारत में घने कोहरे और खराब मौसम का असर रेल परिचालन पर लगातार बना हुआ है। बुधवार को पटना जंक्शन सहित दानापुर, राजेंद्र नगर टर्मिनल और पाटलिपुत्र स्टेशन से होकर गुजरने वाली कुल 28 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से विलंबित रहीं। ट्रेनों के देरी से चलने के कारण यात्रियों को प्लेटफार्म पर घंटों इंतजार करना पड़ा, वहीं लंबी दूरी के यात्रियों की परेशानियां और बढ़ गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस सबसे अधिक 14 घंटे की देरी से चली। संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस 12 घंटे, जबकि तेजस राजधानी एक्सप्रेस 10 घंटे विलंबित रही। राजेंद्र नगर से नई दिल्ली जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस 11 घंटे 48 मिनट की देरी से चली, वहीं नई दिल्ली से आने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस करीब 7 घंटे लेट रही। मगध एक्सप्रेस 8 घंटे और फरक्का एक्सप्रेस 6 घंटे की देरी से पटना पहुंची।

इसके अलावा, कुंभ एक्सप्रेस और टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस करीब 3-3 घंटे देरी से चलीं। कोटा-पटना एक्सप्रेस 2 घंटे 25 मिनट, इस्लामपुर-झहटिया एक्सप्रेस 4 घंटे, विक्रमशिला एक्सप्रेस 3 घंटे 45 मिनट तथा विभूति एक्सप्रेस 5 घंटे 38 मिनट विलंबित रही। कई ट्रेनों के देर से आने के कारण उनके आगे के परिचालन पर भी असर पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, घने कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई है, जिससे सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेनों की रफ्तार घटानी पड़ रही है। इसके चलते समय पालन प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य ले लें। स्टेशनों पर इंतजार कर रहे यात्रियों ने बताया कि समय पर सूचना न मिलने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ठंड और कोहरे के बीच प्लेटफार्म पर घंटों इंतजार करना मजबूरी बन गया है। मौसम में सुधार होने तक रेल परिचालन पर ऐसे ही असर बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

अफ्रीका से अपहृत प्रवासी मजदूरों का सुराग नहीं

अनहोनी की आशंका, सरकार से हस्तक्षेप की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बगोदर । अफ्रीका के नाइजर में अपहृत बगोदर प्रखंड के दोंदलो व मुंडरो के प्रवासी मजदूरों आठ माह बीत जाने के बाद भी अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अपहृत मजदूरों के स्वजन को दिनरात उनकी चिंता सताती रहती है। साथ ही दिन रात फोन का इंतजार करते रहते हैं कि कब घंटी बजे और शुभ समाचार मिले। इन मजदूरों के स्वजन को सरकार की तरफ से किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद नहीं मिली है। साथ ही कंपनी भी इन मजदूरों के घर पिछले पांच माह से सैलरी नहीं भेज रही है।

इस कारण घर में काफी परेशानी हो रही है। कंपनी की ओर से अपहरण के बाद एक ही बार तीन माह में मजदूरों की सैलरी उनके स्वजन को भेजी गई है। दोंदलो के अपहृत मजदूर संजय महतो की मां शांति देवी की आंखों में पुत्र की याद में आंसू भर आया। उसने कहा कि बेटे की याद में रात भर नींद भी नहीं आती है। संजय की पत्नी सोनी देवी ने बताया कि कंपनी की तरफ से कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। बताया जाता है कि बातचीत हो रही है। इस बात को सुनते हुए पूरा आठ माह बीत गया है। कंपनी की ओर से सिर्फ एक बार पैसा भेजा गया है। इसके बाद पांच माह से पैसा नहीं भेजा है।उसके घर में तीन छोटे-छोटे बच्चे, बूढ़ा मां बाप है। बच्चे पूछते हैं कि पापा कब आएंगे। अपहृत मजदूर फलजीत महतो की पत्नी रूपा देवी ने बताया कि अपहरण होने के आठ माह बीत गया है, मगर कंपनी की ओर से सिर्फ एक बार पैसा भेजा गया है।

कंपनी की तरफ से न पैसा भेजा जा रहा है और न ही सरकार की तरफ से कुछ आर्थिक सहायता मिल रही है। इस कारण बच्चों की पढाई लिखाई में काफी परेशानी हो रही है।मेरा पति घर का इकलौता कमाऊ सदस्य हैं। मजदूर राजू महतो की पत्नी ने बताया कि कंपनी की तरफ से पिछले पांच माह पैसा नहीं भेज रहा है। न ही कंपनी की तरफ से आर्थिक सहायता दी जा रही है।

बताते चलें कि 25 अप्रैल 2025 को बगोदर प्रखंड के दोंदलो के संजय महतो,फलजीत महतो,राजु महतो,चन्द्रिका महतो व मुंडरो के उतम महतो को अफ्रीका के नाइजर में हथियारबंद अपराधियों ने अपहरण कर लिया। ये सभी मजदूर कल्पतरू कंपनी में टावर लाइन में काम करने घर से जनवरी 2024 को नाइजर गए थे।

इस मामले में अपहृत मजदूरों स्वजन केन्द्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, मांडु विधायक निर्मल महतो, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, पूर्व विधायक विनोद सिंह, गिरिडीह उपायुक्त से फरियाद कर चुके हैं। मगर मजदूरों की अब तक रिहाई नहीं हो सकी है।

रेलवे का नया टाइम टेबल 1 जनवरी से

चक्रधरपुर। रेलवे से सफर करने वालों के लिए यह काम की खबर है। 1 जनवरी 2026 से भारतीय रेल के 18 जोन सहित 70 रेल मंडल में न्यू टाइम टेबल लागू हो जाएगा। इसी के मद्देनजर दक्षिण पूर्व रेलवे अपने यात्री परिचालन में बड़ा बदलाव करने जा रहा है रेलवे सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 1 जनवरी 2026 से कई प्रमुख ट्रेनों की समय-सारिणी में संशोधन किया जा रहा है। इस बदलाव के तहत चक्रधरपुर रेल मंडल से प्रस्थान करने वाली और यहां समाप्त होने वाली गाड़ियों के समय में 5 से 10 मिनट से लेकर 1 घंटे तक का अंतर आएगा।

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह संशोधित समय-सारिणी परिचालन सुगमता और तकनीकी कारणों से लागू की जा रही है। यात्री नई समय-सारिणी की विस्तृत जानकारी रेलवे के पूछताछ नंबर 139, नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) ऐप या रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। 1 जनवरी के बाद यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपने टिकट पर अंकित समय के बजाय अपडेटेड शेड्यूल के अनुसार ही स्टेशन पहुंचें।

लुढ़का पारा, कांप रहे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुमला। झारखंड के गुमला जिले में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका है।

ठंड से बचाव को लेकर जिला प्रशासन और नगर परिषद की तैयारियां अधूरी हैं। ठंडी हवा और शीतलहर के कारण सुबह और शाम सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है।

बाजारों की रौनक फीकी पड़ गई है और लोग मजबूरी में ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, बच्चों, दैनिक मजदूरों और फुटपाथ पर जीवन गुजारने वाले बेसहारा लोगों पर पड़ रहा है।

राहत पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम है। जरूरतमंदों के लिए बनाए गए रैन बसेरे बदहाल हैं।

सरकार से अलाव की उम्मीद में लोग

नगर परिषद क्षेत्र के खड़ियापाड़ा और बड़ाइक मोहल्ला स्थित रैन बसेरों की स्थिति सही नहीं है। खड़ियापाड़ा स्थित 50 बेड क्षमता वाला रैन बसेरा शहर से दूर होने और प्रचार-प्रसार के अभाव में खाली पड़ा है। यहां बिजली की वायरिंग चोरी हो चुकी है, खिड़कियों के शीशे टूटे हैं, बाथरूम के दरवाजे क्षतिग्रस्त हैं। वहीं बड़ाइक मोहल्ला का रैन बसेरा हमेशा ताले में बंद रहता है। अंदर गंदगी पसरी है और रखरखाव के अभाव में भवन जर्जर हो चुका है। लिहाजा फुटपाथों पर लोग सोने को मजबूर हैं। खुले आसमान के नीचे रात बिताने को विवश हैं।

ठंड से बचाव को लेकर नगर परिषद द्वारा चार स्थानों पर अलाव जलाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि कहीं-कहीं दो-चार लकड़ियां जलाकर महज औपचारिकता निभाई जा रही है।

पहले जहां दिसंबर की शुरूआत में चौक-चौराहों, बस स्टैंड और अस्पताल परिसरों में अलाव की समुचित व्यवस्था रहती थी, इस बार वह नदारद है।

इधर ग्रामीण प्रखंड क्षेत्रों में भी हालात गंभीर हैं।

शुक्रवार को सुबह 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई और वाहनों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। शाम छह बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है।

ललित उरांव बस स्टैंड पर मजदूरी करने वाले भीखु भगत और सुखराम सिंह ने बताया कि वे रात यहीं गुजारते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल अलाव, कंबल वितरण और रैन बसेरों की मरम्मत की मांग की है।

CMYK

इंडिया-श्रीलंका टी-20

शेफाली वर्मा की तूफानी पारी, भारत ने 11.5 ओवर में श्रीलंका को दी मात

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे ङ्क्षञ्20ङ्घ में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट से जीत दर्ज की। शफाली वर्मा ने नाबाद 69 रन की तूफानी पारी खेली और भारत ने 11.5 ओवर में ही 129 रन का लक्ष्य हासिल कर शफाली वर्मा ने शुरुआत से ही आक्रमक खेल दिखाया और केवल 34 गेंदों में मैच को समाप्त कर दिया। उन्होंने 11 चौके और 1 छक्का लगाया, खासकर लेफ्ट-आर्म स्पिनर इनौका रानावेयरा के खिलाफ अपने कदम बढ़ाकर कई शानदार शॉट्स खेले।



लिया। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

भारत की मजबूत गेंदबाजी- पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 128/9 पर सिमट गई। भारतीय स्पिन आक्रमण में स्नेह राणा, वैष्णवी शर्मा और श्री चारानी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। खासकर स्नेह राणा ने चार ओवर में सिर्फ 11 रन खर्च किए, जिसमें एक मेडन भी शामिल थी। श्रीलंका ने अपनी आखिरी छह विकेट मात्र 24 रन में खो दी, जिससे भारत को आसान लक्ष्य मिला।

शफाली वर्मा का धमाकेदार प्रदर्शन- भारत के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए उप-कप्तान स्मृति मंधाना जल्दी 14 रन बनाकर आउट हो गईं। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स, दिल्ली कैपिटल्स की नई कप्तान, शफाली के साथ 26 रन बनाकर जुड़ीं और दोनों ने केवल 4.3 ओवर में 58 रन की साझेदारी की। शफाली ने 27 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और जल्दी ही टीम को जीत दिलाई।

श्रीलंका की पारी का संक्षिप्त विवरण- श्रीलंका की ओर से कप्तान चमारि अथापथ्थू ने 24 गेंदों में 31 रन बनाए। हासिनी पेरेरा (22) और हर्शिथा समराविकरमा (33) ने कुछ रन जोड़े, लेकिन भारतीय स्पिनरों की चुनौती के आगे उनका स्कोरिंग रेट बढ़ नहीं सका। भारत की फील्डिंग ने भी पिछली पारी की तुलना में सुधार दिखाया और तीन रन-आउट का रिकॉर्ड दर्ज किया।

बिहार के कप्तान सकिबुल गनी ने रचा इतिहास

लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज भारतीय शतक लगाया

रांची, एजेंसी। रांची के जेएससीए ओवल ग्राउंड में विजय हजारे ट्रॉफी के अंतर्गत बिहार और अरुणाचल प्रदेश के बीच मुकाबले में बिहार के कप्तान सकिबुल गनी ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। गनी ने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सकिबुल गनी ने मात्र 32 गेंद पर शतक लगाया। लिस्ट ए क्रिकेट का ये सबसे तेज भारतीय शतक है। सकिबुल गनी ने 40 गेंदों पर 12 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन की पारी खेली। ईशान किशन ने भी बुधवार को कर्नाटक के खिलाफ 33 गेंद पर शतक लगाया। किशन ने 39 गेंद पर 14 छक्कों से सजी 125 रन की पारी खेली। लिस्ट ए क्रिकेट में अनमोलप्रीत सिंह ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ ही 21 दिसंबर 2024 को 35 गेंद में शतक लगाया था। वैभव सूर्यवंशी ने इसी मैच में 36 गेंद पर शतक लगाया है। युसूफ पठान ने 2010 में महाराष्ट्र के खिलाफ 10 गेंदों पर शतक लगाया है।

बिहार ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने 6 विकेट पर 574 रन बनाए। कप्तान सकिबुल गनी के अलावा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए आयुष लोहारुका ने भी शतक लगाया।

पारी की शुरुआत करने आए वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 84 गेंदों पर 15 छक्के और 16 चौकों की मदद से 190 रन की पारी खेली। वैभव के पास दोहरा शतक लगाने का पूरा मौका था, लेकिन वह 27वें ओवर की चौथी गेंद पर आउट हो गए। वहीं आयुष ने 56 गेंदों पर 8 छक्के और 11 चौकों की मदद से 116 रन बनाए। इसके अलावा पीयूष सिंह ने 66 गेंदों पर 77 और मंगल महरोर ने 43 गेंदों पर 33 रन बनाए।

लिस्ट ए क्रिकेट में पूर्व का सबसे बड़ा स्कोर तमिलनाडु के नाम था। तमिलनाडु ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ ही 2022 में 2 विकेट पर 506 रन बनाए थे। इसके बाद इंग्लैंड है। नीदरलैंड के खिलाफ 2022 में इंग्लैंड ने 4 विकेट पर 498 रन बनाए थे। सरे ने ग्लौक्स के खिलाफ 2007 में 4 विकेट पर 496 रन बनाए थे। लिस्ट ए में अब सरे चौथे नंबर पर चली गई है। इंग्लैंड पांचवें नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड ने 2018 में 6 विकेट पर 481 रन बनाए थे।

रोहित-कोहली के बाद अब गिल भी खेलेंगे घरेलू क्रिकेट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल 2025-26 सीजन के बाकी हिस्से में घरेलू क्रिकेट में व्यस्त नजर आएंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2026 की टीम से बाहर किए जाने और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज का बड़ा हिस्सा मिस करने के बाद गिल को पंजाब की विजय हजारे ट्रॉफी

2025-26 टीम में शामिल किया गया था। अब रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह पंजाब के लिए रणजी ट्रॉफी 2025-26 के शेष दो मुकाबले भी खेलेंगे।

विजय हजारे के दो मैच, फिर रणजी में वापसी- एक रिपोर्ट के अनुसार, गिल अगले साल विजय हजारे ट्रॉफी के दो मैच खेलेंगे-3 जनवरी को सिक्किम और 6 जनवरी को गोवा के खिलाफ, दोनों मुकाबले जयपुर में होंगे। इसके बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे की सीरीज के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे। वहीं, जब भारत टी20ङ्घ सीरीज खेलेगा, तब गिल पंजाब के लिए सफेद जर्सी में रणजी ट्रॉफी के ग्रुप मैच खेलते दिखेंगे।

रणजी ट्रॉफी का शेड्यूल और पंजाब की स्थिति

रणजी ट्रॉफी 2025-26 का फिर से आगाज 22 जनवरी से होगा, जब पंजाब ग्रुप-बी में राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में सौराष्ट्र से भिड़ेगा। इसके बाद 29 जनवरी से मल्लनपुर में कर्नाटक के खिलाफ मुकाबला होगा। फिलहाल पंजाब 5 मैचों में 11 अंकों के साथ छठे स्थान पर है और सिर्फ एक जीत दर्ज कर सका है। अगर टीम अपने बचे दोनों मैच जीतती है।

टेस्ट में 2025 के टॉप रन-स्कोरर बनने की दहलीज पर गिल

शुभमन गिल 2025 में टेस्ट क्रिकेट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने की ओर बढ़ रहे हैं। 9 टेस्ट में उन्होंने 70.21 की औसत से 983 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक और एक अर्धशतक शामिल है। कप्तान के तौर पर इंग्लैंड दौरे पर उनका प्रदर्शन खास रहा। हालांकि बॉक्सिंग डे टेस्ट के बाद जो रूट, ट्रैविस हेड, एलेक्स केरी, हैरी ब्रूक और बेन डकेट उनके आंकड़े के करीब पहुंच सकते हैं, लेकिन फिलहाल बढ़त गिल के पास है।

राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप

रमिता-हिमांशु का शानदार प्रदर्शन, मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

भोपाल, एजेंसी। रमिता जिंदल और हिमांशु ढिल्लों ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इन दोनों ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

हरियाणा की रमिता जिंदल और हिमांशु ढिल्लों ने मंगलवार को भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महाराष्ट्र की आर्य बोरसे और पार्थ माने की जोड़ी को 16-12 से हराकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही ढिल्लों का दबदबा कायम रहा, जिन्होंने सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 634.5 का राष्ट्रीय और जूनियर रिकॉर्ड बनाया था। दिल्ली की राजश्री संचेती और पार्थ मखीजा ने मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की जोड़ी के खिलाफ 17-15 की जीत के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

खेल पेशेवरों के लिए नई इंटर्नशिप नीति लॉन्च

नई दिल्ली, एजेंसी। नई नीति के तहत, युवा मामले और खेल मंत्रालय और इसके प्रमुख संस्थानों में सालाना 452 इंटर्नशिप की पेशकश की जाएगी। इनमें भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) शामिल हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने मंगलवार को खेल ईकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए संरचित, बड़े पैमाने का मंच बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक इंटर्नशिप नीति लॉन्च की।

केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा, 'भारत के खेल ईकोसिस्टम में बदलाव के लिए कुशल पेशेवरों और युवा प्रतिभाओं की ओर से समर्थित मजबूत संस्थागत समर्थन की जरूरत है। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के जरिए हम युवाओं के लिए खेल शासन और प्रशासन के द्वार खोल रहे हैं, जिससे वे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें और खेलों के जरिए राष्ट्र निर्माण में दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकें।'

डॉ. मांडविया के अनुसार, यह कार्यक्रम पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोगों की बढ़ती जरूरत को पूरा करता है। भारत अपने स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रहा है, गवर्नेंस सुधारों को मजबूत कर रहा है और खेल की दुनिया में अपनी पहचान बढ़ा रहा है। यह पहल युवाओं को भारत की खेल यात्रा में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगी।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल नीति और खेलो भारत नीति 2025 के उद्देश्यों के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है, जिसमें युवा सशक्तिकरण, क्षमता निर्माण और खेल प्रशासन के व्यवसायीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह नीति भारत के उस दूरगामी दृष्टिकोण का समर्थन करती है जिसमें एक ऐसा स्पोर्ट्स इकोसिस्टम बनाया जाएगा जो भविष्य के लिए तैयार हो, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस को बनाए रखते हुए बड़े इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट्स की मेजबानी कर सके।

सूर्यकुमार के लिए 'अग्निपरीक्षा' से कम नहीं न्यूजीलैंड सीरीज, बयानों से नहीं बल्ले से देना होगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी। यह वह लाइन है, जिस पर सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ महीनों से बार-बार भरोसा जताते रहे हैं. मानो इसे

ज़ोर से कहने से उनके पैरों के नीचे की ज़मीन स्थिर हो जाएगी. उन्होंने पहली बार यह बात सितंबर में एशिया कप की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही थी, जब बातचीत का रुख पहले ही बदलने लगा था. इसके बाद उन्होंने धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20ङ्घ के बाद भी यही दोहराया. हर बार संदेश एक जैसा और थोड़ी राहत देने वाला था. मेहनत सही है, इरादा नहीं बदला है और रन अपने समय पर आ जाएंगे. पहले सूर्या ने कहा, 'मैं नेट्स में बहुत अच्छी बल्लेबाज़ी कर रहा हूं. जो मेरे नियंत्रण में है, वह सब कर रहा हूं.' फिर उन्होंने कहा, 'जब रन आने होंगे, तो ज़रूर आएंगे. मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं, लेकिन रन नहीं बन रहे हैं.' आखिरकार रविवार को उनका लहजा और तीखा हो गया. जब उन्होंने कहा, 'मेरे 14 सैनिक फिलहाल मुझे कवर कर रहे हैं. उन्हें पता है, जिस दिन मैं फट पड़ा, क्या होगा.' यह बात आत्मविश्वास से भरी होनी चाहिए थी. लेकिन इसके बजाय यह बेचैन करने वाली लगी, क्योंकि आंकड़े अब बहुत तेज़ आवाज़ में बोलने लगे हैं.

वैभव सूर्यवंशी का 36 गेंद पर शतक

विजय हजारे ट्रॉफी में 14 साल के बल्लेबाज ने रचा इतिहास; शाहिद अफरीदी को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी। वैभव सूर्यवंशी के लिए साल 2025 कमाल का साबित हो रहा है। विजय हजारे ट्रॉफी ही एक ऐसा प्लेटफॉर्म था जहां उनका शतक आना बाकी था इस साल। अब यह भी 14 साल के बल्लेबाज ने कर दिखाया है। बिहार के लिए खेलते हुए वैभव ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ पहले मुकाबले में 36 गेंद पर शतक ठोक दिया। यह लिस्ट ए में किसी भी भारतीय का दूसरा सबसे तेज शतक है। वैभव ने 84 गेंद पर 190 रन बनाए जिसमें 16 चौके और 15 छक्के शामिल थे। ओवरऑल लिस्ट ए में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में वैभव सूर्यवंशी शाहिद अफरीदी से आगे निकल गए हैं। इस लिस्ट में दिग्गज एबी डिविलियर्स दूसरे स्थान पर हैं और टॉप पर हैं ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क जिन्होंने 29 गेंद पर लिस्ट ए में अब तक का सबसे तेज शतक ठोका था।

वैभव सूर्यवंशी के लिए लाजवाब 2025

14 साल के भारतीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के लिए साल 2025 किसी सपने से कम नहीं रहा है। आईपीएल में पहला एक्सपोजर मिला वहां उन्होंने आतिशी शतक ठोक सुर्खियां बटोरीं। उसके बाद यूथ वनडे, यूथ टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी की और इस दौरे पर भी शतक ठोका। फिर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यूथ सीरीज में शतक लगाया। इंडिया ए के लिए एशिया कप में शतक ठोका, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में शतक लगाया उसके बाद अंडर 19 एशिया कप में भी उन्होंने शतक लगाया, उसके बाद अब विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में भी सूर्यवंशी का तूफान देखने को मिला है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ यह पारी खेलते हुए अपना नाम खास रिकॉर्ड की लिस्ट में शामिल कर लिया।

मैं हमेशा अपने खिलाड़ियों के समर्थन में खड़ा रहूंगा

नई दिल्ली, एजेंसी। एशेज सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में मौजूद इंग्लैंड क्रिकेट टीम मैदान पर लगातार निराशाजनक प्रदर्शन की वजह से आलोचना का सामना तो कर ही रही है, दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच कुछ खिलाड़ियों के ज्यादा शराब पीने की वजह से भी विवादों में है। विवादों के बीच इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स अपनी टीम के समर्थन में आए हैं। मेलबर्न टेस्ट से पहले बेन स्टोक्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं इस पल को अभी कैसे संभालता हूं, यह मेरे लिए सबसे जरूरी है। वहां मौजूद सभी लोगों और शायद कुछ खास लोगों की भलाई मेरे लिए अभी इंग्लैंड के कप्तान के तौर पर सबसे जरूरी है।

इस तरह की चीजें, मुझे नहीं पता कि मेरे करीब सही शब्द हैं या नहीं, लेकिन कुछ ऐसा है जिसका मुझे खुद अनुभव है कि यह लोगों पर कैसे असर डाल सकता है। इंग्लैंड के कप्तान के तौर पर मेरा काम अपने खिलाड़ियों को जितना हो सके उतना बचाना है।'

उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के कप्तान के तौर पर मेरा मुख्य काम यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें पता चले कि उन्हें मेरा समर्थन है क्योंकि मेरे लिए सबसे जरूरी चीज, अभी यहां बैठे हुए, खिलाड़ियों का एक ग्रुप है जिन्हें मैं इस देश और इस ट्रिप के बाकी हिस्से के लिए बाहर जाकर परफॉर्म करने की कोशिश करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में ला सकूं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुई थी। इसे 'स्टैग डू' के नाम से प्रचारित किया गया है। इसमें कुछ खिलाड़ी शराब पीते हुए दिखे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड अभी इंग्लिश टीम के शराब पीने के कल्चर के दावों की जांच कर रहा है, जब बेन डकेट का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे नशे में दिख रहे थे। इंग्लैंड क्रिकेट टीम एशेज 2025-26 के शुरुआती तीन टेस्ट गंवाकर सीरीज हार चुकी है।

जोफ्रा आर्चर एशेज से बाहर, मेलबर्न टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन घोषित

मेलबर्न, एजेंसी। एशेज सीरीज हार चुकी इंग्लैंड को सीरीज के बाकी दो टेस्ट मैचों से पहले बड़ा झटका लगा है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर एशेज सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम में गस एटकिंसन को जगह दी गई है। मेलबर्न में 26 दिसंबर से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है।

जोफ्रा आर्चर साइड स्ट्रेन के कारण सीरीज के बाकी दोनों टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। जोफ्रा ने एडिलेड में गेंदबाजी के साथ-साथ बेहतरीन बल्लेबाजी भी की थी और पहली पारी में अर्धशतक लगाया था। उनका बाहर होना निश्चित तौर पर इंग्लैंड की मुश्किलों को और बढ़ाने वाला है। मेलबर्न टेस्ट के लिए गस एटकिंसन की इंग्लैंड के प्लेइंग इलेवन में वापसी हो गई है।

अखलाक को जल्द न्याय की जागी उम्मीद, अदालत अब रोजाना करेगी सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। गौतमबुद्धनगर जिला न्यायालय ने मंगलवार को अखलाक हत्याकांड के मामले में सरकार की केस वापसी की अर्जी को निरस्त कर आरोपियों की धड़कनें बढ़ा दीं। अदालत में अब इस मामले में छह जनवरी के बाद रोजाना सुनवाई होगी। पीड़ित पक्ष को जल्द इंसाफ मिलने की उम्मीद जगी है। अखलाक पक्ष के अधिवक्ता युसूफ सैफी ने बताया कि अखलाक मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में छह जनवरी को सुनवाई होगी। इसके बाद इस केस में रोजाना सुनवाई होनी है। इस मामले में अखलाक की बेटी शाइस्ता की गवाही हो चुकी है। शाइस्ता इस केस की चश्मदीद गवाह है।

अब इस मामले में अगली गवाही होनी है। अखलाक की मां असगरी देवी की मौत हो चुकी है। वह भी इस मामले में गवाह थी। इनके अलावा अखलाक की पत्नी इकरामन और बेटे दानिश भी गवाह हैं। अब इनकी गवाही होनी है। इसके अलावा भी अन्य गवाहों की गवाही होनी है। केस की प्रतिदिन सुनवाई होने से पीड़ित पक्ष ने न्यायालय से जल्द इंसाफ की उम्मीद जताई है। सूरजपुर स्थित अदालत ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी, जिसमें अखलाक की हत्या के आरोपियों के खिलाफ मामला वापस लेने की अनुमति मांगी गई थी। वकील यूसुफ सैफी ने बताया कि अतिरिक्त जिला एंव सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियोजन पक्ष की ओर से दायर याचिका को 'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया।

बिलकिस बानो केस की तरह प्रयास विफल- वृंदा करात– माकपा नेत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद कामरेड वृंदा करात ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। सरकार की अर्जी को निरस्त करने पर अदालत के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया। माकपा नेत्री वृंदा करात अखलाक मामले में केस वापसी की सुनवाई को लेकर मंगलवार को अदालत पहुंचीं। उन्होंने कहा कि अदालत ने यह बहुत ही बड़ा कदम न्याय के पक्ष में लिया है। अदालत ने ये न्याय और संविधान का झंडा फहराया है। माकपा नेत्री वृंदा करात ने गुजरात की बिलकिस बानो केस का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने यहां एक कदम और आगे बढ़कर अखलाक केस को गवाही के दौरान खत्म करने की कोशिश की, लेकिन न्यायपालिका ने सरकार को करारा जवाब दिया।

दिल्ली के मोदी मिल और सावित्री सिनेमा पुल का होगा विस्तार

जाम से मिलेगी मुक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार की व्यय वित्त समिति (ईएफसी) ने मंगलवार को दक्षिणी दिल्ली को लेकर लोक निर्माण विभाग की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इनमें मोदी मिल और सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर के विस्तार के साथ एमबी रोड पर स्टॉर्म वाटर ड्रेन की योजना शामिल है।

फ्लाईओवर की योजनाओं से जाम और ड्रेन के बनने से जलभराव की समस्या दूर होगी। इन पर 759 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। 30 महीने में इन कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मोदी मिल फ्लाईओवर से आईआईटी गेट चौराहे तक का पूरा कॉरिडोर दोनों दिशाओं में तीन-तीन लेन का होगा। साथ ही इससे आउटर रिंग रोड और कैप्टन गौर मार्ग चौराहे पर दो-तरफा नया फ्लाईओवर बनाया जाएगा। मोदी मिल फ्लाईओवर में कालकाजी मंदिर से मोदी मिल तक 1140 मीटर लंबा व मोदी मिल से कालकाजी मंदिर तक 870 मीटर लंबा तीन-तीन लेन का कैरिजवे बन इस कार्य पर 312.94 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

डबल होगा सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर

नई योजना के तहत सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर को डबल किया जाएगा। अभी सावित्री सिनेमा के सामने मोदी मिल से आईआईटी की तरफ जाने के लिए सिंगल फ्लाईओवर है, इसे 2001 में बनाया गया था। लेकिन आईआईटी से मोदी मिल आने के लिए फ्लाईओवर नहीं है। अब इस तरफ 58.81 करोड़ रुपये की लागत से तीन लेन कैरिजवे का 435 मीटर लंबा हाफ फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इससे आईआईटी आना–जाना आसान होगा।

- **22.76 किलोमीटर लंबा ड्रेन बनेगा**– दक्षिण दिल्ली में मानसून के दौरान होने वाले जलभराव के स्थायी समाधान के लिए लाडो सराय टी–पॉइंट से पुल प्रह्लादपुर तक एमबी रोड के दोनों तरफ 22.76 किलोमीटर लंबा प्री–कास्ट आरसीसी बॉक्स ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। इसे बनाने में 387.84 करोड़ रुपये की लागत आएगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि ईएफसी की मंजूरी के बाद सरकार पूरी दृढ़ता के साथ इनके क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रही है।

लुटियंस जोन और पूर्वी दिल्ली में नहीं आएगा पानी

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप दिल्ली में रहते हैं, तो ये खबर आपके काम की है। दिल्ली में 26 दिसंबर यानी शुक्रवार को कई इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दरअसल इन इलाकों में भूमिगत जलाशयों की सफाई होनी है।

कहां–कहां नहीं आएगा पानी– जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के इलाके में केंद्रीय सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, संसद, इंडिया गेट, अशोक रोड, निर्माण भवन, सुंदर नगर, लोधी रोड, विज्ञान भवन, कनाट प्लेस, आरएमएल अस्पताल, जनपथ, आराम बाग, रकाब गंज व नाथ एवेन्यू में पानी आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा पटपड़गंज, ईस्ट विनोद नगर, वेस्ट विनोद नगर, गाजीपुर गांव, मयूर विहार पाकेट एक, पाकेट दो, पाकेट तीन व मयूर विहार फेज एक में पानी आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

पहले से पानी कर लें स्टोर– जल बोर्ड ने सलाह दी है कि उपभोक्ता अपनी जरूरत के अनुसार पानी स्टोर कर लें। जरूरत पड़ने पर जल बोर्ड के केंद्रीय कॉल सेंटर में 1916 पर कॉल कर पानी का टैंकर मंगाया जा सकता है।

प्रदूषण की चिट्ठी पर आप का एलजी पर पलटवार, पूछा-भाजपा सरकार से सवाल कब करेंगे?

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा प्रदूषण को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी लिखने पर आप ने पलटवार किया है। आप ने पूछा है कि वह प्रदूषण पर भाजपा सरकार से सवाल कब करेंगे।

आप नेताओं ने उपराज्यपाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली को भयंकर प्रदूषण में छोड़कर गुजरात चले गए हैं। उपराज्यपाल प्रदूषण के मुद्दे पर मौजूदा मुख्यमंत्री की बजाए पूर्व मुख्यमंत्री को पत्र लिख रहे हैं। आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि उपराज्यपाल को यदि सवाल पूछना ही है तो मौजूदा सरकार की गतिविधियों पर सवाल करें। प्रदूषण से दिल्ली की हालत खराब है उस पर उपराज्यपाल का ध्यान नहीं है।

आप के प्रवक्ता घनेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में जब तक आप सरकार थी तब उपराज्यपाल का काम सरकार की कमियां निकालना था। अब जब प्रदूषण को लेकर भाजपा सरकार कटघरे में खड़ी है तो एलजी केजरीवाल को चिट्ठी लिख कर सवाल पूछ रहे हैं।

नोएडा में लोग कम खरीद रहे ई-वाहन? सब्सिडी भी रास नहीं आ रही

नई दिल्ली, एजेंसी। जिले में व्यावसायिक के मुकाबले निजी वाहनों की संख्या कम है। मौजूदा समय में 70 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों में ई-रिक्शा और ऑटो हैं। सरकार की सब्सिडी और रोड टैक्स माफी योजना के बाद भी निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों में रुझान नहीं है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में लगभग 12 लाख वाहन पंजीकृत हैं। इनमें इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या करीब 50 हजार है। इनमें 26 हजार से अधिक ई-रिक्शा और लगभग 10 हजार इलेक्ट्रिक ऑटो हैं। बाकी वाहनों में कार और दोपहिया वाहन शामिल हैं। इनमें भी व्यावसायिक वाहनों की संख्या ज्यादा है। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि बीते वर्ष के मुकाबले इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में इजाफा हुआ है। इनमें व्यावसायिक वाहनों की संख्या अधिक है। लोगों को घरेलू उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है।

खरीदने के ये फायदे– इलेक्ट्रिक वाहन चलने के दौरान कोई टेलपाइप उत्सर्जन नहीं करते। इससे वायु प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैसें कम होती हैं। बिजली की कीमत पेट्रोल-डीजल से कम है, इससे ईंधन का खर्च घटता है। इनमें चलने वाले पुर्जे कम होते हैं, इसलिए तेल बदलने या अन्य रखरखाव की जरूरत नहीं पड़ती। इलेक्ट्रिक मोटर बहुत शांत होती हैं, इससे ध्वनि प्रदूषण कम होता है। ड्राइविंग का अनुभव शांत और आरामदायक होता है। इलेक्ट्रिक मोटर पारंपरिक इंजन की तुलना में अधिक ऊर्जा को गति में बदलती है। इससे कम ऊर्जा की खपत होती है। यह वाहन तुरंत टॉर्क प्रदान करते हैं, जिससे वे तेजी से गति पकड़ते हैं। इंजन न होने और कम चलने वाले पुर्जों के कारण इनका रखरखाव खर्च पेट्रोल-डीजल कारों की तुलना में काफी कम होता है।

इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी– उत्तर प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी देती है। दोपहिया पर ? पांच हजार रुपये और चार पहिया वाहन पर एक लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ है। आवेदन के लिए वाहन मालिक को पोर्टल पर जाकर आवेदन करना होगा।

90त चार्जिंग प्वाइंट खराब

जानकारों के मुताबिक निजी इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में तेजी न आने की मुख्य वजह इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट की कम संख्या है। इनकी उपलब्धता पेट्रोल पंप की तरह होने के बाद ही बिक्री में तेजी आएगी। अभी लोग शहर में सफर के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदते हैं। नोएडा में 69 चार्जिंग प्वाइंट बनाए गए थे, जिनमें से 90 फीसदी खराब हैं।

दिल्ली में छात्र पर चाकू से हमला

बहन से बात करने पर भाई ने साथी संग मिलकर गोदा

नई दिल्ली, एजेंसी। समयपुर बादली इलाके में दो नाबालिगों ने शनिवार को छात्र को चाकू से गोद कर घायल कर दिया। दरअसल, घायल छात्र एक नाबालिग की बहन से फोन पर बात करता था, जिससे वह नाराज था। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज कर दोनों नाबालिगों को दबोच लिया है।

जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय वंश (परिवर्तित नाम) परिवार सहित सिरसपुर गांव में रहता है और स्थानीय सरकारी स्कूल में कक्षा दस का छात्र है। वंश ने बताया कि वह स्कूल की शाम की पाली में पढ़ने जाता था जबकि सुबह की पाली में पढ़ने वाली वंशिका (परिवर्तित नाम) से उसकी फोन पर बात होती थी। वंशिका भी कक्षा दस की छात्रा है। इस बात की जानकारी वंशिका के 16 वर्षीय भाई संदीप (परिवर्तित नाम) को मिल गई। संदीप भी इसी स्कूल में 11वीं का छात्र है। संदीप ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर शनिवार को स्कूल जा रहे वंश को रास्ते में रोक लिया। फिर दोनों ने वंश पर चाकू से ताबड़तोड़ वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गये। इस दौरान वहां काफी संख्या में लोगों के जुटने से आरोपी वहां से भाग खड़े हुए। वहां मौजूद लोगों राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने वंश की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर लिया और एसआई घनश्याम स्वामी की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को इलाके से दबोच कर जेजेबी के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। वहीं घायल की हालत खतरे से बाहर है।

नाबालिगों द्वारा अपराध को अंजाम देने की घटनाएं राजधानी में बढ़ी है। मनोवैज्ञानिकों की माने तो अभिभावकों को अपने बच्चों के क्रियाकलाप पर नजर रखने की जरूरत है। जैसे ही कोई असामान्य व्यवहार दिखाई दे तो अभिभावकों को तुरंत सतर्क हो जाना चाहिए। आज के समय में अभिभावक बच्चों के साथ ज्यादा बात नहीं करते हैं। इसका कारण समय की कमी या फिर कुछ और हो सकता है, लेकिन इसका असर बच्चों पर विपरीत पड़ता है। बच्चों से प्रतिदिन अभिभावक बात करें और अगर उसके मन में कुछ शंका है।

हादसा या साजिश: अचानक रडार से गायब सैन्य विमान बना आग का गोला ! शीर्ष कमांडर समेत 8 की मौत पर उठे सवाल

अंकारा , एजेंसी। तुर्किये के अंकारा से लीबिया जा रहा एक निजी 'फाल्कन-50' विमान उड़ान भरने के करीब 40 मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस भीषण हादसे में लीबिया के शीर्ष सैन्य कमांडर जनरल मोहम्मद अली अहमद अल-हद्दाद समेत कुल 8 लोगों की मौत हो गई।अंकारा के आसमान में जो हुआ, उसने कई सवाल खड़े कर दिए। टेकऑफ के कुछ ही देर बाद लीबिया का सैन्य विमान अचानक रडार से गायब हो गया। कुछ मिनटों बाद वही विमान आग का गोला बनकर जमीन से टकरा गया। इस रहस्यमय हादसे में लीबिया के शीर्ष सैन्य कमांडर सहित आठ लोगों की मौत ने इसे सिर्फ एक तकनीकी दुर्घटना नहीं, बल्कि संभावित साजिश के नजरिए से भी देखने को मजबूर कर दिया है। तुर्किये और लीबिया, दोनों देशों की जांच एजेंसियां अब हर एंगल से पड़ताल में जुट गई हैं। यह हादसा सिर्फ एक विमान दुर्घटना नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सैन्य और कूटनीतिक संतुलन से जुड़ा एक बड़ा सवाल बनता जा रहा है। तुर्किये के अधिकारियों के मुताबिक, विमान ने दुर्घटना से ठीक पहले इलेक्ट्रिकल सिस्टम में खराबी की सूचना दी थी। पायलट ने आपात स्थिति में विमान उतारने का अनुरोध किया, जिसके बाद विमान को वापस अंकारा की ओर मोड़ा गया। लेकिन उतरने से पहले ही विमान रडार से गायब हो गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में विमान को तेजी से नीचे गिरते और फिर आग के गोले में तब्दील होते देखा जा सकता है। वीडियो ने इस आशंका को और गहरा कर दिया है कि तकनीकी खराबी के साथ-साथ मेंटेनेंस में लापरवाही भी हादसे की वजह हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि विमान में पहले से तकनीकी दिक्कत थी, तो इतनी महत्वपूर्ण सैन्य उड़ान को अनुमति क्यों दी गई? क्या विमान की तकनीकी जांच पूरी तरह हुई थी यह अब जांच का अहम हिस्सा है। तुर्किये के न्याय मंत्रालय ने औपचारिक जांच शुरू कर दी है। वहीं लीबिया सरकार ने भी तुर्किये के साथ संयुक्त जांच के लिए एक विशेष दल अंकारा भेजने की घोषणा की है।

फाइव स्टार होटल में एयर होस्टेस की बेरहमी से हत्या, कैंची से 15 वार कर उतारा मौत के घाट

दुबई, एजेंसी। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर से रिश्तों को झकझोर देने वाली एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक लग्ज़री 5-स्टार होटल में ठहरी 25 वर्षीय रूसी एयर होस्टेस अनास्तासिया की उसके ही पूर्व पति ने कथित तौर पर कैंची से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी।मृतका अनास्तासिया रूस की लो-कॉस्ट एयरलाइन पोबेडा में फ्लाइट अटेंडेंट के रूप में कार्यरत थी। पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड के आरोप में 41 वर्षीय रूसी नागरिक अल्बर्ट मॉर्गन को गिरफ्तार किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वारदात दुबई के पॉश इलाके में स्थित वोको बोनिंगटन होटल में हुई। होटल के कमरे से अनास्तासिया का शव बरामद हुआ, जिसके शरीर, गर्दन और धड़ पर कम से कम 15 बार कैंची से वार किए जाने के निशान पाए गए। जांच एजेंसियों के अनुसार, आरोपी अल्बर्ट मॉर्गन को अपनी पूर्व पत्नी पर शक था कि वह शादी के दौरान दुबई में कथित तौर पर हाई-एंड एस्कॉर्ट के तौर पर काम कर रही थी। इसी शक और जलन ने उसे मानसिक रूप से असंतुलित कर दिया। बताया जा रहा है कि मॉर्गन एक लीगल कंसल्टेंट के रूप में काम करता था और शक के चलते वह अनास्तासिया का पीछा करते हुए दुबई पहुंचा।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने खुद को होटल का मेहमान बताकर प्रवेश किया। उसने होटल की लॉन्ड्री से एक बाथरोब चुराया और उसे पहनकर खुद को गेस्ट के रूप में पेश किया। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर एक हाउसकीपिंग स्टाफ को बहला-फुसलाकर अनास्तासिया के कमरे का दरवाज़ा खुलवाया।

रूसी जांचकर्ताओं के अनुसार, आरोपी की शुरुआती योजना सिर्फ महिला पर हरा रंग डालने और उसके बाल काटने की थी, लेकिन कमरे में पहुंचते ही दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसा में बदल गई।गुस्से और वहम में आरोपी ने अनास्तासिया पर ताबड़तोड़ कैंची से वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया, लेकिन बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और होटल की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी फुटेज व स्टाफ की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि शक और जलन जब रिश्तों पर हावी हो जाएं, तो वे इंसान को किस हद तक हैवान बना सकते हैं।

यूक्रेन पर रूस के भीषण हमले, 650 से ज्यादा ड्रोन-36 मिसाइलों से 13 इलाकों को बनाया निशाना

मास्को, एजेंसी। रूस ने यूक्रेन पर एक बड़े हमले में 650 से अधिक ड्रोन और करीब 36 मिसाइलें दागीं। 13 यूक्रेनी इलाकों में किए गए इस हमले में तीन लोग मारे गए। मृतकों में एक चार वर्षीय बच्चा भी शामिल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि हमले में यूक्रेन के 13 क्षेत्रों में घरों और बिजली ग्रिड को निशाना बनाया गया, जिससे बिजली की व्यापक कटौती हुई। इससे पहले उन्होंने शांति समझौते की दिशा में हुई हालिया प्रगति को ठोस बताया था।

जेलेंस्की ने एक पोस्ट में कहा, इस बमबारी से रूसी राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन का यूक्रेन पर हमला जारी रखने का इरादा स्पष्ट होता है। यूक्रेनी और यूरोपीय अधिकारियों ने शिकायत की है कि पुतिन अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयासों में गंभीरता से सहयोग नहीं कर रहे हैं।

रूस ने मंगलवार (23 दिसंबर) को यूक्रेन पर एक बड़े हमले में 650 से अधिक ड्रोन और करीब 36 मिसाइलें दागीं। 13 यूक्रेनी इलाकों में किए गए इस हमले में तीन लोग मारे गए। मृतकों में एक चार वर्षीय बच्चा भी शामिल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि हमले में यूक्रेन के 13 क्षेत्रों में घरों और बिजली ग्रिड को निशाना बनाया गया, जिससे बिजली की व्यापक कटौती हुई। इससे पहले उन्होंने शांति समझौते की दिशा में हुई हालिया प्रगति को ठोस बताया था। जेलेंस्की ने एक पोस्ट में कहा, इस बमबारी से रूसी राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन का यूक्रेन पर हमला जारी रखने का इरादा स्पष्ट होता है। यूक्रेनी और यूरोपीय अधिकारियों ने शिकायत की है कि पुतिन अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयासों में गंभीरता से सहयोग नहीं कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा, यह हमला रूसी प्राथमिकताओं का बेहद स्पष्ट संकेत है। क्रिसमस से ठीक पहले ऐसा हमला किया गया, जब लोग परिजनों के साथ घर में रहना चाहते हैं। वह बोले, यह हमला इस युद्ध को खत्म करने के लिए जारी वार्ता के बीच में हुआ है। इससे पता चलता है कि पुतिन यह स्वीकार नहीं कर सकते कि हमें हत्याएं बंद करनी होंगी।

शांति वार्ता में ठोस प्रगति: जेलेंस्की: यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, रूस-यूक्रेन शांति समझौते के लिए अमेरिका द्वारा पेश किए गए शुरुआती मसौदे कीव की कई मांगों को पूरा करते हैं। जेलेंस्की ने हालांकि संकेत दिया कि युद्ध को समाप्त करने के लिए होने वाली वार्ताओं में दोनों पक्षों की सभी इच्छाएं पूरी होने की संभावना कम ही है। उन्होंने समझौते की कोशिश कर रहे अमेरिकी अधिकारियों के साथ हुई हालिया बातचीत पर कहा, इस चरण में काफी ठोस प्रगति नजर आ रही है।

ट्रंप को दो अरब डॉलर दे कई दानदाताओं ने उठाया सरकारी फायदा, सुंदर पिचाई-सत्य नडेला समेत 6 भारतवंशी शामिल

वाशिंगटन, एजेंसी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में उनके सहयोगियों के साथ पसंदीदा सियासी मकसद और परियोजनाओं के लिए करीब दो अरब डॉलर जुटाए हैं। बड़े पैमाने पर जुटाया गया यह धन उनके 2024 के चुनाव अभियान के लिए जुटाई गई राशि से कहीं अधिक है। यह चौंका देने वाली राशि लेनदेन के ऐसे स्तर की ओर इशारा करती है जिसकी तुलना आधुनिक अमेरिकी इतिहास में पहली बार दिखाई दिया। इसके बदले लाभ उठाने वालों में 6 भारतवंशी भी शामिल हैं। अधिकांश धन के पीछे दानदाताओं की पहचान को कानूनी रूप से सार्वजनिक करना अनिवार्य नहीं है और कुछ मामलों में ट्रंप की टीम ने दानदाताओं को गुमनामी का प्रस्ताव भी दिया गया है। इस कारण छह भारतवंशियों में से सिर्फ गूगल के सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला के नाम का ही खुलासा हो पाया है।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा बोकारो प्रेस क्लब: उपायुक्त

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो प्रेस क्लब भवन को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा ठोस पहल की जा रही है। इसी क्रम में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कैंप टू स्थित चिन्हित भूमि पर प्रेस क्लब भवन निर्माण को लेकर जिले के विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह उपस्थित थे।

भवन निर्माण की रूपरेखा पर हुआ मंथन

बैठक के दौरान प्रस्तावित प्रेस क्लब भवन में उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने बताया कि भवन में पार्किंग व्यवस्था, रेस्टूरेंट, आधुनिक वर्क स्टेशन, गेस्ट रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि पत्रकारों को कार्य करने के लिए एक बेहतर और अनुकूल वातावरण मिल सके।

सैद्धांतिक स्वीकृति व आवंटन को लेकर दिया निर्देश

उपायुक्त ने जानकारी दी कि सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय रांची से प्रेस क्लब भवन निर्माण के लिए सैद्धांतिक अनुमति प्राप्त करने एवं आवंटन उपलब्ध कराने को लेकर लेकर जिला से पत्राचार किया गया है। उन्होंने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को इस बाबत जरूरी दिशा-निर्देश दिया, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके।

सभी पत्रकारों ने दिए सुझाव

बैठक में उपस्थित विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे। पत्रकारों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रेस क्लब पत्रकारों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उपायुक्त अजय नाथ झा ने आश्वस्त किया कि पत्रकारों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए प्रेस क्लब भवन का निर्माण कराया जाएगा और इसे जिले के पत्रकारों के लिए एक सशक्त मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। बैठक में सर्व सहमति से रांची प्रेस क्लब के बायलाज को अंगीकृत करने का निर्णय लिया गया। वहीं, पत्रकारों की एक अंतरिम समिति (एडाक कमेटी) गठित करने का निर्णय भी लिया गया।

विधायक बोकारो ने डीसी के साथ की विकास योजनाओं पर चर्चा

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो विधानसभा क्षेत्र में संचालित एवं प्रस्तावित विकास योजनाओं को लेकर बुधवार को विधायक बोकारो श्वेता सिंह ने उपायुक्त अजय नाथ झा के साथ विस्तृत चर्चा की। यह बैठक गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान विधायक बोकारो ने बोकारो एयरपोर्ट संचालन, विधायक निधि मद से सतनपुर पहाड़ पर लाइट क्रय, कालापत्थर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स व साइंस सिटी निर्माण, महिला छात्रावास निर्माण, सेक्टर-11 से धनबाद - तेलमच्छो ब्रिज तक सड़क निर्माण सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उपायुक्त ने बताया कि आने वाले दिनों में उकरीद मोड़-नया मोड़-अमृत पार्क तक के सड़क के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। साथ ही गरगा नदी महोत्सव के आयोजन तथा घरों से निकलने वाले निर्माल से अगरबत्ती निर्माण इकाई की स्थापना की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। बैठक में डीपीएलआर मेनका, एनडीसी प्रभाष दत्ता, डीपीओ राज शर्मा, डीएसओ हेमलता बून, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

राजस्व उप निरीक्षक पेटरवार अंचल के निधन पर शोक सभा आयोजित

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राजस्व उप निरीक्षक, पेटरवार अंचल स्व. दिनेश्वर मांझी के आकस्मिक निधन पर बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा के नेतृत्व में समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा के उपरांत उपायुक्त अजय नाथ झा ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्व. दिनेश्वर मांझी के श्राद्ध कर्म से पूर्व उनके परिवार को सभी देय कर्मचारी लाभ ससमय उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा जिला प्रशासन मृतक कर्मचारी के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है।

ठंड में सतर्कता बरतने का दिया निर्देश

इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वर्तमान ठंड के मौसम को देखते हुए आवश्यक एहतिहात बरतते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीडीएमओ शक्ति कुमार समेत अन्य अधिकारी - कर्मी आदि उपस्थित थे। वहीं, उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भी स्व. दिनेश्वर मांझी के निधन पर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी।

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लाभुकों को राशि भुगतान

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के अंतर्गत नवंबर 2025 के लिए जिले के लाभार्थियों को राशि का भुगतान कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले में इस योजना के तहत कुल 3,54,158 लाभार्थी महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। संबंधित राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में भेज दी गई है। इसकी जानकारी सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष ने बुधवार को दी। कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से योजना का लाभ प्राप्त हो। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करना एवं उनके सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

ठंड से बचाव को वृद्धाश्रम में कंबल का वितरण

चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो जिले में ठंड और कनकनी ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ऐसे में गरीब और असहायों की मदद के लिए प्रखंड प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में बुधवार को चंदनकियारी प्रखंड के बड़ाजोर पंचायत स्थित वृद्धाश्रम में एक राहत शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा ने स्वयं वृद्धाश्रम पहुँचकर वहां रह रहे बुजुर्गों का हाल-चाल जाना। गिरते तापमान और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए उन्होंने दर्जनों वृद्धों और असहाय लोगों के बीच गर्म कंबलों का वितरण किया। इस दौरान बीडीओ ने बुजुर्गों से उनकी अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और उनके शीघ्र निराकरण का भरोसा दिया। वितरण के उपरांत मीडिया से बात करते हुए बीडीओ अजय कुमार वर्मा ने कहा कि ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। हमारा प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुँचे। कोई भी बुजुर्ग या जरूरतमंद संसाधनों के अभाव में कष्ट न झेले, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वृद्धाश्रम में कंबल वितरण एक छोटी सी कोशिश है उन्हें यह अहसास कराने की कि प्रशासन उनके साथ खड़ा है।

रेल पुलिस ने चार चोरों को किया गिरफ्तार

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रेल यात्रियों केब किमती सामान व पैसे चुराने वाले चार चोर धरे गए। पुलिस अधीक्षक कैलाश करमाली (रेल) ने बताया, विगत 19 की रात्रि टाटा जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या-18119 में अज्ञात अपराधियों के द्वारा प्रधानखंटा रेलवे स्टेशन से ट्रेन खुलने के पश्चात ट्रेन मेचिन पुलिंग कर ए-2 कोच के पाँच सोई हुई महिला यात्रियों के लेडिज पर्स को चुरा लिया गया था। चोर को ट्रेन में यात्रियों के द्वारा पीछा किया गया तो चोर ट्रेन से उतर कर जंगल कुहासा का लाभ उठाकर भाग गये थे। इस घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक, रेल धनबाद एवं वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, धनबाद एवं वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, आसनसोल घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपाधीक्षक, रेल धनबाद के नेतृत्व में टीम गठित कर निर्देश में छापाम मैं छापामारी करते हुए काण्ड में शामिल पाँच अपराधकर्मियों में से चार अपराधकर्मी को गिरफ्तार करते हुए पाँचो लेडिज पर्स सहित उसमें रखे मोबाईल तथा अन्य सामानों को बरामद किया गया है। इस घटना में पाँच अपराधकर्मी शामिल है।

दीप जला कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी की पूर्व संध्या पर तिरंगा पार्क में दीपोत्सव, स्वच्छता अभियान व श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई। आयोजन भाजपा बोकारो जिला द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा बोकारो जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने की। पूर्व विधायक बिरंची नारायण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्रसेवा में समर्पित कर भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया। वे भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे, जिनका व्यक्तित्व, विचार और कृतित्व सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। अटल जी की शताब्दी जन्म जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन है। जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और सुशासन के लिए समर्पित रहा। पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और पवित्रता के साथ उन्होंने जिस राजनीति की परंपरा स्थापित की, वह अमृतकाल में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम में धीरज झा, संजय त्यागी, टींकू तापडिया, अवधेश यादव, बैद्यनाथ प्रसाद, अनिल सिंह, चंद्रशेखर सिंह, धनंजय चौबे, विनय किशोर, मंतोष ठाकुर, अमित सिंह, गोलू उपाध्याय, मोनू अग्रवाल, जितेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, विकाश कुमार, पन्ना लाल काण्डु , ब्रज दुबे, हरीश चन्द्र सिंह प्रकाश प्रमाणिक, अमित कुमार, पीयूष गौरव, धर्मेन्द्र महथा,,रिंकू सिंह,सरदार तेजपाल सिंह ,रंजन यादव , सोनू सिंह, रमन सिंह, कुणाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य जांच शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशन सोसाइटी टेक्निकल कैंपस, चास, बोकारो, झारखंड में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं लायंस क्लब, बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन तरसेम सिंह एवं संस्थान के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों का रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) एवं रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) की जाँच की गई। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस स्वास्थ्य जाँच शिविर में कुल 93 लोगों की जाँच की गई। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. प्रियदर्शी जरुहार सहित कॉलेज के फैकल्टी सदस्य, स्टाफ एवं कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक अपना योगदान दिया। शिविर में लायंस क्लब बोकारो के डॉ. के. के. सिन्हा एवं डॉ. प्रवीण मिश्रा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में लायंस क्लब की अध्यक्ष माधवी सिंह, सचिव सुधा किरण, जगमोहन सिंह, संतोष पांडेय, मनोरंजन कुमार, अखिलेश, भानु गिरी, विवेक रंजन, मरियम, विशाल श्रीवास्तव, गौरव गुलाटी, अमरजीत कौर, वर्षा गुलाटी, वी. के. सिंह तथा डॉ. मिथिलेश कुमार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ए.ओ. मैडम पल्लवी प्रसाद, प्रो. डॉ. अरुण कुमार बर्नवाल, प्रो. सुमन कुमारी, प्रो. सुमित कुमार पांडेय एवं एनएसएस स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

बीएसएल को औद्योगिक शहर घोषित करने के प्रस्ताव पर की समीक्षा

जनगणना 2027 को लेकर उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएसएल क्षेत्र को औद्योगिक शहर घोषित किए जाने से संबंधित प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बीएसएल को औद्योगिक नगर घोषित करने का प्रस्ताव वर्ष 2012 में प्रस्तुत किया गया था, जिसे पुनः अद्यतन कर सक्षम प्राधिकार को भेजना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रस्ताव को पुनः प्रस्तुत करते समय घोषित किए जाने वाले औद्योगिक नगर के सटीक भौगोलिक क्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक समस्या उत्पन्न नहीं हो। उपायुक्त ने कहा कि औद्योगिक शहर के प्रस्ताव में शहर के समुचित विकास के लिए आवश्यक मूलभूत एवं शहरी सुविधाओं का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए। इसमें बाजार व्यवस्था, यातायात एवं परिवहन सुविधा, आवास, जलापूर्ति, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य नगरीय अधोसंरचना को सम्मिलित करना आवश्यक है।

ईआरओ ने किया चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, रांची के निदेशानुसार बुधवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-ईआरओ (37-चंदनकियारी अनुसूचित जनजाति विधानसभा क्षेत्र) सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता, चास प्रभाष दत्ता द्वारा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने मतदान केंद्र संख्या-05 (मध्य विद्यालय, उशरडीह) तथा मतदान केंद्र संख्या-10 एवं 11 (राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सिंदूरपेटी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिन मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को मैपिंग कार्य में कठिनाई आ रही थी, वहां संबंधित बीएलओ को मौके पर बुलाकर मैपिंग कार्य को विधिवत, सही एवं व्यावहारिक रूप से समझाते हुए संपादित कराया गया। निरीक्षण के दौरान स्थल पर उपस्थित मतदाताओं से यह भी जानकारी ली गई कि क्या बीएलओ द्वारा अन्य राज्य से आए मतदाताओं के मायके के मतदान केंद्र संख्या एवं क्रमांक (सीरियल नंबर) की जानकारी प्राप्त की गई है अथवा नहीं। इस अवसर पर निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निदेशों का उल्लेख करते हुए बताया कि किसी भी पात्र नागरिक या मतदाता की किसी भी परिस्थिति में गलत मार्किंग नहीं की जानी चाहिए। साथ ही अन्य राज्य से स्थानांतरित होकर आए अथवा विवाह के पश्चात क्षेत्र में निवासरत मतदाताओं की पहचान कर उनकी पृथक सूची (एएसडी सूची) संधारित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, 37-चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (एईआरओ) को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया, ताकि मतदाताओं एवं बीएलओ के बीच समुचित संपर्क और समन्वय स्थापित हो सके तथा सभी निर्वाचन संबंधी कार्य सुचारू रूप से संपादित किए जा सकें।

स्टेट होल्डरों की बैठक में सामाजिक कुरीतियों पर हुई चर्चा

कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत भवन में बुधवार को सहयोगिनी संस्था के तत्वावधान में स्टेकहोल्डर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पंचायत के जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविकाएं और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं शामिल हुईं। बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव की बुनियादी समस्याओं की पहचान करना और उनके समाधान के लिए साझा रणनीति बनाना था। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने कई ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इसमें मुख्य रूप से बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनने में आ रही कठिनाइयां और गांव में पेयजल की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। पोंडा पंचायत के मुखिया हारु रजवार ने कहा कि किशोरियों का नेतृत्व विकास से ही बाल विवाह का अंत संभव है। उन्होंने बच्चों तथा किशोरियों के लिए विभिन्न प्रकार की सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कमलापुर की वार्ड सदस्य खीरी देवी ने जोर देते हुए कहा, 'जब तक हम समस्याओं पर खुलकर बात नहीं करेंगे, तब तक उनका समाधान संभव नहीं है।' ग्रामीण बेबी देवी ने कहा कि बैठक में समस्याओं को गंभीरता से सुना गया है और जल्द ही जन्म प्रमाण पत्र व पानी की किल्लत दूर करने का आश्वासन दिया गया है। बैठक में सामाजिक कुरीतियों, विशेषकर बाल विवाह को जड़ से मिटाने पर भी चर्चा हुई। उपस्थित महिलाओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे बाल विवाह के खिलाफ अभियान में बढ़-चढ़कर अपना सहयोग देंगी ताकि बेटियों का भविष्य सुरक्षित हो सके। वीरगोंडा की सेविका सावित्री देवी और अनीता देवी ने कहा कि जानकारी के अभाव में कई बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र लंबित थे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे प्राथमिकता के आधार पर ऐसे 5 बच्चों का प्रमाण पत्र जल्द बनवाएंगी ताकि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए। कार्यक्रम का संचालन सहयोगिनी की समन्वय कुमारी किरण ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पारू देवी, किरण देवी, पूजा देवी, यमुना देवी, संध्या देवी समेत कई ग्रामीण और सहयोगिनी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

'बेस्ट एम्प्लॉई ऑफ द मंथ अवॉर्ड' कार्यक्रम का आयोजन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के नवंबर माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के 'बेस्ट एम्प्लॉई ऑफ द मंथ अवॉर्ड' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर संयंत्र के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन एवं विशिष्ट योगदान देने वाले कुल आठ (08) कर्मचारियों को सम्मानित किया गया. सम्मानित कर्मचारियों में हैवी मेंटेनेंस मैकेनिकल विभाग के श्री महावीर चमार, एसएमएस-II एवं सीसीएस विभाग के प्रवीण कुमार, आई एंड ए विभाग के अमरलोक कुमार, हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के बिद्याधर घोष, सीआरएम-1 एवं 2 के वकील प्रसाद दास, सिंटर प्लांट के अली इमाम अंसारी, आरएम एवं एमएचपी विभाग के नारायण मांझी तथा टीई-सिक्योरिटी विभाग के मनीष दीपांकज शामिल हैं. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त तथा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण सहित संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन विभाग के वरीय अधिकारी, पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे. मानव संसाधन विभाग की सहायक प्रबंधक सुश्री सोनाली गुप्ता ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया. तत्पश्चात अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि कर्मचारियों की सफलता में उनके परिवारजनों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है. उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने नियमित दायित्वों के साथ-साथ नई चुनौतियों को स्वीकार करते हुए समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण एवं समर्पण भाव से कार्य करें. अपने संबोधन में अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने सभी कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि किसी भी चुनौतीपूर्ण कार्य के निष्पादन के दौरान सुरक्षा को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए. कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग की सहायक प्रबंधक सुश्री प्रगति कुमारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) नितेश रंजन ने किया.

खेलकूद प्रतियोगिता में मिथिला एकेडमी के बच्चों का उम्दा प्रदर्शन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल, बोकारो में 29 वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। मुख्य अतिथि राजेश कुमार झा सीजीएम सेल बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा समारोह का उद्घाटन किया गया। मशाल प्रज्वलन व खिलाड़ियों को शपथ हेड बॉय आदित्य कुमार ने दिलाई। प्रभारी प्राचार्य देव दुलाल मित्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को खेल प्रतिभा निखारने के लिए प्रोत्साहित किया । मुख्य अतिथि राजेश कुमार झा ने विजयी छात्रों को बधाई दी और कहा कि बच्चों को विभिन्न खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए. साथ ही बच्चों को उन प्रसिद्ध खिलाड़ियों के जीवन से भी प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व कर देश का गौरव बढ़ाया है. अध्यक्ष राजेंद्र कुमार कहा कि खेल से जीवन में अनुशासन सहित शारीरिक व मानसिक विकास होता है । खेलों के परिणाम स्वरुप ही भारत ने विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। शारीरिक फिटनेश, टीम वर्क और अनुशासन को बढावा देने में खेल के महत्व पर जोर दिया। सचिव दिलीप कुमार झा ने मौके पर प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि खेलकूद सौ मर्जो की एक कारगर दवा है। इससे तन और मन में स्फूर्ति आती है।उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को खेलकूद जीवन में आगे बढ़ने की सीख देता है। इसके माध्यम से खिलाड़ी देश-दुनिया में प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

दीर्घ सेवा पुरस्कार तथा सेवानिवृति के उपहारों में बदलाव करे प्रबंधन : बीएकेएस

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने बीएसएल की अधिशासी निदेशक मानव संसाधन को पत्र लिखकर लॉन्ग सर्विस अवार्ड तथा सेवानिवृति उपरांत मिलने वाले उपहार में बदलाव की मांग की है। बोकारो इस्पात संयंत्र में कर्मठ तथा लगनशील कर्मचारियों की काफी संख्या है। जिनके बल पर आज भी बोकारो इस्पात संयंत्र , सेल की श्रेष्ठ इकाईयों में से एक है। विगत कई दशक से 25 वर्ष सेवा पूरा करने वाले कार्मिकों को दीर्घ सेवा पुरस्कार के रुप में सलेम इस्पात का बर्तन सेट , उपहार स्वरुप दिया जा रहा है। जिनका मुल्य ₹4000 के आस पास है।

बीसीसीएल प्रबंधन एवं डीजीएमएस के खिलाफ झामुमो का धरना

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर कमेटी के द्वारा महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान की अध्यक्षता में बीसीसीएल प्रबंधन एवं डीजीएमएस के खिलाफ रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें ,हजारों की संख्या में झामुमो के लोग शामिल हुए और बीसीसीएल होश में आओ, धनबाद को लूटना बंद करो, धनबाद शहर को खंडहर बनाना बंद करो,लोगों का विस्थापन अब धनबाद बर्दाश्त नहीं करेगा ,डीजीएमएस हाय हाय का नारा बुलंद करते हुए धनबाद जिला परिषद से मार्च करते हुए रणधीर वर्मा चौक पर जमा हुए और केंद्रीय कोयला मंत्री एवं केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। सभी लोगों में बीसीसीएल प्रबंधन एवं डीएमएस के खिलाफ गजब का आक्रोश था... इस आक्रोश रैली एवं धरना प्रदर्शन में झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय सदस्य . नीलम मिश्रा ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बीसीसीएल एवं डीजीएमएस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा की बीसीसीएल को यह अथॉरिटी है कि वह कोयला उठाए ना की पूरे शहर और शहर वासियों का दोहन करें।आज धनबाद शहर को खंडहर के रूप में तब्दील कर दिया गया है । पहले माईनिंग सिर्फ झरिया में होता था। लेकिन आज केंदुआ, करकेंद , पुटकी,कतरास और बाघमारा सहित मटकुरिया तक का क्षेत्र कोल माइनिंग से प्रभावित है । क्या गारंटी है की बैंक मोड़ नहीं उजड़ेगा ,हीरापुर को भी खंडहर नहीं बनाया जाएगा।आज केंदुआ और झरिया के लोगों को विस्थापित करने की साजिश की जा रही है। ताकि ज्यादा से ज्यादा कोयला निकालकर केंद्र सरकार को भेजा जाय ।धनबाद अकेला ऐसा शहर है जो लाखों करोड़ रूपया टैक्स के रूप में सरकार को देता है और अरबो का कोयला धनबाद से जाता है । जिसका लाभ केंद्र सरकार सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए एवं चुनाव में खर्च करती है ।धनबाद को क्या मिला ?यहां एयरपोर्ट नहीं है एम्स नहीं है रेल की सुविधा नहीं है जो भी था उसे भी छीन लिया जाता है ।एसबीआई बैंक का हेड क्वार्टर भी छीन लिया गया । अभी केंदुआ में जो जहरीली गैस रिसाव हुआ ,दो महिला की मृत्यु हो गई ।दर्जनों अस्पताल में है इसके लिए जिम्मेवार सीधे तौर पर डीजीएमएस है। यह इनकी जिम्मेवारी है की सेफ्टी रूल्स एवं रेगुलेशंस बनाए एवं इसकी निरंतर जांच करें कि माइंस उन नियमों का पालन कर रहा है या नहीं और किसी भी तरह की त्रुटि अगर दिखती है तो तुरंत माइंस को बंद करने का नोटिस दिया जाता है । तो क्या आउटसोर्सिंग कंपनियां नियमों का पालन कर रही है? क्या डीजीएमएस किसी को नोटिस देने का हिम्मत करता है?ताकि इस तरह का एक्सीडेंट ना हो । केंदुआ और झरिया के लोग कहीं विस्थापित नहीं होंगे अगर उन्हें विस्थापित करने का प्रयास किया गया तो सड़क से सदन तक आंदोलन होगा। कोयला रोको,डगर छेको आंदोलन होगा। धनबाद से कोयला बाहर नहीं जाने दिया जाएगा.., जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री मंत्री हेमंत सोरेन का पूरा ध्यान धनबाद की जनता पर है इसलिए केंदुआ में जहरीली के गैस रिसाव का जैसे ही खबर उन्हें मिला उन्होंने मुख्य सचिव डीजीपी सहित तमाम शासन प्रशासन को केंदुआडीह भेजकर और वस्तु स्थिति की जानकारी ली। उनकी संवेदनाएं केंदूआडीह सहीत तमाम कोल माइंस प्रभावित लोगों के साथ है । कोयला मंत्री के साथ मिलकर जल्द ही स्थानीय लोगों की सुरक्षा एवं विस्थापन से रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे.... कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय सदस्य देवेन मंडल ,जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह , अजय रवानी,प्रवक्ता समीर रवानी, सह सचिव तपन तिवारी, संगठन सचिव मनोज रवानी, व्यवसाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष हरीश सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज महतो,मेराज खान,मंसूर अंसारी, धीरेन रवानी, सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145865 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com